सुप्रभात
रांची, बुधवार
13.12.2023
* नगर संस्करण | पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | अगहन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 11 | अंक : 150

12 फिल्म जीना इसी का नाम है का ट्रेलर आउट

## दुमका में बोले सीएम हेमंत सोरेन- अबुआ सरकार हमेशा आपके सुख-दुख में साथ

# केंद्र नहीं दे रहा बकाया, अब छीनना पड़ेगा अधिकार

**सरकार आपके द्वार**

- हर घर में सरकार की योजनाओं का मिल रहा लाभ
- 1035.10 करोड़ रुपये की 5358 योजनाओं का तोहफा
- लाभुकों के बीच 53.23 करोड़ की बांटी परिसंपत्ति
- ग्रामीण उद्यमिता और आजीविका को दे रहे बढ़ावा
- लोगों को हर तरह से सशक्त बनाने में जुटी सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/दुमका।** सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को दुमका में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनायी और एकबार फिर केंद्र सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड का बकाया पैसा नहीं दे रही है, जिससे यहां विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि अब लगता है कि मांगने से काम नहीं चलेगा, जिस तरह से झारखंड राज्य के लिए लड़ाई लड़ी गई उसी तरह अपने बताया पैसे को केंद्र से छीनना पड़ेगा। उन्होंने कहा, आज हर घर में सरकार की योजनाओं का मिल रहा लाभ है। राज्य में कोई ऐसा घर नहीं होगा, जहां सरकार की कोई न कोई योजनाएं नहीं पहुंची हो। अबुआ सरकार सुख दुःख में हमेशा आपके साथ है।

**राज्य को दे रहे हैं नयी दिशा :** दुमका प्रखंड के गादी कोरैया पंचायत स्थित बड़ा ढाका में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक रूप से सशक्त बना रहे हैं। राज्य के साथ पिछले दो दशकों से गरीबी और पिछड़ेपन का जो टैग लगा है, उससे निजात पाने के लिए सरकार पूरी ताकत के साथ काम कर रही है। आप सभी के सहयोग से राज्य को नयी दिशा देने का काम काम कर रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

### राज्य पर बुरी नजर डालने वालों को कभी भी बर्दाश्त नहीं करेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष लगातार उनके खिलाफ षड्यंत्र कर रहे है। षड्यंत्र रचकर हमारा ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन जब तक हम जिंदा, झामुमो जिंदा है, इस राज्य पर बुरी नजर डालने वालों को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। बाबूलाल मरांडी का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि हमारे समाज का एक व्यक्ति केंद्र का दलाल बनकर हमारे पीछे लगा है। उन्हें हमारी विकास योजना नजर नहीं आती। वह भ्रम फैलाने का काम कर रहा है कि झारखंड सरकार कुछ नहीं कर रही है।



### विपक्ष षडयंत्र में लगा है

सीएम ने कहा कि झारखंड में पिछले 20 वर्षों से जनता के हित में कोई काम ही नहीं हुए। अब जबकि विपरीत परिस्थितियों से उबर कर आज जनता की सेवा कर रहे हैं तो उनके विपक्षी दलों के पेट में दर्द हो रहा है। वह तरह-तरह के षड्यंत्र कर विकास योजनाओं को बाधित करने का काम कर रही है पर हवा को पानी को कौन बांध सका है।

### बकाया मिल जाता तो राज्य आगे बढ़ता

सीएम ने कहा कि अगर केंद्र सरकार झारखंड का बकाया दे देती तो झारखंड का काफी विकास होता। केंद्र हमारा एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये बाकी रखे हुए है। अगर यह राशि हमें मिल जाती तो रसोई गैस हम सिर्फ 500 रुपये में लोगों को देते। पेंशन की राशि जो 1000 से बढ़ाकर 2500 कर देते। उक्त राशि से बेरोजगार युवाओं को 10 लाख रुपये तक ऋण प्रदान करते। यहां तक की प्रधानमंत्री आवास की राशि उन्होंने रोक दी है। यही वजह है कि हमें अबुआ आवास योजना लानी पड़ी।

**न्यूज डायरी**

### हाइकोर्ट से सीएम को राहत बरकरार

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रिट पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो पायी, जिसके कारण अदालत आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े मामले में सीएम के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई तक विस्तार दे दिया गया। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में यह मामला सूचीबद्ध था।

### गुदड़ी के पूर्व उप प्रमुख की हत्या, छोड़ा पर्चा

**पश्चिमी सिंहभूम।** गुदड़ी प्रखंड में पूर्व उप प्रमुख कमल पूर्ति की हत्या की जिम्मेदारी मंगलवार को भाकपा माओवादियों ने ली है। माओवादियों ने पुलिस मुखबिर के आरोप में कमल पूर्ति की हत्या की है। हत्या के बाद माओवादियों ने रायगढ़ा गांव से कुछ दूर मुख्य सड़क पर हस्तलिखित पर्चे छोड़े हैं, जिसमें पुलिस का एसपीओ बताकर सजा देने की बातें लिखी गयी हैं।

### खूंटी में पेड़ से टकरायी कार, एक की मौत

**खूंटी।** तोरपा-कर्रा रोड पर रायसेमला गांव के पास मंगलवार को सवारियों से भरी इको स्पोर्ट्स कार पेड़ से टकरा गयी। इससे कार में सवार सुरेंद्र ठाकुर (50) की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि अन्य पांच अन्य लोग मामूली रूप से चोटिल हो गये।

### लोहरदगा : 20 युवाओं का जत्था बेंगलुरु रवाना

**लोहरदगा।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) 158वीं वाहिनी एवं नेहरू युवा केंद्र लोहरदगा के सौजन्य से वर्ष 2023-24 के दौरान चलाये जा रहे 15वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत मंगलवार को लोहरदगा से 10 छात्र व 10 छात्राएं सहित कुल 20 युवाओं को बेंगलुरु में आयोजित जनजातीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने को रवाना किया गया।

### डीजल लेते समय पंप पर ही वाहन में लगी आग

**मेदिनीनगर।** टाउन थाना क्षेत्र के कोऑपरेटिव चौक के पास पेट्रोल पंप पर डीजल लेने के दौरान एक पिकअप वैन में आग लगने से अफरातफरी मच पेट्रोल पंप पर तैनात कर्मियों ने उसे बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके। पुलिस और पेट्रोल पंप कर्मियों ने किसी तरह पिकअप वैन को धकेल कर पेट्रोल पंप से करीब 500 मीटर दूर किया।

### राज्यों को मिल रहा है पूरा पैसा : सीतारमण

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि केंद्र सरकार की ओर से राज्यों को पूरा पैसा दिया जा रहा है। वह लोकसभा में चालू वित्त वर्ष और 2021-22 के लिए अनुदान और अतिरिक्त अनुदान की मांगों की सूची पर चर्चा का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश के हर नागरिक के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**




## सीबीएसइ ने जारी की बोर्ड परीक्षा की डेटशीट

# 10वीं-12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से

- 10वीं की 13 मार्च और 12वीं की परीक्षा 2 अप्रैल तक
- सुबह साढ़े दस बजे से शुरू होगी परीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) ने परीक्षा की तारीख जारी कर दी है। कक्षा 10वीं (हाईस्कूल) और कक्षा 12वीं (इंटरमीडियट) की परीक्षाएं 15 फरवरी 2024 से शुरू होंगी। कक्षा 12वीं की परीक्षा 2 अप्रैल तक चलेगी। वहीं, 10वीं की परीक्षा 13 मार्च को खत्म हो जायेगी। वहीं प्रैक्टिल एक जनवरी से शुरू होकर 15 फरवरी तक चलेगा। परीक्षाएं सुबह साढ़े 10 बजे से शुरू होंगी।

**बच्चों की सुविधा का विशेष ध्यान :** सीबीएसइ सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए दो विषयों की परीक्षाओं के बीच में तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिया गया है। वहीं, परीक्षाओं की डेटशीट तैयार करते समय प्रतियोगी परीक्षाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। जेइइ मेंस की परीक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है। इसके अतिरिक्त परीक्षाओं के बीच गैप भी रखा गया है। साथ ही बोर्ड ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए लगभग दो महीने पहले डेटशीट जारी कर दिया है, ताकि उन्हें तैयारी का पूरा समय मिले।

### एक जनवरी से 15 फरवरी तक प्रैक्टिल




परीक्षा नियंत्रक के अनुसार सीबीएइ 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होगी और दो अप्रैल को परीक्षा समाप्त होगी। परीक्षाएं सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी और दोपहर 1:30 तक चलेगी। कुछ पेपर की परीक्षाएं सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी और दोपहर 12:30 तक चलेगी।

## कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आइटी रेड खत्म

# अब घर पर जमीन के अंदर की जांच शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस सांसद धीरज साहू से संबंधित ठिकानों पर छह दिनों से चल रही आइटी की छापेमारी मंगलवार को समाप्त हो गयी। सोमवार तक आयकर विभाग की टीम ओड़िशा के बोलांगीर स्थित सूदपाड़ा में बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के परिसर में छापेमारी कर रही थी। वहीं दूसरी ओर जब्त की गयी नकदी आयकर विभाग ने बोलांगीर एसबीआई शाखा में जमा करा दिया है। मंगलवार को श्री साहू के रेडियम रोड स्थित घर में जमीन के अंदर भी जेवरात छुपाये जाने की सूचना पर आइटी की टीम मंगलवार को अचानक आइटी टीम जिओ सर्विलांस सिस्टम मशीन के माध्यम से जेवरात सहित अन्य सामानों को खोजने में जुटी हुई है।



**नोट से भरे 30 आलमीरा मिले थे :** आइटी की टीम ने छह दिसंबर को धीरज साहू से संबंधित कई ठिकानों पर छापेमारी कर रुपयों से भरे 30 अलमारी बरामद किया था। उस दिन से कल तक नोटों की गिनती जारी थी। जानकारी के अनुसार, अब तक की गिनती में आंकड़ा 500 करोड़ रुपये के पार है। नोटों के अलावा 17 किलोग्राम जेवरात भी मिले हैं। हालांकि इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि आयकर विभाग की ओर से नहीं की गयी है।

**जमीन के अंदर हो सकता है खजाना :** धीरज साहू के रांची स्थित आवास पर आइटी की जांच टीम छठे दिन मंगलवार को अचानक एक मशीन लाकर धीरज साहू के कैंपस की जांच शुरू की की। बताया जा रहा है कि जमीन के अंदर भी काफी कुछ दबे होने की खबर पर टीम वहां पहुंची। टीम उनके रांची स्थित आवास के पूरे कैंपस की गहराई से जांच कर रही है। जांच के दौरान आवास के बड़े परिसर को अंधेरे में कर दिया गया था।

### कांग्रेस दोहरा रही मनी हाइस्ट की कहानी : मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से करोड़ों रुपये की बरामदगी को लेकर पीएम मोदी ने एक बार फिर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने इसे लेकर सोशल मीडिया साइट एक्स पर फिर एक मैसेज पोस्ट किया है। दरअसल, पीएम मोदी ने इस मैसेज के जरिये दुनिया भर में चर्चित स्पेन की वेब सीरिज मनी हाइस्ट की याद दिलाते हुए कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया है। उनके कहने का मतलब है कि भारत में किसी भी मनी हाइस्ट (बैंक लूट) की कहानी की जरुरत नहीं है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी पिछले 70 सालों में एक से बढ़कर एक ऐसे लूट करती रही है और कर रही है। इससे पहले भी पीएम मोदी ने धीरज साहू के खजाने की अखबार में छपी तस्वीर को साझा करते हुए लिखा था कि 'देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के भाषणों को सुनें। पीएम ने लिखा था कि जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी। यह मोदी की गारंटी है। (पेज 12 भी देखें)

# जेल में हत्या की एसआइटी जांच करायेगी सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** धनबाद मंडल कारा में कुख्यात शूटर अमन सिंह की हत्या की एसआइटी जांच होगी। झारखंड हाइकोर्ट को इस बारे में मंगलवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने बताया। धनबाद जेल हत्याकांड मामले की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। इस दौरान राज्य सरकार ने बताया कि इस मामले में एसआइटी गठित करने का निर्णय लिया है। इस पर कोर्ट ने सरकार को दो सप्ताह में एसआइटी के संबंध में विस्तृत जानकारी देने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। सरकार की ओर से अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पक्ष रखा। गत 3 दिसंबर को धनबाद मंडल कारा में ही अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। अमन सिंह धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर और कांग्रेस नेता नीरज सिंह हत्या मामले में लंबे समय से जेल में बंद था।

**एमडीएम घोटाले के आरोपी को जमानत नहीं :** उधर, मिड डे मील के 100 करोड़ रुपये गबन मामले में जेल में बंद आरोपी बिल्डर भानु कंस्ट्रक्शन के पार्टनर संजय कुमार तिवारी को फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में रहना पड़ेगा। सीबीआइ कोर्ट ने उसको एक बार फिर जमानत देने से इनकार किया है। मंगलवार को सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में उसकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने लंबे समय से जेल में रहने का हवाला देते हुए जमानत देने का अनुरोध किया। (शेष पेज 11 पर)

### छत्तीसगढ़ और एमपी में आज शपथ ग्रहण

**नयी दिल्ली।** छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और अब राजस्थान तीनों राज्यों को नया मुख्यमंत्री मिल गया है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में बुधवार को शपथग्रहण समारोह होगा। एमपी में सुबह 11 बजे नये मोहन यादव मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वहीं दोपहर दो बजे छत्तीसगढ़ में नये सीएम विष्णुदेव साय का शपथ ग्रहण समारोह होगा। दोनों समारोहों में पीएम मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ के नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य भी बुधवार को शपथ ग्रहण करेंगे। समारोह दो बजे राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में होगा। श्री साय ने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा को ऐतिहासिक जनमत दिया है। शपथ ग्रहण समारोह भी ऐतिहासिक होगा।

# सीएमओ ने इडी को भेजा पत्र, पूछा समन का आधार क्या है बताया जाये

## बार-बार समन से छवि खराब करने की कोशिश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इडी को पत्र लिखकर समन का आधार पूछा है। मंगलवार के दिन में लगभग ढाई बजे एजेंसी के दफ्तर में सीएम कार्यालय का एक कर्मी पत्र लेकर पहुंचा। पत्र में इडी के असिस्टेंट डायरेक्टर को संबोधित करते हुए सीएम के द्वारा यह पूछा गया है कि इडी किस केस में उन्हें बार-बार समन कर रही है, यह बताया जाये।

इडी से यह भी पूछा है कि उनके खिलाफ कौन से मामले में पूछताछ होनी है, उन्हें यह नहीं पता। पत्र में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि इडी को 30 नवंबर 2022 को एक हलफनामा के जरिये वह अपनी सारी चल-अचल संपत्ति की जानकारी दे चुके हैं। गौरतलब है कि इडी ने पहली बार सीएम से 17 नवंबर 2022 को पूछताछ की थी। सीएम ने पत्र में लिखा है कि इडी के बार बार समन से उनकी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है।



### पहले भी भेज चुके हैं पत्र

गौरतलब है कि इससे पूर्व में भी इडी के सहायक निदेशक देवव्रत झा को सीएम के द्वारा एक पत्र लिखा गया था, जिसमें उन्होंने इडी के राजनीतिक इस्तेमाल का आरोप लगाया था। उस दौरान इडी ने भी जवाबी पत्र के साथ उन्हें समन किया था। इसके बाद सीएम ने फिर से एजेंसी को पत्र लिखकर बताया था कि वह कानून का सहारा ले रहे हैं, कोर्ट के आदेशानुसार वह आगे की कार्रवाई करेंगे। सीएम को मंगलवार के दिन में 11 बजे एजेंसी के रांची जोनल आफिस में उपस्थित होना था, लेकिन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत दुमका-जामताड़ा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेने चले गये। उनसे पूछताछ के लिए दिल्ली से इडी के वरिष्ठ अधिकारी मंगलवार को रांची पहुंचे थे।

# भजनलाल शर्मा राजस्थान के नये सीएम होंगे

## प्रेमचंद बैरवा और दीया कुमारी डिप्टी सीएम, वासुदेव होंगे स्पीकर

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान के नये सीएम को लेकर भी भाजपा ने चौंकाने वाला फैसला किया है। नये मुख्यमंत्री की कमान सांगानेर विधायक भजनलाल शर्मा को सौंपी गयी है। वहीं, दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को डिप्टी सीएम बनाया गया है। मुख्यमंत्री और दोनों उप मुख्यमंत्री 15 दिसंबर को शपथ ग्रहण करेंगे।

वहीं, अजमेर उत्तर से विधायक वासुदेव देवनानी को विधानसभा स्पीकर बनाया गया है। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में हुई विधायक दल की बैठक में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने भजनलाल शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा। इस नाम पर सभी विधायकों ने सहमति जता दी। सीएम नामित किये जाने के बाद भजनलाल शर्मा राज्यपाल से मिले और सरकार बनाने का दावा पेश किया। (शेष पेज 11 पर)

### वसुंधरा राजे ने शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा, सभी सहमत




**15 को शपथ ग्रहण समारोह :** विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद भजनलाल शर्मा राजभवन पहुंचे और राज्यपाल से मिल सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने विधायक दल के नेता भजन लाल शर्मा को सीएम पद की शपथ के लिए आमंत्रित किया। इसके साथ ही 15 दिसंबर को राजस्थान में नये सीएम का शपथ ग्रहण होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने श्री मिश्र को राजस्थान में मुख्मयंत्री के रुप में भजन लाल शर्मा के नाम का पत्र प्रस्तुत किया। उन्हें विधायक दल का नेता चुने जाने संबंधी पत्र सौंपा। राज्यपाल को भाजपा के पर्यवेक्षक राजनाथ सिंह ने इस दौरान पार्टी के 115 विधायकों को सूची भी प्रस्तुत की। पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत भाजपा शासित प्रदेशों के सभी मुख्यमंत्री शामिल होंगे।

# पाकिस्तान में आतंकी हमला 23 सुरक्षाकर्मी मारे गये

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के सबसे ज्यादा अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार की सुबह दरबान थाने पर आत्मघाती आतंकी हमले में 23 सुरक्षाकर्मी मारे गये। जबकि, 16 सुरक्षाकर्मी घायल हो गये हैं। इस दौरान सुरक्षा कर्मचारियों ने छह आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन ने फौज की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आइसीपीआर) के बयान के हवाले से यह जानकारी दी है। आइसीपीआर के बयान में कहा गया है कि आत्मघाती हमलावरों ने दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले की सीमा से सटे अशांत डेरा इस्माइल खान जिले में दरबान थाने को निशाना बनाया। विस्फोटकों से लदे वाहन से थाने की इमारत में टक्कर मार दी और फिर मोर्टार से हमला किया। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) ने ली है। पाकिस्तान में कुछ बड़े हमलों के पीछे इस आतंकी संगठन का हाथ रहा है। टीजेपी प्रवक्ता मुल्ला कासिम ने इसे फिदायीन हमला करार दिया है।

## खबर एक नजर में

### झारखंड के 18 बालू घाटों का टेंडर फाइनल

रांची। झारखंड के 19 बालू घाटों के लिए मंगलवार को टेंडर खोला गया। इसमें कुल 18 बालू घाटों का टेंडर फाइनल किया गया जबकि एक का एक ही बिडर होने के कारण रद्द कर दिया गया। इस टेंडर में कैटेगरी-ए के 8 बालू घाट और कैटेगरी-बी के 11 बालू घाट थे। इसे लेकर झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड को सूचित कर दिया गया है। इससे संबंधित आगे की सभी कार्रवाई निगम ही करेगा।

### रमेश सिंह हत्याकांड मामले की सुनवाई जारी

रांची। एनआईए की विशेष अदालत में पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड की सुनवाई जारी है। मामले में एनआईए की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया जा रहा है। मंगलवार को मामले में 23वें गवाह के रूप में प्रदीप कुमार चौरसिया की गवाही दर्ज की गई। मामले में आज बुधवार को भी सुनवाई जारी रहेगी। मालूम हो कि रमेश सिंह मुंडा की हत्या नौ जुलाई 2008 को बुंडू के स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान नक्सलियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर, नक्सली कुंदन पाहन समेत अन्य आरोपी जेल में रहेत हुए ट्रायल फेस कर रहे हैं।

### अभय नंदन अम्बष्ठ का हुआ प्रति-परीक्षण

**मनरेगा घोटाला मामला**

रांची। मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने की आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मामले में मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में खूंटी के तत्कालीन नजारत डीसी अभय नंदन अंबष्ठ का प्रति-परीक्षण बचाव पक्ष की ओर से किया गया। बुधवार को भी गवाह का प्रति-परीक्षण जारी रहेगा। वहीं पूजा सिंघल समेत तीन आरोपियों की ओर से गवाह का प्रति-परीक्षण पूरी कर ली गई है। ईडी मामले में अब तक पूजा सिंघल के खिलाफ छह गवाहों को प्रस्तुत कर चुकी है।

### अजय कुमार का किया प्रति-परीक्षण

**अमीषा पटेल मामला**

रांची। फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष के वकील ने शिकायतकर्ता के गवाह अजय कुमार का प्रति-परीक्षण किया। मामले में अब सुनवाई के लिए 19 जनवरी की तारीख निर्धारित की है। इससे पूर्व अमीषा पटेल की ओर से कोर्ट द्वारा लगाये गये एक हजार रुपए का जुर्माना भरा गया। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता के वकील ने आगे और गवाह प्रस्तुत नहीं करने का अनुरोध किया। इसके बाद अदालत ने आगे की कार्यवाही की तारीख निर्धारित की। सूचना यह भी आ रही है कि अमीषा पटेल पैसे का भुगतान करने को तैयार है। मामले में अमीषा पटेल ने 17 जून को रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर किया था। वर्तमान में वह जमानत पर है।

### हाईकोर्ट ने सलूजा स्टील से मांगा जवाब

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने मोंगिया स्टील लिमिटेड की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए सलूजा स्टील लिमिटेड को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत अब इस मामले में सुनवाई जनवरी के तीसरे सप्ताह में करेगा। मोंगिया स्टील की याचिका में कहा गया है कि कंपनी के मालिक पगड़ी धारी सरदार हैं, अपने ब्रांड के प्रचार में वह खुद होते हैं। जिसके कारण उनका ब्रांड सरदार जी वाला सरिया के नाम से प्रचलित है। इसका फायदा उठाने के लिए उनके भाई ने वर्ष 2014-15 में सलूजा स्टील के नाम से एक अलग कंपनी बनाई। जिसमें वह सरिया का निर्माण कर रहे हैं। वह भी पगड़ी धारी सरदार हैं और सलूजा के मालिक भी अपनी फोटो के साथ अपने ब्रांड का प्रचार करने लगे, जिससे लोगों में यह भ्रम हो रहा है कि सलूजा कंपनी का स्टील मोंगिया ग्रुप का ही है। इसलिए ऐसे विज्ञापन पर रोक लगायी जाए।

झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी सीमित प्रतियोगिता परीक्षा 2023 स्थगित होने पर दी प्रतिक्रिया

# जेएमएम नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार युवाओं को ठगने का बना रही रिकॉर्ड : बाबूलाल मरांडी

**प्रदेश भाजपा ने युवाओं को बेराजगार बनाने का राज्य सरकार पर लगाया आरोप**



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बाबूलाल मरांडी ने झारखंड कर्मचारी आयोग द्वारा आगामी 16 और 17 दिसंबर को आयोजित होने वाली झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी सीमित प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को स्थगित किये जाने को जेएमएम नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार की असमर्थता बताया है। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी की असमर्थता नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे लाखों अभ्यर्थियों को राज्य की मौजूदा गठबंधन सरकार ने फिर एकबार धोखा दिया है। दरअसल, यह सरकार युवाओं को नौकरी नहीं देना चाहती है। हेमंत सरकार की न नीति साफ है, न नीयत। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी राज्य सरकार ने रघुवर सरकार द्वारा निकाली गई वेकेंसी को पूरी तरह रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जो कुछ नौकरी दे रहे वो रघुवर दास सरकार द्वारा ली गई परीक्षाओं की है। जिसे उनकी सरकार ने न्यायालयों में उलझा दिया। आज जो नियुक्तियां हो रही वह सब न्यायालय के आदेश के आलोक में हो रही है। उन्होंने कहा कि

## मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन व पुतला दहन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में लालपुर के पास जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को अगले आदेश तक निरस्त करने के विरोध में हेमंत सोरेन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, नारे बाजी करते हुये पुतला जलाया गया। मौके पर किसलय तिवारी ने कहा कि लगातार राज्य सरकार युवाओं को ठगने का काम कर रही है। इसी क्रम में फिर एक बार एक नया कारनामा करते हुये एक और परीक्षा को रद्द कर दिया गया है लेकिन, युवा मोर्चा लगातार युवाओं के मुद्दों को लेकर आंदोलन करता रहेगा। मौके पर रोमित नारायण सिंह ने कहा जब तक यह निकम्मी सरकार युवाओं को रोजगार नहीं देती है, राज्य की सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं को नहीं करवाता है, तब तक लगातार युवा मोर्चा सड़कों पर उतरकर आंदोलन करता रहेगा।



मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के रमेश सिंह, बसंत दास, जितेंद्र सिंह पटेल, नीरज सिंह, विनय सिंह बंटी, रणधीर सिंह, अमिताभ धीरज, रोहित सिंह रॉनी, सचिन साहू, प्रिंस कुमार, सनोज सिंह, पीयूष विजयवर्गीय, संजय चौधरी, सुरेश शर्मा, राहुल गुप्ता, प्रदीप सिंह सल्लू आदि दर्जनों युवा थे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव में युवाओं से प्रतिवर्ष 5 लाख नौकरी देने, बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया, वोट लिया और फिर बेरोजगार बनाकर छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि अब झारखंड के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राजनीतिक बेरोजगार बनाने को तैयार हैं।

चाईबासा मनरेगा घोटाला मामले में दाखिल जनहित याचिका पर हुई सुनवाई

# हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए ईडी ने मांगा समय

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। चाईबासा में मनरेगा घोटाले मामले मामले में दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में ईडी को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई जनवरी 2024 में दूसरे सप्ताह में निर्धारित की। दरअसल पिछली सुनवाई में कोर्ट को ईडी के अधिवक्ता ने बताया था कि मामले में ईडी ने एक ईसीआईआर केस दर्ज किया गया है, जिसका अनुसंधान जारी है। जिसपर कोर्ट ने ईडी को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट के आदेश के आलोक में आज स्टेटस रिपोर्ट दाखिल नहीं होने पर ईडी की ओर से समय की मांग की गई।

**सरकार ने की थी याचिका निष्पादित करने की मांग :** पूर्व की सुनवाई में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया था कि मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो में दर्ज 14 केस में से 13 केस में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी की ओर से जो दस्तावेज मांगे गए थे उसे राज्य सरकार ने उपलब्ध करा दिया है। जनहित याचिका में प्रार्थी का जो आग्रह था, वह पूरा हो चुका है। इसलिए याचिका निष्पादित की जाए। प्रार्थी की ओर से मनरेगा घोटाला में चाईबासा के तत्काल डीसी के श्रीनिवासन की भूमिका पर सवाल उठाया गया था।

### डीवीसी स्वीपर के पद को नियमित करे : हाई कोर्ट

रांची। सोमझती देवी और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने डीवीसी को यह निर्देश दिया कि स्वीपर के पद पर नियुक्ति को नियमित करे। न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता शौर्या द्विवेदी ने बहस की। डीवीसी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत सिंह ने बहस की। डीवीसी को निर्देश देने के बाद हाईकोर्ट ने यह याचिका निष्पादित कर दी। दरअसल डीवीसी में स्वीपर के पद पर नियुक्ति होनी है लेकिन उन पदों को नियमित नहीं करते हुए कॉन्ट्रैक्ट पर बहाली की तैयारी की जा रही थी, जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी।

1984 के सिख दंगा के पीड़ितों को मुआवजा देने का मामला

## हाईकोर्ट ने गृह सचिव व डीजीपी को वीसी के माध्यम से हाजिर होने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों को मुआवजा दिलाने एवं इससे संबंधित क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने गृह सचिव और डीजीपी को अगली सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हाजिर होने का निर्देश दिया है। अब अदालत इस जनहित याचिका पर 19 दिसंबर को सुनवाई करेगा।

**अब तक कई जिलों में पीड़ितों को मुआवजा नहीं दिया गया :** प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने कोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने अदालत को बताया कि अब तक कई जिलों में पीड़ितों को मुआवजा नहीं दिया गया है। वहीं राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने बताया कि रांची, रामगढ़, पलामू और हजारीबाग में पीड़ितों को मुआवजा दिया गया है। बोकारो में मुआवजा देने के लिए फंड जारी कर दिया गया है।


झारखण्ड सरकार
राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट/कुटियातु मोड़ पथ (रिंग रोड कौंचबोंग तक), भाया-हुण्डरू, हेथु, चन्दाघासी, मरियातु, इटे पथ निर्माण परियोजना।

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-इटे, मरियातु, कौचबोंग, थाना-नामकुम, थाना संख्या क्रमशः -306, 303, 306, अंचल-नामकुम एवं अरगोड़ा जिला-राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा- बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट/कुटियातु मोड़ पथ (रिंग रोड कौंचबोंग तक), भाया-हुण्डरू, हेथु, चन्दाघासी, मरियातु, इटे पथ निर्माण परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम- इटे, मरियातु, कौचबोंग, थाना- नामकुम, थाना संख्या क्रमशः- 306, 303, 306, अंचल- नामकुम, जिला- राँच में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश-**0.870, 0.146, 8.332,** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

मौजा-इटे

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 29 | 182 | परती कदीम | 0.305 | गैरमजरूआ मालीक | 180 | 186 | 188 | 181 |
| 2 | 6 | 183 | टाड़ दो 1 | 0.120 | मो0 मंगरी, जोजे,छटु, जातिएवं मो0 बारगी ,जोजे,साधु, एवं जेकर, वल्द,मनकु उरांव एवं मादी,गन्दीय, बिरसा वगैरह, पेशरान घासी एवं सुखराम, सोमरा, रघु ,पेशरान- चमरा उरांव, | 182 | 184 | 185 | Boundary Line |
| 3 | 21 | 185 | टाड़ दो 1 | 0.274 | साधो, संगराम, झिरगा, फागु, पेशरान-जितु | 186 | 187 | 187 | 183 |
| 4 | 21 | 186 | दोन दो 3 | 0.081 | उरांव, साधो, संगराम, झिरगा, फागु, पेशरान -जितु उरांव, | 182 | 185 | 187 | 182 |
| 5 | 11 | 187 | दोन एक 5 | 0.090 | छोटा विगुवा, वल्द-फागु एवं डोलेया, वल्द-लक्ष्मण एवं साधु, संगराम, झिरगा, फागु, पेशरान-पिरुवा उरांव, | 188 | Boundary Line | 192 | 184 |
| | | | कूल | 0.870 | | | | | |

मौजा-मरियातु

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 321 | दोन एक 32 | 0.146 | अन्तू तेली , ललीत तेली , पिता,हारिया तेली, जाति. ...... | Chandaghasi | Chandaghasi | 324-325 | Chandaghasi |
| | | | कुल- | 0.146 | | | | | |

मौजा-कौचबोंग

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 104 | 10 | दोन तीन 7 | 0.608 | सिधराई, पिता-धिरजु पहान, जाति-....... एवं एतवा, पिता-बीजा पहान, जाति-.....एवं पान्डे, सिरुआ पहान, पिता-फेलवा पहान, | 3 | 44 | 11,12 | 9 |
| 2 | 104 | 11 | परती कदीम | 0.123 | सिधराई, पिता-धिरजु पहान, जाति-....... एवं एतवा, पिता-बीजा पहान, जाति-.....एवं पान्डे, सिरुआ पहान, पिता-फेलवा पहान, | | 10,12 | 14 | 10 |
| 3 | 104 | 44 | टाड़ दो 1 | 0.511 | सिधराई, पिता-धिरजु पहान, जाति-....... एवं एतवा, पिता-बीजा पहान, जाति-.....एवं पान्डे, सिरुआ पहान, पिता-फेलवा पहान, | 10 | 41,42 | 43 | 7 |
| 4 | 116 | 45 | परती गड़हा 1 | 0.011 | पिरुआ, पिता- एवं वि उरावरसा , झिरगा उराव, सोमरा उराव, लक्ष्मण उराव .........., जाति-....... एवं फागु, पेशरान- जाति-..... | 7 | 38 | 41,40 | 46,49 |
| 5 | 116 | 41 | दोन दो 1 | 0.043 | पिरुआ, पिता- एवं वि उरावरसा , झिरगा उराव, सोमरा उराव, लक्ष्मण उराव .........., जाति-....... एवं फागु, पेशरान- जाति-..... | 45 | 39 | 42 | 45 |
| 6 | 116 | 42 | दोन दो 2 | 0.162 | पिरुआ, पिता- एवं वि उरावरसा , झिरगा उराव, सोमरा उराव, लक्ष्मण उराव .........., जाति-....... एवं फागु, पेशरान- जाति-..... | 13,43 | 39 | 15 | 41,44 |
| 7 | 116 | 39 | परती कदीम 1 | 0.449 | पिरुआ, पिता- एवं वि उरावरसा , झिरगा उराव, सोमरा उराव, लक्ष्मण उराव .........., जाति-....... एवं फागु, पेशरान- जाति-..... | 41,42 | 38 | 19 | 40,45 |
| 8 | 104 | 38 | टाड़ दो 1 | 0.370 | सिधराई, पिता-धिरजु पहान, जाति-....... एवं एतवा, पिता-बीजा पहान, जाति-.....एवं पान्डे, सिरुआ पहान, पिता-फेलवा पहान, | 39 | 63 | 37 | 58 |
| 9 | 104 | 63 | टाड़ दो 1 | 1.360 | सिधराई, पिता-धिरजु पहान, जाति-....... एवं एतवा, पिता-बीजा पहान, जाति-.....एवं पान्डे, सिरुआ पहान, पिता-फेलवा पहान, | 38 | 70 | 64 | 58 |
| 10 | 118 | 62 | परती कदीम 0 | 0.264 | गैरमजरुआ मालिक, | 63 | 60,61 | 63 | 58 |
| 11 | 17 | 70 | टाड़ दो 1 | 0.112 | पाकु मुण्डा, लहरू मुण्डा, सोमरा मुण्डा | 63 | 69 | 65,65 | 61,62 |
| 12 | 38 | 61 | टाड़ दो 1 | 0.676 | मांगा उरांव, मादी उरांव, लुधी उरांव, नागा उरांव, मादी उरांव, नारायण उरौंव, महादेव उरौंव, तोता उरांव, घासी उरांव, मादी उरौंव | 62 | 59 | 70,72 | 58 |
| 13 | 38 | 71 | दोन तीन 1 | 0.121 | मांगा उरांव, मादी उरांव, लुधी उरांव, नागा उरांव, मादी उरांव, नारायण उरौंव, महादेव उरौंव, तोता उरांव, घासी उरांव, मादी उरौंव | 61 | 61 | 70,72 | 61 |
| 14 | 38 | 60 | टाड़ दो 1 | 0.029 | मांगा उरांव, मादी उरांव, लुधी उरांव, नागा उरांव, मादी उरांव, नारायण उरौंव, महादेव उरौंव, तोता उरांव, घासी उरांव, मादी उरौंव | 62 | 59 | 61 | 58 |
| 15 | 70 | 59 | टाड़ दो 1 | 0.563 | अमरजीत बंधु कच्छप, पिता-सुधांसु कच्छप | 60,61 | 91 | 79 | 58 |
| 16 | 70 | 55 | टाड़ दो 2 | 0.311 | अमरजीत बंधु कच्छप, पिता-सुधांसु कच्छप | 52,54 | 56 | 58 | |
| 17 | 66 | 56 | टाड़ दो 4 | 2.030 | सुधिर राम नायक, पिता-गोपीराम नायक | 55 | 57 | 58 | |
| 18 | 74 | 57 | टाड़ दो 2 | 0.589 | राजु उरौंव, पति-स्व० बुधुवा उरौंव | 56 | 383 | 58 | |
| | | | कुल | 8.332 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा-उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह०/ अमीन, जि0 भू0 अ0 का0,राँची। | ह०/ कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। | ह०/ जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। | ह०/ अपर समाहर्त्ता, राँची। | ह०/ उपायुक्त, राँची।

PR 313289 (Land Reforms) 23-24 (D)


# विजेता कंस्ट्रक्शन 31 जनवरी 2024 तक पूरा करे रिम्स में निर्माण कार्य : हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने विजेता कंस्ट्रक्शन की याचिका को स्वीकार करते हुए बिल्डिंग कॉर्पोरेशन का आदेश खारिज कर दिया है। दरअसल रिम्स परिसर में पांच सौ कमरे का ब्वॉयज हॉस्टल और पांच सौ कमरों का गर्ल हॉस्टल बनाने का टेंडर मिला था। जिसके निर्माण में देर हुई। काम

**टेंडर खत्म करने का आग्रह किया खारिज**

पूरा नहीं होने के कारण टेंडर खत्म करते हुए जमा राशि जब्त कर ली गई थी। जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया कि काम लगभग पूरा कर लिया गया है इसलिए टेंडर खत्म करने का कोई औचित्य नहीं है। झारखंड बिल्डिंग कॉर्पोरेशन को पूरा किए गए काम का आकलन करने का निर्देश दिया गया था।

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि जब लगभग काम पूरा हो चुका है तो बचे हुए काम के लिए दुबारा टेंडर करने से राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान होगा। इसके साथ ही अदालत ने विजेता कंस्ट्रक्शन को निर्देश दिया है कि बचा हुआ काम किसी भी परिस्थिति में 31 जनवरी 2024 तक पूरा करें। इस मामले में विजेता कंस्ट्रक्शन की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की।

### जीएम सहित सीसीएल के कई अधिकारी बदले

सीसीएल

रांची। सीसीएल प्रबंधन ने कई अफसरों का ट्रांसफर और पोस्टिंग कर दी है। कुछ को तबादले के बाद रिलीज किया गया है। इसमें एक जीएम भी शामिल हैं। इसका आदेश अधिकारी स्थापना शाखा ने जारी कर दिया है।

**इनका हुआ तबादला :** एनके एरिया में पदस्थापित जीएम (माइनिंग) नरेश सिंह का तबादला सीसीएल से एमसीएल कर दिया गया है। उन्हें तत्काल प्रभाव से रिलीज कर दिया गया है। पिपरवार एरिया के स्टाफ ऑफिसर (माइनिंग) एस अख्तर को एनके एरिया के पुरनाडीह प्रोजेक्ट का प्रोजेक्ट ऑफिसर बनाया गया है। वे नरेश सिंह से पदभार लेंगे। अरगड्डा एरिया में पदस्थापित असिस्टेंट मैनेजर कमालिका हेम्ब्रोम को रजरप्पा एरिया का एरिया सेल्स मैनेजर बनाया गया है। हजारीबाग एरिया में पदस्थापित असिस्टेंट मैनेजर (फाइनांस) कामना यादव को 1 जनवरी, 2024 से सीएमपीडीआई के लिए रिलीज किया जा रहा है।

### 2855 विद्यार्थी सफल

रांची। मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना-2023 में राज्य के सभी जिलों से कुल 2855 विद्यार्थी सफल हुए हैं। इसमें 1386 छात्राएं एवं 1469 छात्र शामिल हैं। इसमें पलामू जिले के 322 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है। इसमें 169 छात्राएं एवं 153 छात्र शामिल हैं। झारखंड सरकार की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना को लेकर झारखंड अधिविध परिषद ने 13 अगस्त को परीक्षा आयोजित की थी। इसमें पलामू के 20 प्रखंड के विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

## राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बाबूलाल मरांडी ने दी बधाई

**भाजपा ने राजस्थान के नव मनोनित स्पीकर वासुदेव देवनानी को भी दी बधाई**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने मंगलवार को राजस्थान केलिये नव मनोनित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा एवं विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को बधाई दी है।

श्री मरांडी ने कहा कि राजस्थान की सरकार लोक कल्याण के लिए समर्पित रहेगी। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, अंत्योदय, युवा, महिला, किसान सशक्तिकरण को तेजी से धरातल पर उतारना ही मोदी की गारंटी है।

आजसू पार्टी के 498 केंद्रीय समिति सदस्यों के नाम की हुई घोषणा, पदाधिकारियों के नाम की घोषणा आज

# बेहतर झारखंड बनाने के लिए सबकी भागीदारी सुनिश्चित करेगी आजसू पार्टी: डॉ देवशरण भगत

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। केंद्रीय महाधिवेशन आजसू पार्टी की सर्वोच्च बॉडी है जहां नीतियां बनती हैं, भावी कार्यक्रम बनते हैं, संविधान में संशोधन किया जाता है और संगठन के केंद्रीय समिति और केंदीय पदाधिकारी को नया दायित्व दिया जाता है। मंगलवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. देवशरण भगत ने संबोधित कर रहे थे। डॉ देवशरण भगत ने कहा कि 29, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी



मैदान में आयोजित तीन दिवसीय पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन समापन हुआ था। जिसमें गांव, पंचायत, प्रखंड, जिला एवं केंदीय पदाधिकारी के साथ-साथ राज्य के आम नागरिक, विशेषज्ञ, बुद्धिजीवी, देश-विदेश से अपने विचारों एवं अनुभवों को झारखंड के हित के लिए एक मंच में रखा। पार्टी ने केंद्रीय महाधिवेशन को सिर्फ पार्टी का महाधिवेशन नहीं बल्कि आम जनमानस को एक वैचारिक मंच देने का काम किया था। पहली बार गांव से लेकर देश विदेश तक के लोग महाधिवेशन में भाग लिया। यह ऐतिहासिक महाधिवेशन था। इसी क्रम में संगठन के केंद्रीय समिति के सदस्यों की घोषणा केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के अनुमोदन के बाद की गई। केंद्रीय महाधिवेशन में लिये गए निर्णय के अनुसार केंद्रीय समिति में 50 प्रतिशत युवा, 30 प्रतिशत महिला के साथ साथ सभी जाति, धर्म, क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में मंगलवार को राज्य के सभी 24 जिलों से कुल 498 केंद्रीय समिति के सदस्यों के नामों की घोषणा की गई। आज बुधवार को केंद्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। पार्टी के केंद्रीय समिति में प्रदेश का चेहरा नेतृत्व के रूप में दिखाई देगा। राज्य में परिवर्तन की लड़ाई में युवाओं को आगे आना होगा। बेहतर झारखण्ड बनाने के लिए सबकी भागीदारी सुनिश्चित करेगी आजसू पार्टी।

स्पीड न्यूज

## 'ढाई आखर प्रेम की' पदयात्रा गोविंदपुर पहुंची, हुआ स्वागत



जमशेदपुर। ढाई आखर प्रेम की पदयात्रा के पांचवें दिन की शुरूआत हड़तोपा गांव से शुरू हुई। नाचते गाते और अपने गीतों के माध्यम से शहिद पुरखों को याद करते हुए यात्रा गांव से निकलकर प्राथमिक विद्यालय हड़तोपा स्कूल में बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल के बच्चों ने पद यात्रियों का स्वागत गीत से किया। इसके बाद बच्चों ने एक नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से पढ़ाई लिखाई के महत्व को बताया। इसके बाद इसके बाद विद्यालय में कार्यक्रम का संयोजन उर्मिला हसदा और रामचंद्र मारडी ने किया। कार्यक्रम के बाद यात्रा नाचते गाते आगे बढी। बीच रास्ते में चाईबासा के साथी यात्रा में शामिल हुए। इस तरह कारवां में लोग जुड़ते चले गए और यात्रा आगे बढ़ती रही। 4 किलोमीटर की यात्रा करने के बाद पदयात्री डोमजुड़ी पहुंचे। डोमजुड़ी पहुंचने के बाद पद यात्रियों की ओर से फिल्मकार तरुण मोहम्मद ने परगना हरिपोदो मुर्मू को प्रेम और श्रम का प्रतीक के भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर परगना हरिपोदो मुर्मू ने कहा कि आप सभी पद यात्रियों को ढेर सारी शुभकामनाएं। आप सभी प्रेम बांट रहे हैं यह सबसे बड़ी बात है। इसके बाद उर्मिला और राम ने सामूहिक रूप से संथाली गीत प्रस्तुत किया। गीत के माध्यम से उन्होंने कहा कि पहाड़ पर्वत फूल और पत्तों से सजे हैं। नदी झरना सजे हैं झर झर बातें पानी से। हम लोग फूलों से सजेंगे और फलों का आनंद लेंगे। दुख की घड़ी में हम एक दूसरे का सहारा बनेंगे। आने वाली पीढ़ी को प्रेम का संदेश देंगे। कार्यक्रम की कड़ी आगे बढ़ते हुए परवेज आलम ने हो भाषा में एक गीत प्रस्तुत किया। उन्होंने गीत के माध्यम से बिरसा के जीवन और उनके संघर्षों को विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने जल जंगल जमीन के प्रति बिरसा के समर्पण को भी प्रतिबिंबित किया। जल जंगल जमीन और स्वतंत्रता की खातिर उन्होंने अपने जीवन को कुर्बान कर दिया। कार्यक्रम का संचालन उर्मिला ने किया। इसके बाद डोमजुरी नाचते गाते और पर्चा बांटते हुए यात्रा गोविंदपुर स्टेशन पर पहुंची। गोविंदपुर स्टेशन पर पहुंचते ही पद यात्रियों को गांधी शांति प्रतिष्ठान के सुख चंद्र झा, कामरेड केदार दास के पोत्र अशोक लाल दास, प्रगतिशील लेखक संघ के विनय एवं रामजीवन कामद सहित गोविंदपुर के नागरिकों ने स्वागत किया।

## टाटा स्टील के गोताखोर मजहरुल बारी को किया गया सम्मानित



जमशेदपुर। टाटा स्टील के सिक्योरिटी डिपार्टमेंट में कार्यरत सुपरवाइजर सह गोताखोर मजहरुल बारी को सम्मानित किया गया है। बीते दिनों स्वर्णरेखा नदी में टाटा स्टील के कर्मचारी का एक भाई डूब गया था जिसके बॉडी को मजहरुल बारी ने बड़ी मशक्कत के बाद निकालने में सफलता हासिल की। उनकी इस मेहनत एवं जोखिम को देखते हुए टाटा स्टील के एलडी-1 विभाग के हेड गौतम दास ने प्रशस्ति पत्र देकर गोताखोर मजहरुल बारी को सम्मानित किया है।

## टाटानगर स्टेशन का पैदल मार्ग हुआ अतिक्रमण मुक्त



जमशेदपुर। सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने टाटानगर रेलवे स्टेशन के अंदर पैदल जाने वाले राहगीरों/यात्रियों के लिये बनाई गये मार्ग को रेलवे के द्वारा कोविड काल में बंद कर दिये जाने के बाद दोबारा नहीं खोलने और लोगों द्वारा अतिक्रमण कर पहुंचपथ को अवरूद्ध किए जाने एवं इससे जनता एवं यात्रियों को हो रही परेशानी को देखते हुये प्रमंडलीय रेल प्रबंधक, चक्रधरपुर को पत्र लिखकर शिकायत करते हुये ध्यानाकृष्ट कराने के पश्चात टाटानगर रेलवे के द्वारा चैम्बर के शिकायत पर संज्ञान लेते हुये इसे अतिक्रमण मुक्त कराते हुये आम जनता के खोल दिया गया है। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मानव केडिया व अभिषेक अग्रवाल गोल्डी ने संयुक्त रूप से दी।

## गणेश सोरेन के परिवार को मिलेगा मुआवजा



चांडिल। सोमवार को पिकअप वैन की धक्के से कानदरबेड़ा निवासी मृतक गणेश सोरेन के परिजनों ने एनएच 33 आशनबनी स्थित यशिका फैसिलिटी एंड मैन पावर सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के गेट को मुआवजा की मांग को लेकर कंपनी गेट को घंटों जाम कर दिया। झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक ने मुआवजा दिलाने को लेकर कंपनी प्रबंधन से वार्ता किया। कंपनी प्रबंधन की ओर से मृतक के आश्रित को ढाई लाख का मुआवजा राशि एवं आश्रित को एक नौकरी देने पर सहमति बनी।

## भुइयांडीह में 1.90 करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास



खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र के विधायक सरयू राय ने मंगलवार को भुइयांडीह, बाबुडीह, लालभट्ठा में 1 करोड़ 90 लाख 68 हजार 957 रुपए की लागत से निर्माण होने वाले पुल का शिलान्यास किया। इस पुल का निर्माण विधायक सरयू राय की अनुशंसा पर ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल के मद से किया जा रहा है। बाबुडीह, लालभट्ठा मुख्य मार्ग पर वर्तमान पुल की स्थिति काफी जर्जर होने तथा किनारे गार्डवाल नहीं होने के कारण लोगों को काफी कठिनाई होती थी। स्थानीय लोगों की मांग पर विधायक सरयू राय ने इसके निर्माण के लिए ग्रामीण विकास विभाग विशष प्रमंडल को अनुशंसा भेजी थी, जिसके परिणामस्वरूप इसका शिलान्यास हुआ है। पुल के निर्माण का शिलान्यास हो जाने पर क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी का माहौल है। बस्ती के लोगों ने सरयू राय का आभार जताया।

# जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में विंटर स्पोर्ट्स फेयर 24 से 31 तक

## उद्घाटन समारोह में रंगारंग क्रिसमस कार्निवाल में रहेगा मस्ती का इंतजाम

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। समर कैंप की तरह टाटा स्टील खेल विभाग ने अनूठी पहल करते हुए विंटर स्पोर्ट्स फेयर आयोजित करने जा रही है। 24 से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाले खेल मेला का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी के बीच फिटनेस, वेलनेस और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करना और उन्हें खेल गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना है। खेल मेला में छह से 18 साल के युवा भाग ले सकेंगे। स्पोर्ट्स फेयर सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक चलेगा, जिसमें तैराकी का सत्र सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक होगा। प्रतिभागियों के चयन के लिए खेलों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी, जिसमें तैराकी, घुड़सवारी, बैडमिंटन, क्रिकेट, रोलर स्केटिंग, लॉन टेनिस, बास्केटबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, फुटबॉल, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, योग और जुम्बा शामिल हैं। तैराकी व घुड़सवारी के लिए 400 रु., बैडमिंटन, रोलर स्केटिंग, लान टेनिस व बास्केटबाल के लिए 250, शतरंज, टेबल टेनिस, फुटबाल, एथलेटिक्स व वालीबाल के लिए 200 रु. तथा योग व जुंबा के लिए 150 रु. प्रति खिलाड़ी शुल्क रखा गया है। टाटा स्टील कार्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने बताया कि इस वर्ष से यह खेल विभाग का सालाना कैलेंडर में शामिल किया गया है। नियमित प्रतिभागियों के अलावा, विंटर कैंप में 30 विशेष बच्चों (स्पेशल ओलंपिक भारत-झारखंड के माध्यम से) और 50 सामुदायिक बच्चों को भी शामिल किया जाएगा। 24 दिसंबर को उद्घाटन समारोह में एक क्रिसमस कार्निवल होगा जिसमें सॉफ्ट प्ले एरिया, लाइव म्यूजिक बैंड और फूड स्टॉल जैसे विभिन्न आकर्षण होंगे। इसके अतिरिक्त, ऐसे माता-पिता जो चाहते हैं कि उनके बच्चे खेल को करियर के रूप में अपनाएं, उनके लिए खेल मनोविज्ञान और पोषण पर एक सत्र होगा। टाटा स्टील नोआमुंडी, कलिंगनगर और जोडा जैसे अन्य परिचालन स्थानों में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रही है।



संवाददाता सम्मेलन में फेयर की विवरणिका को प्रदर्शित करते टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट सीएस चाणक्य चौधरी, स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के चीफ मुकुल विनायक चौधरी।

# मोहरदा के बाद बिरसानगर में भी मिलेगी टाटा स्टील यूआइएसएल की बिजली

## बारीडीह के शांतिनगर, शक्तिनगर में सब-स्टेशन के स्थल चयन के लिए विधायक खुद करेंगे दौरा

- उपभोक्ता अप्लाई करें, मिलेगी जुस्को की बिजली : सरयू राय
- मोहरदा क्षेत्र के लिए केबुल बिछाने का काम शुरू
- निर्मलनगर सब-स्टेशन 15 दिनों में हो जायेगा चालू

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा लीज क्षेत्र एवं इससे सटे अन्य बस्तीयों के निवासियों को जुस्को का विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने को लेकर बनी कमिटी की बैठक मंगलवार को बिष्टुपुर स्थित विद्युत महाप्रबंधक कार्यालय में विद्युत महाप्रबंधक श्रवण कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक मे जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि मोहरदा, मुराकाटी क्षेत्र में जुस्को बिजली हेतु केबुल बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। मोहरदा ओड़िया स्कूल मैदान एवं बागुनहातु में सब स्टेशन निर्माण के लिए जमीन का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने को लेकर जुस्को द्वारा उपायुक्त से मांग की गयी है। सरयू राय ने कहा कि अनापत्ति प्रमाण पत्र शीघ्र दिलाने के लिए राजस्व सचिव एवं उपायुक्त से बात करेंगे। विधायक ने बमामाईंस के भक्तिनगर और भुइयांडीह में जुस्को बिजली देने पर जोर दिया एवं जुस्को के अधिकारियों ने इसके लिए कल फिर से फाइनल सर्वे कर सब-स्टेशन स्थल और नेटवर्क फिजीबिलिटी की बात कही। बैठक में जुस्को के अधिकारियों ने राय को बताया कि छायानगर-चंडीनगर, निर्मलनगर के लिए सब स्टेशन निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है। 15 दिनों में सब-स्टेशन चालु कर दिया जाएगा। राय के इस पहल के कारण लगभग दो हजार घरों के लोग जुस्को बिजली से लभांवित होंगे। बागुननगर क्षेत्र में विद्युत क्षमता को 2 केवीए से बढ़ाकर 10 केवीए करने के लिए विधायक राय की पहल पर बागुननगर में एक नया सब स्टेशन का निर्माण पूरा हो गया है, पावर भी चार्ज कर लिया गया है। क्षेत्र के निवासियों को बिजली कनेक्शन देने के लिए विधायक राय ने कैंप लगाकर फॉर्म वितरण करने का निर्देश दिया। अभी तक 200 लोगों ने फार्म जमा भी कर दिया है जिन्हें जुस्को द्वारा शीघ्र बिजली देने के लिए एलटी नेटवर्क डेवलप किया जा रहा है। विधायक ने बागुननगर के डी ब्लॉक, तांबा टोली में भी जुस्को बिजली देने का प्रस्ताव दिया। जिसपर अधिकारियों ने सहमति जताते हुए यथाशीघ्र कारवाई करने की बात कही। विधायक राय ने जुस्को के अधिकारियों को बिरसानगर क्षेत्र में जुस्को बिजली देने का प्रस्ताव दिया। अधिकारियों ने बताया कि आपके निर्देशानुसार, बिरसानगर, जोन नं. 10 और जोन नं. 8 के सब-स्टेशन के लिए स्थल का चयन प्रक्रिया में है। कनेक्शन देने का कार्य प्रगति पर है। बैठक में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, कार्यपालक अभियंता, जुस्को के प्रतिनिधि, जमशेदपुर अक्षेस के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



टाटा स्टील यूआइएसएल के अधिकारियों के साथ बैठक करते जेएसइबी के जीएम श्रवण कुमार और विधायक सरयू राय।

## संत अंथोनी चर्च के सामने भव्य क्रिसमस गैदरिंग आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। कुटकुडुंगरी क्रिस्चियन युथ एसोसिएशन, मानगो द्वारा जवाहरनगर, मानगो, रोड नंबर 6, संत अन्थोनी चर्च के सामने अवस्थित कुटकुडुंगरी मैंदान में क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन सामारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत अन्थोनी चर्च के फादर सुरेश मिंज ने प्रार्थना कर केक कटिंग कर शुरूआत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उलीडीह थाना प्रभारी सोनू कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक जयंत लुगून ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर और शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। मुख्य वक्ता आलोक खाखा ने प्रभु यीशु के जन्म के उसके पीछे रहस्यों का संदेश दिया। मंच संचालन अमित तिर्की ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अल्विस होरो,साबन एक्का, रोहित कुजूर, इम्मानुएल हेम्ब्रोम, अमित कच्छप, सन्नी टोप्पो, राजन कुजूर, बन्नी हांसदा, बिरसा पाडेय आदि का योगदान रहा।

## सतनाम की याचिका पर सिख दंगा मामले में हुई सुनवाई

### कोर्ट ने डीजीपी और मुख्य सचिव को सशरीर हाजिर होने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों को मुआवजा दिलाने एवं इससे संबंधित क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग की मांग को लेकर सतनाम सिंह गंभीर द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने गृह सचिव और डीजीपी को अगली सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हाजिर होने का निर्देश दिया है ताकि 1984 में हुए सिख विरोधी दंगो में हुए आपराधिक मामले में क्या कारवाई की जानकारी लीं जा सके। अब अदालत इस जनहित याचिका पर 19 दिसंबर को सुनवाई करेगा।अब तक कई जिलों में पीड़ितों को मुआवजा नहीं दिया गया है। प्रार्थी सतनाम सिंह गंभीर की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने कोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने अदालत को बताया कि अब तक कई जिलों में पीड़ितों को मुआवजा नहीं दिया गया है। वहीं राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने बताया कि रांची, रामगढ़, पलामू और हजारीबाग में पीड़ितों को मुआवजा दिया गया है। बोकारो में मुआवजा देने के लिए फंड जारी कर दिया गया है। ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के पूर्वी भारत अध्यक्ष एवं याचिकाकर्ता सतनाम सिंह गंभीर ने कहा की पीड़ितों के इंसाफ के लिए संघर्ष जारी रहेगा ।

## सिदगोड़ा सूर्य मंदिर परिसर में खेल कोर्ट को लेकर बवाल

- निर्माण कार्य का सूर्य मंदिर समिति ने किया कड़ा विरोध
- अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा- मंदिर परिसर में नहीं बनेगा खेल का मैदान





खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल शंख मैदान में बास्केटबॉल व वॉलीबॉल कोर्ट निर्माण कार्य को लेकर सूर्य मंदिर समिति आक्रोशित है। मंगलवार को मंदिर परिसर में बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल कोर्ट निर्माण की जानकारी मिलने पर सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, अमरजीत सिंह राजा, शैलेश गुप्ता, कंचन दत्ता समेत काफी संख्या में मंदिर समिति के सदस्यों व आमजनों ने इसका कड़ा विरोध किया। इस दौरान जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी को इसकी जानकारी दी गयी और शंख मैदान एवं मंदिर परिसर में किसी भी तरह के निर्माण कार्य ना करने का आग्रह किया गया। जिसके बाद काम करने आये लोग चले गए। इस घटना को लेकर एक ओर जहां स्थानीय निवासियों एवं सूर्य मंदिर समिति के सदस्यों में रोष है तो वहीं, सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने इसे विधायक सरयू राय की धर्मविरोधी मानसिकता का परिचायक बताया। उन्होंने कहा कि विधायक सरयू राय शहर के प्रसिद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल सूर्यधाम परिसर को खेल के मैदान में बदलने की गहरी साजिश कर रहे हैं। शंख मैदान में बास्केटबॉल और वॉलीबॉल कोर्ट बनाने की अनुशंसा कर सरयू राय एक धार्मिक स्थल के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं। सरयू राय बार-बार विकास कार्य के नाम पर लगातार सूर्य मंदिर में आस्था रखने वालों लाखों भक्तों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने में लगे हैं। शंख मैदान में प्रत्येक वर्ष श्रीराम कथा, महायज्ञ के साथ महापर्व छठ पूजा में व्रतधारी माताओं-बहनों के लिए सेवा शिविर लगाए जाते हैं। वहीं, इस शंख मैदान में मंदिर समिति के तत्वावधान में प्रायः कोई न कोई धार्मिक अनुष्ठान होता है।

## जैट की परीक्षा 7 जनवरी को 1.35 लाख आवेदकों ने भरा फॉर्म

जमशेदपुर। एक्सएलआरआइ समेत देश की करीब 160 बिजनेस स्कूलों में एडमिशन के लिए होने वाली जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट में इस वर्ष रिकार्ड छात्र-छात्राओंने आवेदन किया है। आवेदकों के रजिस्ट्रेशन की संख्या में 40% की वृद्धि दर्ज की गई। जैट 2024 के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या 135,000 है। पिछले कुछ वर्षों में जैट के रजिस्ट्रेशन में संख्या के लिहाज से यह अभूतपूर्व वृद्धि है। जैट 2024 का रजिस्ट्रेशन 15 जुलाई को शुरू हुआ और 10 दिसंबर, 2023 को समाप्त हुआ। जैट 2024 देश के 79 शहरों में कंप्यूटर आधारित परीक्षण मोड में 7 जनवरी 2024 को आयोजित होगा। जैट के संयोजक प्रो राहुल शुक्ला ने कहा कि जैट हमेशा विविधता का समर्थक रहा है और हमारे परीक्षण का डिजाइन इसे दशार्ता है। हमने अपने उम्मीदवारों को इस संदेश पर जोर दिया है, जो रजिस्ट्रेशन में इस ऐतिहासिक उछाल के पीछे प्रेरक कारकों में से एक हो सकता है। इस वर्ष की सफलता का श्रेय एक संगठित अभियान को दिया जा सकता है। हम जैट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, हालांकि हमने परीक्षण के मानक पर कभी समझौता नहीं किया है। इतने उम्मीदवारों को पंजीकृत होते देखना काफी उत्साहवर्द्धन करने वाली संख्या है।

# बिना शिक्षा के व्यक्ति बिना नींव वाली इमारत के समान : कुणाल

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शिक्षा के महत्व पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर के बागबेड़ा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में छात्र-छात्राओं के मानसिक तथा बौद्धिक क्षमता के विकास हेतु मंगलवार को विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।

इसमें वक्ताओं ने शिक्षा के महत्त्व विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भाजपा झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने और कुछ अलग करने के लिए सभी के लिए शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है। यह हमें जीवन के कठिन समय में चुनौतियों से सामना करने में सहायता करता है। तो वहीं, शिक्षण प्रक्रिया के दौरान प्राप्त किया गया ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति को जीवन के प्रति आत्मनिर्भर और जिम्मेदार बनाता है। कुणाल षाड़ंगी ने शिक्षा के प्रति बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना एक आदमी बिना नींव के इमारत की भांति होता है। शिक्षा मानव जीवन का अभिन्न अंग है और जिसका हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है। शिक्षा और ज्ञान न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह अर्थव्यवस्था के विकास के लिए भी आवश्यक है। आज नौकरी, व्यवसाय अथवा कोई अन्य काम को करने के लिए शिक्षा ही मूल आवश्यकता है।

यदि हमें काम की जरूरत है तो सबसे पहले हमारी शिक्षा के बारे में पूछा जाता है। दुनिया के हर क्षेत्र में शिक्षा आवश्यक है। इससे पता चलता है, हमारे जीवन में शिक्षा का क्या महत्व है। कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि शिक्षा चरित्र निर्माण के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण में भी आवश्यक भूमिका निभाती है। गोष्ठी में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान कई छात्र-छात्राओं ने वक्ताओं से सीधे प्रश्न कर जानकारी प्राप्त की। इससे पहले, मुख्य अतिथि कुणाल षाड़ंगी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य डॉ कविता परमार, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष बिजय कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य रंजय कुमार राय व अन्य गणमान्य जनों के द्वारा विद्यादायिनी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर गोष्ठी की शुरूआत की गई।

वहीं, विद्यालय की ओर से अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सभी शिक्षक के साथ सैकड़ो छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



छात्र-छात्राओं को संबोधित करते भाजपा के प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी।

## खबर एक नजर में

### शहीद बाबू गेनू जी की पुण्यतिथि पर 70 यूनिट रक्तदान



जमशेदपुर। स्वदेशी जागरण मंच की जमशेदपुर महानगर इकाई की ओर से देश के प्रथम शहीद एवं स्वदेशी आंदोलन के प्रणेता बाबू गेनू जी की पुण्य तिथि के अवसर पर जमशेदपुर ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वदेशी के 70 समर्थकों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सभी प्रमुख स्वदेशी कार्यकर्ताओं ने शहीद बाबू गेनू जी को पुष्प अर्पित किया। मंच के अखिल भारतीय सह संघर्षवाहिनी प्रमुख बन्दे शंकर सिंह ने कहा कि 1908 में बाबू गेनू जी का जन्म हुआ और वे युवा अवस्था में ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए। महज 22 वर्ष की उम्र में जब वे एक कपड़े के मिल में कार्यरत थे, तो अंग्रेजो द्वारा विदेशी कपड़ों के जत्थे को रोकने के लिए ट्रक के सामने लेट गए। तब उस समय के अंग्रेजी सार्जेंट ने उनके ऊपर से ट्रक चला दिया और वे स्वदेशी आंदोलन के लिए शहीद हो गये। स्वदेशी जागरण मंच पूरे देश मे उनकी पुण्यतिथि को स्वदेशी दिवस के रूप में मनाता है। कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के प्रांत टोली के अभिमन्यु सिंह और अमरेंद्र सिंह एवं स्वच्छता पुकारे के संस्थापक अमर सिंह ने भी रक्तदान किया। मंच में प्रमुख रूप से खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी भारत के चेयरमैन मनोज सिंह, सी बी एम डी की उत्तर पूर्व छेत्र की संयोजक मंजू ठाकुर, विचार विभाग के प्रमुख जटा शंकर पांडेय, अमित मिश्रा, महिला प्रमुख मधुलिका मेहता, केपी चौधरी, राजपति देवी, विकास सहिनी, मुकेश ठाकुर, लोकनाथ साहू, रामानंद लाल, अनिता सिंह, अमर सिंह, अभिषेक बजाज, सुनील गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### गरुड़बासा में बिजली समस्या को लेकर विधायक ने किया निरीक्षण



जमशेदपुर। जमशेदपुर प्रखंड हुरलुंग पंचायत अंतर्गत गरुड़बासा का विधायक मंगल कालिंदी ने विगत दिनो दौरा किया था। इस दौरान स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्र के बिजली की समस्याओं से अवगत कराया था जिस पर विधायक ने जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया था। इसी के तहत आज विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ गरुड़बासा क्षेत्र का निरीक्षण किया और सभी समस्याओं को विभाग के अधिकारियों से अवगत कराया और जल्द से जल्द क्षेत्र में नए ट्रान्सफॉर्मर, बिजली का पोल लगाने का आदेश दिया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि गरुड़बासा की बिजली संबंधित समस्याओं का जल्द समाधान हो जाएगा। आज अधिकारियों के साथ उक्त स्थल का निरीक्षण कर उन्हें जल्द से जल्द समाधान का आदेश दिया है। मौके पर बिजली विभाग के एसडीओ चंद्रशेखर जी, सुरेश लोहार, रमेश लोहार, कृष्णा लोहार, भरत चौधरी, अरुण सिंह, सुनील कर्मकार, पिंटू सिंह, भोजाय सोरेन, बबलु कर्मकार, महाराज कर्मकार आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### किड्स इंटरनेशनल स्कूल में एनुअल एग्जिबिशन का आयोजन हुआ



जमशेदपुर। कपाली कैंपस किड्स इंटरनेशनल स्कूल में एनुअल एग्जिबिशन झ २०२३ का आयोजन हुआ। इस मौके पर लोयोला हिंदी स्कूल के प्रिंसिपल, फादर पैंक्रास मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। स्कूल की प्रिंसिपल, रूक्षार आयशा ने मुख्य अतिथि को टोकन ऑफ लव और मोमेंटो प्रस्तुत किया। अतिथि की मौजूदगी ने बच्चो और पैरेंट्स को उल्लास से भर दिया। इसमें प्राइमरी और सेकेंडरी के बच्चों ने तरह तरह के मॉडल्स की प्रस्तुति की। बच्चों ने हिंदी, साइंस, मैथ्स, इंग्लिश, सोशल साइंस, कंप्यूटर, जी के, मोरल साइंस, और स्पोर्ट्स के सब्जेक्ट में मॉडल्स बनाए। बच्चों ने साइंस के विषय में हाइड्रोलिक क्रेन, टेलीस्कोप, होलोग्राम, चंद्रयान, शरीर के अंगो का कार्यशील मॉडल बनाया। स्कूल के डायरेक्टर, सैयद राशिद जफर ने कहा की यह प्रयास छात्रों और अध्यापकों को समाज एवं पर्यावरण की विभिन्नता समस्याओं स से संबद्ध वैज्ञानिक विचारों का सृजन करने में भी सहायक होता है। इस मौके पर सभी अध्यापक, छात्राओं और अभिभावक ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। उनके इस उत्साह का प्रिंसिपल, रुखसार आयशा ने बहुत प्रशंसा किया और धन्यवाद दिया।

### समर्पण एक सोच संस्था ने बिरसानगर की वृद्धा को अस्पताल में भर्ती करवाया



जमशेदपुर। सामाजिक संस्था समर्पण एक सोच नई दिशा की ओरद्वारा बिरसानगर में रहने वाली एक वृद्ध महिला को एमजीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। कुछ दिनों पहले बिरसानगर के स्थानीय निवासियों द्वारा सूचना मिली की एक वृद्ध मां की शारीरिक स्थिति ठीक नहीं है और बहुत बीमार भी है। संस्था द्वारा देर ना करते हुए पहले दिन वृद्ध मां से मुलाकात कर उनके लिए भोजन की व्यवस्था की गई एवं उसके बाद उन्हें एमजीएम हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया। बदले में वृद्ध मां की मुस्कान एवं उनका आशीर्वाद मिला। मौके पर मौजूद थे संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष दीपक कर्मकार महासचिव अभिषेक बेरा एवं संस्था के युवा साथीगण।

### सरायकेला : डीसी ने की अनुकंपा समिति की बैठक



सरायकेला। सरायकेला-खरसावां उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला अनुकंपा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान समिति के समक्ष 5 मामलों को रखा गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा जिला अनुकंपा समिति के आधार पर नियुक्तियों हेतु आवेदन के बारे में विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि अनुकंपा नियुक्ति हेतु पूर्व से लंबित मामलों पर गहन जांच कर उन्हें निष्पादित किए जाए। बैठक में डीडीसी प्रवीण कुमार गागराई, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला पारुल सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल गिरजा शंकर महतो तथा जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

### जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने सरकारी योजनाओं के बारे में जाना



जमशेदपुर। जमशेदपुर वूमेन'एस यूनिवर्सिटी के एनएसएस द्वारा आयोजित स्पेशल कैंप के अंतर्गत पांचवें दिन दामोडीह ग्राम में जागरूकता अभियान चलाया गया। गांव में सामाजिक कुरीतियों, शराबबंदी से संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। ग्रामवासियों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, जननी सुरक्षा योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन इत्यादि के विषय में चार्ट-पोस्टर आदि की सहायता से बताया गया। गांव की महिलाओं को महावारी संबंधित बातों से अवगत कराते हुए सेनेटरी नैपकिन आदि का वितरण किया गया। बच्चों को कॉपी पेंसिल आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एन एस एस कोऑर्डिनेटर डॉ ग्लोरिया पूर्ति, डॉ डी पुष्प लता, डॉ सुनीता कुमारी एवं डॉ छगनलाल अग्रवाल ने भूमिका निभाई।

## स्पीड न्यूज

### प्रशिक्षु एसडीपीओ और सदर थाना प्रभारी ने किया वाहन चेकिंग



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के अंतर्गत चियांकी मिशन मोड के पास जिले के एसपी रीशमा रमेशन के निर्देश पर प्रशिक्षु एसडीपीओ राजेश यादव व सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें टू व्हीलर फोर व्हीलर समेत कई वाहनों को इंश्योरेंस, ड्राइवरी लाइसेंस, फिटनेस, हेलमेट चेकिंग किया। वही 26 वाहन चालकों को ऑनलाइन चालान काटा गया। इस मौके पर सीडीपीओ राजेश यादव ने बताया कि आए दिन सड़क दुर्घटना को देखते हुए पुलिस द्वारा और डीटीओ द्वारा सभी कागजातों को चेक किया जा रहा है। ऐसे में देखा जाए तो कम उम्र के बच्चे अधिक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने बच्चों को गार्जियन से अपील किया कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को बाइक नहीं दें। मौके पर सदर थाना के पुलिस मौजूद थे।

### पांकी विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्यायें, समाधान का दिया आश्वासन



मेदिनीनगर। विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड के ग्राम आसेहार देवी मंडप के प्रांगण में उपस्थित ग्रामीणों की समस्या को सुना। ग्रामीणों ने ग्राम आसेहार के भगवा टोला और नकफटा टोला में कुछ दिनों से ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को हो रही काफी परेशानी से अवगत हुए। ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष अपनी समस्या को रखा और शिव मंदिर जो अधूरा पड़ा हुआ है उसमें मंदिर को पूरा करने के लिए सहयोग किया अपने तरफ से 1 लाख 1000 सहयोग राशि दिया और इस मंदिर कमेटी के लोगों ने फूल माला के साथ जोरदार स्वागत किया। यहां के जो भी समस्या ग्रामीणों ने बताया उसे धीरे-धीरे समाधान करने का भरोसा विधायक ने दिलाया। मौके पर कौशल किशोर चंद्रवंशी, धीरज कुमार चंद्रवंशी, राहुल कुमार, नीरज समेत कई लोग उपस्थित थे।

### डाक सेवक गये हड़ताल पर



**मोहम्मदगंज पलामू।** विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के आह्वान पर मोहम्मदगंज उपडाकघर व सहायक डाकघर के ग्रामीण डाकसेवक मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। ग्रामीण डाक सेवको के हड़ताल पर चले जाने के कारण मोहम्मदगंज उपडाकघर में कार्य प्रभावित हो गया है। वही मोहम्मदगंज उपडाकघर से जुड़े 23 शाखा डाकघर में जमा निकासी, डाक आदान प्रदान सहित सभी कार्य पूर्णतः ठप्प हो गया है। जिसके कारण विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा के एडमिट कार्ड वितरण और नियुक्ति पत्र का वितरण बाधित हो गया है। लोग परेशान है। हड़ताल पर गए डाकसेवकों ने बताया कि ग्रामीण डाक सेवको को 8 घण्टे काम पेंशन सहित सभी लाभ, ग्रुप बीमा की राशि 5 लाख करने, नियमित कर्मचारियों के समान सभी सुविधा सहित 9 सूत्री मांग शामिल है। अनिश्चितकालीन हड़ताल में मनोज राम, रामप्रताप राम, अविनाश शर्मा, मृत्युंजय प्रसाद, राकेश पाठक, संतोष कुमार सिंह, संतोष पाल, ललन, मुजामिल अंसारी, सुशील कुंवर, मीनाक्षी सहित 23 शाखा डाकघर के सभी ग्रामीण डाकसेवक शामिल है।

### पाटन : खेल में बेहतर प्रदर्शन कर आगे बढ़ें युवा खिलाड़ी : प्रतिमा देवी



**पाटन पलामू।** प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच किशुनपुर मध्य विद्यालय के मैदान में खेला गया। खेल का उदघाटन जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, पाटन प्रमुख शोभा देवी, किशुनपुर पंचायत के मुखिया सुमन गुप्ता, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा ने फिता काटकर कर किया। फाईनल मैच पंचकेड़िया पंचायत और जंघासी पंचायत टीम के बीच खेला गया। समय अभाव के कारण हार जीत का फैसला नहीं हो सका। मैच 13 दिसंबर को भी खेला जायेगा। मौके पर प्रतिमा देवी ने कहा कि खेल से युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा का निखार होता है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है बस इसे निखारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खेल में बेहतर प्रदर्शन कर युवा खिलाड़ी आगे बढ़कर अपना व क्षेत्र का नाम रौशन करें।

### मोहम्मदगंज में सरकार आपके द्वार के तहत शिविर आयोजित




**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड अंतर्गत मोहम्मदगंज पंचायत सचिवालय में फेज टू के तहत आपकी सरकार आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, बी पी ओ चंद्रशेखर कुमार, मुखिया कमला देवी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में काफी संख्या में लोग अपनी समस्या को लेकर आवेदन देने पहुंचे थे। मौके पर बीडीओ प्रियदर्शी ने स्कूली छात्राओं के बीच 10 लाभुकों को साईकल के लिए चेक प्रदान किया। शिविर में राजस्व, पशुपालन, बिजली, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, बाल विकास, आधार पंजीकरण सहित सामान्य प्रशासन के स्टाल लगाए गए थे। शिविर में कुल 567 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे सबसे ज्यादा 512 अबुआ आवास योजना के आवेदन लोगो ने जमा किये। शिविर में बीपीआरओ नोशाद आलम, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल, उपमुखिया रविरंजन सिंह, ग्राम रोजगार सेवक शमशाद अहमद, मनरेगा कर्मी जगत कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी दीपक कुमार सहित विभिन्न विभागों के कर्मी व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना में पलामू के 322 विद्यार्थी सफल



**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना में पलामू जिले के 322 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है। इसमें 169 छात्राएं एवं 153 छात्र शामिल हैं। झारखंड सरकार की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना को लेकर झारखंड अधिविध परिषद, रांची द्वारा 13 अगस्त 2023 को परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें पलामू जिले के 20 प्रखंड के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। झारखंड राज्य के सभी जिलों से 2855 विद्यार्थी सफल हुए हैं। इसमें 1386 छात्राएं एवं 1469 छात्र शामिल हैं। इसी के अंतर्गत पलामू जिले में 322 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित कर जिला का मान-सम्मान बढ़ाया है। झारखंड अधिविध परिषद (जैक) द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत आयोजित परीक्षा में नावाबाजार प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तुकबेरा टोला के 4 विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है। सफल विद्यार्थियों में दीपिका कुमारी, विकास कुमार, सनी कुमार एवं अनुष्का सोनम शामिल हैं। इसकी जानकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक बृन्दा प्रसाद गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि 2022-23 सत्र के लिए यह परीक्षा 13 अगस्त को आयोजित हुआ था। परीक्षा में शामिल विद्यालय के सभी 4 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं। प्रधानाध्यापक ने सफल अभ्यर्थियों को कॉपी एवं कलम देकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी पूर्व में भी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्णता हासिल कर स्कूल का मान-सम्मान बढ़ाया है। विद्यालय के शिक्षक रविंद्र नाथ ठाकुर ने सफल विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# चैनपुर-नेउरा रोड तत्काल बने वरना देंगे धरना : प्रथम महापौर अरुणा शंकर

### महात्मा गांधी मार्ग का चौड़ीकरण और ताड़ पेड़ हटवाये प्रशासन

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पीडब्लूडी डिविजन को पत्र लिखकर कहा कि शहर के कई अहम रोड जो पीडब्लूडी के अधीन है ना आपका विभाग बना रहा और ना निगम को बनाने की अनुमति दे रहा है जिससे कई सारी असुविधाएं हो रही है।

प्रथम महापौर ने कहा कि अपने कार्यकाल में ही मैं रेडमा चौक से डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक, पुलिस स्टेडियम, बीसफुटा पुल होते रेडमा चौक तक जो शहर का वीआईपी एवं व्यस्ततम रोड है बोर्ड द्वारा शहरी रिंग रोड घोषित करते हुए चौड़ीकरण का एस्टीमेट बनवाई थी पैसा भी उपलब्ध था। दूसरा चैनपुर थाना से लेकर निगम बॉर्डर तक रोड बनाने का प्रस्ताव तैयार कराई थी, जिसे पीडब्लूडी डिविजन द्वारा दोनों मार्ग को यह कहते हुए रोक दिया गया कि यह मार्ग हमारा है इसे मैं बनाऊंगा और 1 वर्ष बीतने के बाद भी ना अब तक पीडब्लू डिविजन द्वारा इन रोडो को बनाया जा रहा है और ना ही निगम को बनाने की स्वीकृति दे रहा है, जो दुखद है। मैं एक बार फिर पीडब्लूडी रोड डिविजन एवं उपायुक्त पलामू से अनुरोध करूंगी कि दोनों मार्ग अहम है एक शहर का लाइफ लाइन है और दूसरा उभरता शहर चैनपुर शाहपुर का लाइफ लाइन है।

इन दोनों मार्गों को यथाशीघ्र बनवाई जानी चाहिए। उन्होंने ने कहा कि चैनपुर थाना से लेकर नेउरा तक रोड इतना खराब हो चुका है जहां गाड़ी तो दूर मोटरसाइकिल से चलना भी मुश्किल हो रहा और दूसरा रेडमा चौक से डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक तक जो महात्मा गांधी मार्ग है कम से कम इतनी दूरी का भी चौड़ीकरण करना अति आवश्यक है अगर इन दोनों मार्ग पर प्रशासन ध्यान नहीं देगी तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना को तैयार रहे प्रशासन। महापौर ने कहा कि महात्मा गांधी मार्ग में रोड के बीचो-बीच एक ताड़ का पेड़ है जो हमेशा दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है जिसकी जानकारी प्रशासन को भी है।

अरूणा शंकर ने कहा कि प्रशासन अगर इस पर जल्द निर्णय नहीं लेगा तो मैं जल्द चैनपुर शाहपुर के लोगों के साथ रोड पर खुद धरने पर बैठूंगी।

### पांकी विधायक ने डॉ वीरेन्द्र कृष्ण रामबली नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उदघाटन

# खेल से युवाओं में बढ़ती है आपसी प्रतिस्पर्द्धा : विधायक डॉ शशिभूषण

खबर मन्त्र संवाददाता




**पांकी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोनवाई हाई स्कूल के मैदान में आयोजित डॉक्टर वीरेन्द्र कृष्ण रामबली नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन किया।

इस मौके पर विधायक डॉ मेहता ने आयोजन समिति को दस हजार रूपया सहयोग राशि दिया। क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन मैच ग्राम चंद्रपुर बनाम रनेभरी के बिच खेला गया। चंद्रपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से क्षेत्रीय विधायक डॉ मेहता को बुके, शॉल एवं फूलमाला के साथ स्वागत किया गया। उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुये विधायक डॉ मेहता ने कहा कि क्षेत्र मे खेल सांस्कृतिक कार्यक्रम व अध्यात्म आदि कार्यक्रमों के समय समय पर आयोजन से जीवंतता बनी रहती है। उन्होंने कहा कि खेल से युवाओं में अनुशासन व आपसी प्रतिस्पर्द्धा बढ़ती है।

साथ ही खेल आपसी समरसता को बढ़ाता है। विधायक ने कहा की खेल टूर्नामेंट खिलाडियों के प्रतिभा निखारने का उचित व महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि पांकी बिधानसभा क्षेत्र मे भी खेल का अपार संभावनायें हैं। यहां एक से बढ़कर एक प्रतिभावान खिलाडी हैं। सिर्फ जरुरत है इनकी प्रतिभा की पहचान कर उन्हें बेहतर प्लेटफार्म मुहैया कराने मे सहयोग करने की। उन्होंने खिलाडियों को खेल भावना के साथ खेलने का सुझाव देते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### सांसद ने 13 सिचाई योजनाओं का जीर्णोद्धार का ऑन लाईन शिलान्यास किया

# जनता के हित को ध्यान में रखा गया : सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** निति एवं डीएमएफटी मद से लघु सिंचाई प्रमंडल के द्वारा हुसैनाबाद स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय में पलामू जिला के विभिन्न प्रखंडो में 13 सिंचाई जीर्णोद्धार योजनाओं का शिलान्यास पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने ऑनलाइन किया। मौके पर पलामू सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, भाजपा नेता ईश्वरी पांडे, हुसैनाबाद नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, कार्यपालक अभियंता प्रेम सोरेन, सांसद प्रतिनिधि अखलेश मेहता, रंजीत पासवान व महेंद्र सिंह, राजेश कर्ण ने विधिवत पूजा पाठ कर नारियल फोड़कर किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा बताया गया था कि संसदीय क्षेत्र के विभिन्न तलाब काफी जर्जर हो गया है। पलामू सांसद वीडी राम ने इसे गम्भीरता से लेते हुए इसे मूर्तरूप देने का कार्य किया है। उन्होंने 13 तलाबों का जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया है। नीति आयोग एवं डीएमएफटी मद से सभी योजनाओं का जीर्णोद्धार का कार्य किया जाएगा। लघु सिंचाई प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रेम सोरेन ने बताया कि इससे 60 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई में वृद्धि होगी। खेतों में पानी की कमी नहीं होगी। मौके पर कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक ने अग्निकांड के पीड़िता की बेटी की शादी की जिम्मेवारी ली



हरिहरगंज पलामू। आजसू केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने शहर के न्यू सब्जी बाजार के नजदीक रहने वाली किरण देवी की पुत्री की शादी कराने की जिम्मेवारी ली है। ज्ञात हो कि पिछले 8 दिसंबर की रात खाना बनाने के दौरान किरण देवी के किराए के घर में आग लग गई थी। इससे घर में रखे नकद राशि तथा सभी सामान जलकर नष्ट हो गया था। इस घटना में अपनी लड़की के शादी के लिए रखे समान एवं अस्सी हजार नगद भी जलकर खाक हो गया था। किरण देवी विगत 14 वर्षों से किराया के मकान में रहकर तीन बेटी एक बेटा सहित पांच परिवार का भरण-पोषण करते आ रही है। पीड़िता ने पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के आवास पर आकर अपना दुखड़ा सुनाया। साथ ही लड़की की शादी करने में असमर्थता जताई। पूर्व विधायक ने द्रवित होकर पीड़िता को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे अपने खर्च पर उसकी लड़की की शादी कराएंगे। साथ ही उन्होंने अपने घर से अनाज, नकद राशि, बर्तन तथा कपड़ा देकर पीड़ित परिवार की मदद की। वहीं उन्होंने घर बनाने के लिए अपने गांव में जमीन देने का भी भरोसा दिया। पूर्व विधायक ने मकान मालिक से किराया नहीं लेने का आग्रह किया। जिसपर मकान मालिक ने किराया नहीं लेने का भरोसा दिया है।

# सभी जिलों में पार्टी के संगठन को किया जा रहा है मजबूत : कमलेश कुमार सिंह

एनसीपी के पलामू जिला कमेटी की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पलामू जिला कमेटी की बैठक मेदिनीनगर के हमीदगंज स्थित विधायक कमलेश कुमार सिंह के आवासीय परिसर में हुई। मुख्य अतिथि पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने की। संचालन जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया। बैठक में 2024 के लोक सभा व झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की मजबूती पर चर्चा की गई। कमलेश सिंह ने कहा कि प्रदेश के सभी जिले में पार्टी के संगठन पर काम हो रहा है। झारखंड में पार्टी की शुरूआत पलामू से हुई है। पलामू जिला के सभी प्रखंडों में पार्टी का संगठन मजबूत करना जिला के पार्टी पदाधिकारियों का दायित्व है। बैठक में सचिव अजीत सिंह, मनान खान, अखिलेश मेहता, अजय सिंह विनय पासवान, मनदीप राम, योगेंद्र सिंह पिपरा, जनेश्वर भुइयां, हरी भुइयां, सीता राम भुइयां, संजय भुइयां,कंधा सिंह, रवींद्र सिंह, नरेश पासवान, मिठू सिंह, संजय सिंह, रवि रंजन, भोला सिंह, वीरेंद्र सिंह, रुदा सिंह, अजीत सिंह, जियादुद्दीन खान और मनीष सिंह शामिल थे।

### हैदरनगर देवी शक्तिपीठ के सदस्यों ने न्यास बोर्ड के चेयरमैन से मिला



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर में शक्तिपीठ देवी धाम के न्यास समिति के उपाध्यक्ष विवेकानन्द सिंह के नेतृत्व में समिति के लोगो ने झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के चेयरमैन जयशंकर पाठक से मुलाकात किया। मौके पर उन्हें पुष्प गुच्छ देकर हैदरनगर देवी धाम को न्यास से जोड़ने के लिए बधाई दिया। देवी धाम न्यास समिति के उपाध्यक्ष विवेकानन्द सिंह ने कहा कि हिंदू न्यास समिति द्वारा हैदरनगर समिति हो जाने से मंदिर परिसर का सुरक्षा एवं यहां आने वाले श्रद्धालुओं को व्यवस्था मिलेगी। साथ ही सुप्रसिद्ध मंदिर को राज्य भर के मंदिरों जैसा स्थान प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि चेयरमैन द्वारा जल्द ही इस दिशा में बेहतर पहल करने का आश्वासन दिया गया। विदित हो कि हैदरनगर देवी धाम इस क्षेत्र में ही नही, बल्कि एक वर्ष चैत्र एवं शरदीय नवरात्र यहां 15-15 दिन का मेला का आयोजन होता हैं जिसे भूत मेला भी कहा जाता हैं। मान्यता हैं कि इस मेले में शैतानी हरकत से मुक्ति मिलती हैं और उससे भी अद्भुत यहां इससे मुक्ति पाने के लिए झारखण्ड, बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश समेत कई राज्यो से श्रद्धालुओं की भीड़ होती हैं। मौके पर हैदरनगर देवी धाम समिति के सचिव रामश्रय सिंह, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, कृष्ण गुप्ता कई लोग शामिल थे।

### श्रीराम इंश्यूरेंस कंपनी ने मृतक की पत्नी को दिया 15 लाख का चेक



**नौडीहा पलामू।** श्रीराम लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने नौडीहा बाजार प्रखंड के खरडिहा निवासी स्व रवीन्द्र सिंह के मृत्यु होने के बाद मृतक के पत्नी प्रमिला देवी को 15 लाख रूपये का चेक दिया। वहीं उनकी बेटी को सेल्स आफिसर में नौकरी भी दी। कंपनी के मैनेजर शुभम कुमार ने कहा कि कंपनी का यह सोच है कि डेथ क्लेम मामले में मृतक के परिजनों को कम दिनों में राशि भुगतान किया जाय। बताया जाता है कि रवीन्द्र सिंह के मौत ठंड लगने के दौरान हो गया था। जिसके बाद जांच पड़ताल करते हुए कंपनी ने सही पाया। मौके पर कंपनी के सेल्स मैनेजर यतीश पाठक, उपभोक्ता फोरम के जज बद्री नारायण सिंह, जय गोबिंद सिंह, अल्का प्रीतम मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति परीक्षा मे राजकीय कृत उच्च विद्यालय सिक्की कला से दो छात्र का हुआ चयन

**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखण्ड अंतर्गत स्थित राजकीय कृत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय सिक्की कला के नवीं कक्षा की छात्रा सह स्कूल के बाल सांसद के प्रधानमंत्री चंचल कुमारी और मंटू कुमार का चयन मुयमंत्री मेघा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2023 में स्कूल से कुल 15 छात्र छात्राएं शामिल हुए थे जिसमें दो लोग चयनित हुए। मौके पर मेराल पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी ने गिफ्ट देकर सम्मानित किया। पूछे जाने पर छात्रा चंचल ने इसका श्रेय स्कूल के शिक्षक के साथ अपने माता पिता और अपनी बहन को दी है। घर पर पढ़ाने में चंचल के बड़ी बहन पूजा कुमारी और कंचन काफी मदद करती रही हैं। मंजू देवी ने कहा कि छात्रा चंचल कुमारी पढ़ाई के प्रति काफी मेहनतशील रहती हैं।

# राशन गबन मामले में उजाला समूह पर प्राथमिकी

### खबर मंत्र में प्रकशित अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा शीर्षक समाचार का असर

**उंटारी रोड पलामू। (अमित कुमार चौधरी)।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत ग्राम डेवडर के जन वितरण प्रणाली समूह उजाला एसएचजी अनुज्ञप्ति संख्या 07/10 पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। ज्ञात हो की उक्त समूह के राशन कार्ड धारियों ने तीन माह के राशन गबन का आरोप लगाया था, जिस खबर को हिंदी दैनिक खबर मंत्र ने तीन दिसंबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा संबंधित समूह को जाँच कर निलंबित किया गया था। जाँच में उक्त समूह पर 82 क्विंटल राशन रिकवरी का आदेश पारित किया था जिस पर समूह द्वारा 40 क्विंटल राशन की भरपाई की गयी और शेष खाद्यन्न की भरपाई के लिए पुनः प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने दिनांक 28/10/23 पत्रांक 02 के माध्यम से दो दिनों का समय दिया था परंतु शेष खाद्यन्न की भरपाई नहीं करने पर पुनः हिंदी दैनिक खबर मंत्र में अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा शीर्षक खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके आलोक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने मंगलवार को स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया है। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया की राशन वितरण में अनियमितता बर्दास्त नही किया जायेगा। दोषी डीलरों पर इसी तरह करवाई होती रहेगी।



**अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा, नहीं मिला बकाया खाद्यान्न**

उंटारी रोड पलामू। प्रखंड अंतर्गत डेवडर में जन वितरण प्रणाली दुकानदार की मनमानी और अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा देखने को मिला। चार महीने बाद भी लाभुकों को बकाया राशन वितरण नहीं किया गया। ज्ञात हो कि उजाला महिला स्वयं सहायता समूह के कार्ड धारियों ने 3 माह के राशन घोटाले का आरोप लगाया था जांचउपरांत उक्त समूह को निलंबित कर 82 क्विंटल राशन रिकवरी कर प्राथमिकी दर्ज करने का जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने आदेश पारित किया था, परंतु अभी तक लाभुकों को राशन नहीं मिला और ना ही उक्त समूह पर कानूनी कार्रवाई किया गया। इस कारण कार्डधारियों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार से फोन पर संपर्क किया परंतु कोई जवाब नहीं मिला।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नेतृत्व में निकला जनआक्रोश रैली

खबर मन्त्र संवाददाता




**छतरपुर पलामू।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नेतृत्व में जनआक्रोश रैली निकालकर उनके हत्याराको फांसी देने का मांगकिया गया। ज्ञात हो की राजस्थान करनी सेना के अध्यक्ष सुखदेव गोगामड़ी की 5 दिसंबर को गोली मार कर हत्या कर दी गई थी उसी को लेकर छतरपुर करणी सेवा के नेतृत्व में कैंडल मार्च व श्रद्धांजलि सभा की गई। यह रैली बस स्टेशन छतरपुर से बाजार होते हुए सरईडिह मोड तक किया गया लोगो ने हत्यारा को जल्द से जल्द फांसी देने का नारे लगा रहे थे। इस रैली में अखिल क्षत्रिय महासभा के प्रदेश सचिव रणजीत सिह, सिंटू सिंह कामाख्या सिंह, अनिल सिंह, बैजनाथ सिंह, प्रमोद सिंह, गुड्डु सिंह, चिंटू सिंह, विकाश सिंह, मित्तल सिंह, योगेंद्र सिंह, मोनू, अमित, सहित कई लोग शामिल थे।

# पुरस्कार से मिलती है और बेहतर करने की प्रेरणा : बीडीओ

### कठौतिया माइंस ने किया गुरूकुल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




प्रतिभागी को पुरस्कृत करते बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद।

**पंडवा पलामू।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस प्रबंधन द्वारा मानवाधिकार सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को पाटन मोड़ स्थित गुरूकुल स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पड़वा प्रखण्ड के बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता व संचालन सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने किया। मौके पर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि पुरस्कार मिलने से और बेहतर करने की प्रेरणा जागृत होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा प्रस्तुत भाषण यह साबित कर रहा है कि गुरूकुल स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका बच्चों को पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ उन्हें संवारने में जुटे हुए हैं। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि बच्चों को रटंत नहीं बच्चों में समझ विकसित हो इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि कभी भी भेदभाव की दृष्टिकोण से किसी को न देखें। अमीर गरीब सभी जाति धर्म के लोगों को जीने का समान अधिकार है। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बच्चों को के मानवाधिकार विषय पर प्रतियोगिता आयोजित करने की सराहना की। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि कंपनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति निरंतर संवेदनशील होकर काम करतीं हैं। बच्चों की प्रतिभा विकसित हो इसी उद्देश्य को लेकर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रशांत कुमार को प्रथम, लक्ष्मी कुमारी को द्वितीय व शिवम कुमार मिश्रा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। तीनों सफल प्रतिभागियों को बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने पुरस्कृत किया। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी दिया गया। इस मौके पर सुमित कुमार, अदिति, लोकेश, अनुज सिंह, कृष्णा पाठक, सीमा श्रीवास्तव, रूपेश सिंह, साकेत पांडेय, सहेन्द्र साव, नेहा, संध्या, अभिलाषा, अनु, विजयालक्ष्मी, प्रिंस सिंह, देवेन्द्र सिंह, चंदन मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

# पाटन प्रखंड के राजहरा पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन पाटन प्रखंड के राजहरा पंचायत में किया गया। शिविर का उदघाटन पाटन जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन बीससुत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय, झारखंड मुक्ति मोर्चा के पाटन प्रखंड के सचिव कमेश पाण्डेय, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा, राजहरा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर का संचालन धीरज सिंह ने किया। शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों के आवेदन लिये गये। शिविर में निःशुल्क साईकिल वितरण के तहत दस छात्राओं को सांकेतिक चेक दिया गया। दो बच्चों का बाल विकास विभाग के द्वारा अन्नप्रासन किया गया एवं दो महिलाओं का गोद भराई का रश्म किया गया। शिविर में धोती साड़ी का वितरण आपूर्ति विभाग के द्वारा किया गया। शिविर में पाटन बीडीओ एवं सीओ ने सभी उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में मुखिया अजय पासवान ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। शिविर में पाटन अंचल विभाग के सभी राजस्व कर्मचारी, बीपीआरो कामेश्वर मेहता, आवास कोडिनेटर शीवम कुमार, पन्द्रहवीं वीत कोडिनेटर चितरांगद कुमार, मनरेगा बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर, लेखा सहायक दीपक तिवारी सहित प्रखंड के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल आज से

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता अंतर्गत जिला स्तरीय महिला/पुरुष फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन 13 से 15 दिसंबर 2023 तक किया जायेगा। यह प्रतियोगिता सीएम उत्कृष्ट प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में खेली जायेगी। 13 दिसंबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन दोपहर 01 बजे होगा। वहीं समापन 15 दिसंबर 2023 को होगा। उक्त जानकारी जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा ने दी।

### राम मंदिर से आये पवित्र अक्षत की शहर के विभिन्न मंदिरों में हुई पूजा



**गुमला।** बजरंग दल गुमला के नेतृत्व में राम मंदिर अयोध्याय से आये अक्षत का नगर के शिव मंदिर मुरली बगीचा, पंचमुखी हनुमान मंदिर विंध्याचल नगर, बूढ़ा महादेव मंदिर करमटोली में विधिवत रूप से संकल्पों के साथ पूजा की गयी। जिसमें हनुमान चालीसा पाठ और महाआरती भी की गयी। 21 जनवरी और 22 जनवरी को भव्य रूप से बूढ़ा महादेव मंदिर सहित पुरे गुमला नगर में दीपोत्सव मनाया जायेगा। गुमला नगर के सभी हिन्दूओं के घरों में दीपावली मनेगी। मौके पर निरंजन कुमार, मुकेश सिंह, रविंद्र सिंह, विपुल गुप्ता, रोहित कुमार, रामदेव सिंह, कुणाल कुमार, रवि नायक, गौतम नायक, विक्की पंडित, विनय गुप्ता, प्रकाश मंत्री आदि थे।

### बदरी गांव पहुंची सरकार आपके द्वार



**घाघरा।** प्रखंड के बदरी गांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम में वन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, बाल विकास परियोजना सहित कई अन्य विभागों के स्टॉल लगाये गये। जिसमें आवश्यकतानुसार ग्रामीणों ने आवेदन भरकर जमा किया। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से अवगत कराते हुए लाभ पहुंचाना है। मौके पर मुखिया फिरंगी उरांव, पंचायत सेवक शंकर खेरवार, पंसस दसमनिया उरांव, बीपीओ पुष्पा टोप्पो, राजेश्वरी देवी, अशोक कुमार, कृष्णा लोहरा समेत पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### आंदोलनकारी महासभा की बैठक आज

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक 13 दिसंबर दिन बुधवार को 11:00 बजे से समाहरणालय के सामने यूक्लिप्टस मैदान में होगी। उक्त जानकारी मंगलवार को झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के जिला संयोजक प्रो विनोद भगत, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किंडो, सचिव विशेषण भगत, प्रवक्ता अनिल कुमार भगत, चैतू मुंडा, दशरथ उरांव, मनोज उरांव, सोमनाथ उरांव, जगदीश उरांव, रूस्तम खान, दिनेश साहू, भोला भगत, आनंद उरांव, सुखदेव उरांव, सीता उरांव, बालोमनी बाखला, अजीत खाखा, तारा खलखो, रामधनी भगत, राजू गुप्ता, सुखराम भगत, बिमलावती कुमारी, लक्ष्मी देवी, भोला भगत, सूरज मोहन लकड़ा ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दी है। वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, प्रधान महासचिव कयूम खान सहित कई गण्यमान्य भाग लेंगे।

### दो सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**लोहरदगा।** जिले में दो सड़क दुर्घटना में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। जिले के बगडू थाना क्षेत्र के हिसरी जाने वाले पथ में जोड़ा अंबा के पास दो बाइक की भिड़ंत में सुरेश मुंडा (34) की इलाज के दौरान मौत हो गयी। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इधर, दूसरी घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के कांडरा न्यू जय माता होटल के समीप खड़ी ट्रक पर बाइक सवार अंकित उरांव (19) ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जिले में पिछले तीन दिनों में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो चुकी है।

### कार्यक्रम में भाग लेने युवा बैंगलोर रवाना



**लोहरदगा।** जिले में 158वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं नेहरू युवा केंद्र, लोहरदगा के सौजन्य से वर्ष 2023-24 के दौरान चलाये जा रहे 15वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के क्रम में मंगलवार को लोहरदगा से 10 छात्र व 10 छात्राएं, कुल 20 युवाओं को बैंगलोर (कर्नाटक) में आयोजित जनजातीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने हेतु रवाना किया गया। जहां पर उन्हें देश के अन्य हिस्सों से आए जनजातीय युवाओं से मिलकर उनके रहन सहन, संस्कृति, क्षेत्रीय विशेषताओं के बारे में जानने तथा लोहरदगा (झारखंड) की संस्कृति व रहन-सहन से दूसरों को अवगत कराने का अवसर मिलेगा।

### महिला फुटबॉल मैच आयोजित



**भंडरा।** नई चेतना में महिला एवं लिंग पर आधारित हिंसा के विरूद्ध जागरूकता के उद्देश्य से भंडरा प्रखंड अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडरा के खेल मैदान में जेएसएलपीएस के तत्वावधान में भंडरा संकुल संगठन एवं धनामुंजी संकुल संगठन के बीच एक महिला फुटबॉल मैच किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता केरकेट्टा, डीएम एसडी विनोद होरो एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विजय प्रसाद आदि भी थे।

# अल्पसंख्यक विद्यालय में गलत तरीके से हुए शिक्षक नियुक्ति का स्थानीय ग्रामीणों ने किया विरोध, पादरी के रूम में जड़ दिया ताला

- मामला लूथरन उच्च विद्यालय चैनपुर का, स्थानीयता को नहीं मिली प्राथमिकता
- योग्य उम्मीदवार के रहते कुडू से लाकर कर दी गयी नियुक्ति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** अल्पसंख्यक विद्यालयों में शिक्षक नियुक्ति का मामले हमेशा संदेह के घेरे में रहा है। विद्यालय प्रबंधन वैसे लोगों को शिक्षक नियुक्त कर देते हैं जो उनके चेहते होते हैं। ऐसे स्थिति में सही पात्र का चयन नहीं हो पाता है। ऐसा ही एक मामला चैनपुर के लुथरन उच्च विद्यालय में नागरिक शास्त्र विषय के शिक्षक नियुक्ति मामला का सामने आया है। जिसमें विद्यालय के सचिव नवीन बेक व पूर्व पादरी बेलस लकड़ा एवं प्रबंधन समिति के द्वारा नियुक्ति नियमावली को ताक में रख कर अपने चहेते उम्मीदवार का चयन कर दिया गया। जिसके विरोध में कलीसिया के सैकड़ो लोगों ने मंगलवार को आक्रोशपूर्ण धरना प्रदर्शन करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के खिलाफ तख्ती लेकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने पादरी बेलस लकड़ा व पादरी नवीन बेक के खिलाफ नारे लगाये और पादरी के आवास पर ताला लगाकर सील कर दिया। कलीसिया के लोगों का कहना है कि शिक्षक नियुक्ति में विद्यालय प्रबंधन के सचिव नवीन बेक के द्वारा सारे नियमों को ताक में रख कर अपने चहते उम्मीदवार पूर्व पादरी बेलस लकड़ा की पत्नी रोशनी कुजूर को चयन कर लिया गया है। जो की लोहरदगा जिले के कुडू क्षेत्र की रहने वाली है। जिसका नियुक्ति सरासर गलत है। डायसिस के लोगों का कहना था कि स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देते हुए शिक्षक नियुक्ति किया जाना था। लेकिन एक साजिश के तहत पूर्व पादरी बेलस लकड़ा की पत्नी रोशनी कुजूर का चयन गलत तरीके से कर लिया गया।



शिक्षक नियुक्ति को लेकर विरोध प्रदर्शन करते लोग।

**खास बातें :** शिक्षक नियुक्ति में स्थानीय को प्राथमिकता देने की बात को लेकर तीन दिन पूर्व बैठक कर एक ज्ञापन विद्यालय के सचिव नवीन बेक व प्रधानाध्यापिका प्रतिमा एक्का को दिया गया था। आवेदन देने के बाद भी स्थानीय लोगों की एक भी नहीं सुनी गई। पादरी नवीन बेक व पूर्व पादरी बेलस लकड़ा एवं प्रबंधन समिति के द्वारा अपने लाभ के कारण स्थानीय लोगों को दरकिनार करते हुए अपने चहेते उम्मीदवार लोहरदगा के कुडू निवासी रोशनी कुजूर का चयन कर लिया गया। जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश उमड़ पड़ा। लोगों का कहना है कि जब स्थानीय लोग उसे पद के लिए काबिल है तो बाहर से बुलाकर नियुक्ति कर देना सरासर गलत है हम ऐसा होने नहीं देंगे। इधर बताते चले कि चैनपुर क्षेत्र के आरसी विद्यालयों में शिक्षक नियुक्ति को लेकर आए दिन इस तरह के मामले सामने आते हैं। प्रबंधन समिति के ऊपर हमेशा से आरोप लगते आया है कि वे अपने चहेते कैंडिडेट की नियुक्ति स्थानीयता को दरकिनार कर करा देते हैं। इस बात का एक शुरू से ही ग्रामीणों ने पुरजोर विरोध किया है। इसके बावजूद इस तरह के मामले दिन प्रतिदिन देखने को मिलते हैं। हमारे स्थानीय पढ़े लिखे लोग रोजगार के अभाव के कारण यहां से पलायन कर रहे हैं और कुछ लोग निजी स्वार्थ के कारण ही दूसरे दूसरे जगह के लोगों को यहां के आरसी विद्यालयों में नियुक्ति कर रहे हैं। मगर अब ऐसा नहीं चलेगा स्थानीयता को पहले प्राथमिकता देनी ही पड़ेगी। लोगों ने यह भी कहा कि अगर हमारे मंडली पेरिस में योग उम्मीदवार नहीं है तो गुमला रांची लोहरदगा से लाकर नियुक्ति करायी जा सकती है।

# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, रोष

## घटना में संलिप्त युवक गिरफ्तार, प्रेस कान्फ्रेंस कर एसडीपीओ ने दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** शहर के लोहरदगा रोड में किराये के मकान पर रह रहे युवक अयुब शेख पर जानलेवा हमला किया गया। जिसे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने घटना को लेकर गुमला थाना में कांड दर्ज कराया। जिसके आधार पर पुलिस ने मृतक के किराये के बगल में घर निवासी 25 वर्षीय मेहंदी हसन उर्फ गोल्डेन को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया। इस संबंध में मंगलवार को एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि कांड अंकित होने के बाद मामले के उदभेदन के लिए थाना प्रभारी बिनोद कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेह के आधार पर बगल के कमरे में किराये पर रह रहे मेहंदी हसन उर्फ गोल्डेन को गिरफ्तार किया। पूछताछ के क्रम में मेहंदी हान ने घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की। घटना के संबंध में गिरफ्तार मेहंदी हसन ने बताया कि उसके घर से मृतक ने 40 हजार रूपये की चोरी कर ली थी। चोरी गये पैसे को बार-बार मृतक से मांगा गया लेकिन उसके द्वारा नहीं दिये जाने पर गुस्से में आकर क्रिकेट बल्ला से मारकर सोमवार की रात उसको जख्मी कर दिया।



गिरफ्तार युवक के साथ एसडीपीओ व थाना प्रभारी।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का जनता लाभ उठायें : डॉ रामेश्वर

- कैरो के हनहट में आयोजित कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखंड के ग्राम पंचायत हनहट स्थित बुनियादी विद्यालय लिप्टस बगान मैदान में मंगलवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में राज्य के खाद्य आपूर्ति एवं वित्त विभाग के मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, रोहित प्रियदर्शी उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, एसडीओ अमित कुमार, बीडीओ पवन कुमार महतो, डॉ राकेश कुमार, सहित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य भर के जनता के बीच जाकर उनकी जरूरतों को समझना और आवश्यकता की पूर्ति करना है। सरकार का दायित्व है कि आम जनता की जरूरतों को पूरा की जा सके और इसी सोच के साथ आम जनता के लिए सरकारी योजनाओं के विभागवार स्टोल लगाकर सभी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को आपके समीप बुलाया गया है ताकि एक ही जगह हर विभाग चाहे जनवितरण हो, जमीन, मनरेगा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, शिक्षा, बालविकास व अन्य जिस विभाग की जिसको जरूरत है सभी विभाग यहां मौजुद हैं। जिनके पास ग्रामीण अपनी आवेदन जमा कर लाभ ले सकते हैं।



लाभुक को चेक देते मंत्री डॉ उरांव व अन्य।

# वाहन में लादकर बूचड़खाना भेजे जा रहे 23 पशुओं को पुलिस ने किया जब्त, वाहन चालक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सिसई पुलिस ने वाहन से तस्करों के द्वारा बुचड़ खाना में वध करने ले जा रहे 23 पशुओं को जब्त किया। साथ ही वाहन चालक रांची जिला के चान्हों थाना क्षेत्र के पंडरी गांव निवासी मुर्तजा अंसारी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में मंगलवार को गुमला थाना में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि सिसई पुलिस को गुप्त सूचना मिली पशु तस्करों के द्वारा एक कत्थे रंग के आईसर कंपनी के चार पहिया वाहन से पशुओं को लादकर बूचड़खाना वध करने के लिए ले जा रहे हैं। जिसपर वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी व सअनि अनवर अंसारी सशस्त्र बल के साथ सोमवार की रात्रि करीब चार बजे सिसई चौक में वाहन जांच शुरू की। इसी बीच गुमला की ओर से पशु लादकर आ रहा वाहन पुलिस के इशारा करने पर भी नहीं रूकी तो वाहन का पीछा कर उसे महुआडीपा के पास पकड़ा गया। जिसमें वाहन चालक मुर्तजा अंसारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार चालक ने बताया कि वाहन मालिक सवानी कुरैशी व पशु तस्कर रांची के विक्की कुरैशी के द्वारा छतीसगढ़ के टांगरटोली से वाहन में पशुओं को क्रूरतापूर्वक लोड कर रांची भेजा जा रहा था।



गिरफ्तार वाहन चालक के साथ एसडीपीओ, सिसई व गुमला थाना प्रभारी।

### मिशन बदलाव सदस्यों ने किया 2 यूनिट रक्तदान

**गुमला।** मिशन बदलाव के जितेश मिंज और विक्रम नायक ने सदर अस्पताल गुमला में इलाजरत मरीज के जीवन रक्षा को लेकर मंगलवार को रक्तदान किया। मरीज के परिजनों को ब्लड की जरूरत थी और गुमला में बहुत लोंगो से संपर्क करने पर कुछ समाधान नहीं हुआ। उसके बाद मिशन बदलाव के जितेश और विक्रम को पता चला कि मरीज को ब्लड की जरूरत है और स्थिति की गंभीरता को देख तुरंत सदर अस्पताल गुमला में जाकर रक्तदान किया और उनके परिजनों को विस्वास दिलाया कि कभी अन्य चीजों का जरूरत हो तो जरूर समपर्क करें। जितेश मिंज और विक्रम नायक ने कहा कि किसी अनजान लोंगो और जरूरतमंद की मदद करने से दिल को सुकून मिलता है और लगता है कि हमारा जीवन का मूलभूत उद्देश्य पूरा हो रहा है।

### फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार



**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने कांड संख्या 147/148/149 सहित कई धाराओं के प्राथमिक अभियुक्त वकील खान पिता यासीन खान ग्राम चैनपुर आजाद बस्ती के घर पर ग्रामीणों की उपस्थिति में ढोल नगाड़ा बजाते हुए इश्तेहार चिपकाया और उनके परिजनों से उसे पुलिस या कोर्ट के समक्ष एक महीना के अंदर सरेंडर करने की अपील की। वहीं ग्रामीणों से भी पुलिस ने अपील करते हुए कहा कि आप सभी उसे जागरूक करते हुए सरेंडर करने को कहें। वहीं अगर तय समय पर उनके द्वारा सरेंडर नहीं किया जाता है तो उनके घर की कुर्की जब्ती की जायेगी।

### सीएम का पुतला फूंका गया



**लोहरदगा।** जेएसएससी द्वारा 16 एवं 17 दिसंबर 2023 को होने वाली झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा स्थगित होने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा लोहरदगा के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन शहरी क्षेत्र के बरवाटोली में किया गया। इस परीक्षा में 2025 पदों कि नियुक्ति होनी थी जिसमें कुल साढे छः लाख विद्यार्थियों ने फार्म भरा था परीक्षा स्थगित होने के विरोध में युवा मोर्चा एवं विद्यार्थियों के द्वारा जमकर नारेबाजी कर कहा गया कि आयोग नियुक्ति परीक्षा के आयोजन करने में असमर्थ है नियुक्ति परीक्षा अंतिम समय में स्थागित करने से छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय होता दिख रहा है विद्यार्थियों की आयु सीमा बढ़ती चले जा रही है जिसके कारण विद्यार्थियों को आगे चलकर कठिनाई एवं बेरोजगारी का सामना करना पड़ सकता है यदि छात्र एवं युवा विरोधी सरकार होश में नहीं आई तो युवा मोर्चा लोहरदगा छात्र एवं युवाओं के लिए सड़क लेकर सदन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

## जल्द होगा एस एस हाई स्कूल रोड का निर्माण: दामोदर कसेरा

- निर्माण कार्य आरंभ नहीं होने पर चेंबर करेगा आंदोलन
- नप प्रशासक से चेंबर अध्यक्ष ने की वार्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा है कि जल्द ही एसएस हाई स्कूल मार्ग का निर्माण कार्य आरंभ होगा। सड़क निर्माण को लेकर नगर परिषद के प्रशासक से वार्ता हुई है। जिसमें प्रशासक ने इस माह मे कभी कभी भी टेंडर कराने की बात कही है। अगर जल्द ही टेंडर नहीं निकाला गया तो नगर परिषद के विरोध में चेंबर जोरदार आंदोलन शुरू करेगा। वहीं श्री कसेरा ने कहा कि दूषित शहर के मेन रोड सहित कई अन्य स्थानों में दूषित जल का सप्लाई हो रहा है। जिसपर प्रशासक ने तुरंत अपने विभाग को निर्देश दिया कि पीएचडी के साथ बैठक कर इस समस्या का समाधान कर लिया जायेगा। ज्ञात हो कि काफी दिनों से गुमला नगर मे दूषित जल का सप्लाई हो रहा है। पीएचडी के साथ चेंबर दो तीन स्थानों मे दूषित पानी की जँच कराया तब जाकर दूषित पानी का फॉल्ट पकड़ाया है।

### बैठक आज

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति, जिला समिति एवं प्रखंड समिति, नगर समिति, महिला समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यगण की एक बैठक 13 दिसंबर को 11 बजे से लोहरदगा आजसू कार्यालय में रखी गयी है। बैठक में विगत दस दिसंबर को रांची में जो सैकड़ों पुराने नेता एवं सदस्यगण की घर वापसी एवं नए सदस्यों का जो आगमन पार्टी में हुआ हैं, उन सभी का स्वागत किया जायेगा। 17 को पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि पर लोहरदगा नगर में उनके प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जायेगी।

## किसान व वैज्ञानिकों के बीच पुल हैं लैंपस प्रतिनिधि : सूरज सिन्हा

>> लैंपस प्रतिनिधियों का आयोजित 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर के द्वारा लैंपस प्रतिनिधियों का आयोजित 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इफको के क्षेत्रीय राज्य विपणन प्रबंधक श्री सूरज सिन्हा ने किया। मौके पर श्री सिन्हा ने लैंपस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग किसानों एवं वैज्ञानिकों के बीच पुल का कार्य कर रहे हैं। जिससे विभिन्न तकनीकों को किसानों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। साथ ही साथ आपके द्वारा दिए जा रहे गुणवत्ता युक्त खाद एवं बीजों का उपयोग कर किसान लाभविन्त हो रहे हैं। विभिन्न लोकल स्थान पर लैंप्स की उपस्थिति होने से किसानों को आसानी से बीज एवं खाद मिल जाता है।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रखंडों में लगे शिविर

- ऑन द स्पॉट हो रहा समस्याओं का समाधान
- आमजनों को मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों अंतर्गत पंचायतों में शिविर का आयोजन कर लाभुकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से अच्छादित किया गया एवं कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। मंगलवार को गुमला जिला अंतर्गत गुमला सदर के कलिगा पंचायत, भरनो के दक्षिणी भरनो पंचायत, रायडीह के पीबो पंचायत, नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 14 में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविरों में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए गए। इनमें शिविर में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, श्रम विभाग समेत अन्य विभागों के स्टॉल लगे। जिनमें काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शिविर में पहुंच विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन समर्पित किये गये। वहीं कई शिविरों में विधायक, जिले के वरीय अधिकारियों एवं संबंधित बीडीओ और सीओ ने लाभुकों के बीच गर्म पोशाक का वितरण, कंबल का वितरण, पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण, ऋण वितरण, बीज वितरण समेत अन्य योजनाओं का लाभ दिया। जेएसएलपीएस के समूह के बीच ऋण वितरण भी किया गया। अब 13 दिसंबर को घाघरा प्रखंड के रुकी पंचायत में शिविर लगाया जायेगा।



लाभुक को योजना का चेक देते विधायक, पूर्व शिक्षा मंत्री व अन्य।

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें सभी ग्रामीण: जिप सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत स्थित मध्य विद्यालय के समीप मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार तृतीय चरण का कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिप सदस्य राधा तिर्की, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम, मुखिया दिलीप उरांव, सांसद प्रतिनिधि परमेश्वर भगत सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। वहीं आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया था। जिसमें अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय खाद्य मिशन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणककरी योजनाओं का अलग अलग स्टॉल लगाया गया था। वही जीप सदस्य राधा तिर्की ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीणों का विकास के लिये विभिन्न तरह की योजनायें चलाई जा रही है। जिसका लाभ ग्रामीण जनता लें और स्वरोजगार से जुड़ कर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करें।



लाभुकों के बीच लगभग 35 लाख की परिसंपत्ति का वितरण जनप्रतिनिधियों ने किया।

## भजनलाल को राज

छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के बाद अब राजस्थान में बीजेपी ने सीएम फेस का ऐलान कर दिया है. अब राजस्थान के नए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा होंगे। जयपुर में विधायक दल की बैठक में इसे लेकर फैसला लिया गया है। भजनलाल शर्मा विधायक दल के नेता चुने गए हैं। पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया।

भजन लाल शर्मा सांगानेर से विधायक हैं। मूल रूप से भरतपुर के रहने वाले भजनलाल शर्मा संगठन में लंबे समय से कार्यरत हैं। शर्मा, प्रदेश महामंत्री के तौर पर कार्य करते रहे हैं। बीजेपी ने उन्हें पहली बार जयपुर की सांगानेर जैसी सुरक्षित सीट से चुनाव लड़ाया। मौजूदा विधायक अशोक लाहोटी का टिकट काटकर भजनलाल शर्मा को प्रत्याशी बनाया था। इसके साथ ही पार्टी ने तय किया है कि राजस्थान में दो डिप्टी सीएम भी होंगे। इसके लिए प्रेम चंद बैरवा और दीया कुमारी के नाम पर मुहर लगी है। स्पीकर के लिए वासुदेव देवनानी का नाम फाइनल किया गया है। विगत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा और किसी भी राज्य में सीएम का कोई चेहरा प्रस्तुत नहीं किया। जीत के बाद एक-एक करके तीनों राज्यों में तीन नये मुख्यमंत्री को सर्व सम्मति से चुनकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी मजबूती का प्रदर्शन भी किया। इन राज्यों के चुनाव को 2024 का सेमीफाइनल कहा जा रहा था जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने न मध्य प्रदेश राज्य में फिर से बड़ी सफलता अर्जित की वहीं कांग्रेस के छत्तीसगढ़ और राजस्थान के मजबूत किले को भी ध्वस्त कर दिया। तेलंगाना में भी एक से आठ सीट जीतकर अपनी स्थिति मजबूत की। राजस्थान और मध्य प्रदेश में हल्की गुटबाजी झलकी लेकिन मोदी-शाह के सामने सभी अनुशासित रहे।

## तेल की रिकार्ड मांग

कच्चे तेल की वैश्विक मांग 2030 में 11.2 करोड़ बैरल प्रतिदिन तक पहुंचने की संभावना है। इस मांग में भारत और अफ्रीका का प्रमुख योगदान होगा। एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स ने यह जानकारी दी गयी है। एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स के भारतीय मामलों के प्रमुख पुलकित अग्रवाल ने कहा कि कच्चे तेल की मौजूदा वैश्विक मांग 10.3 करोड़ बैरल प्रतिदिन है जो 2030 में बढ़कर प्रतिदिन 11.2 करोड़ बैरल हो सकती है। विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं ने खाना पकाने में स्वच्छ ईंधन और हरित परिवहन के इस्तेमाल पर जोर दिया है और रिफाइनरी स्थापित करने को बढ़ावा दिया है। अग्रवाल ने कहा कि भारत में कच्चे तेल की मांग 2040 तक 72 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच सकती है। अभी यह 52 लाख बैरल प्रतिदिन है। हमारे आधार मूल्य की बात करें तो तेल की कीमत 80 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने का अनुमान है। 2024 की तीसरी तिमाही तक 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच सकती है। एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स की कार्यकारी निदेशक (ऊर्जा बदलाव और एंड स्वच्छ प्रौद्योगिकी परामर्श) गौरी जौहर ने कहा कि जैसे-जैसे भारत वृद्धि करेगा वैसे-वैसे पर्यावरण अनुकूल तरीके से बदलाव भी होगा। एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स की भारत/पश्चिम एशिया केमिकल्स प्राइसिंग एसोसिएट निदेशक स्तुति चावला ने कहा कि मजबूत आर्थिक वृद्धि और मजबूत औद्योगिक उत्पादन को देखते हुए एशिया में 2024 में पेट्रो रसायन मांग सबसे अधिक भारत में होने का अनुमान है। भारत में रासायनिक जिंस उत्पादों का बाजार 2023 में करीब सात प्रतिशत और 2024 में आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है।

# पूर्वोत्तर में कांग्रेस के 'पराई' होने के निहितार्थ



सियासत अपने रंग-ढंग बदलती रहती है जिसकी पटकथा समय लिखता है, जो समय के साथ नहीं बदलता, समय उसे बदल देता है। समय की गति को समझने में कांग्रेस शायद गच्चा खा गई। पूर्वोत्तर से कांग्रेस का तकरीबन बोरिया-बिस्तर बंध चुका है। एक जमाना था, जब पूर्वोत्तर राज्यों में मुल्क के सबसे उम्रदराज सियासी दल ह्यकांग्रेसह्ण का बोलबाला होता था। कांग्रेस के मुकाबले अन्य दल वहां बिल्कुल भी नहीं टिकते थे। चुनावी मौसम में सियासी लहर सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस की ही बहती थी। फिर, चुनाव चाहे पंचायती हो, या लोकसभा का, सभी में पार्टी की विजयी सुनिश्चित हुआ करती थी। लेकिन अब सियासी परिदृश्य पहले के मुकाबले एकदम जुदा है। अवाम ने पुरानी पटकथाओं को नकार दिया है। कांग्रेस के लिए वहां स्थिति अब ऐसी है कि सूफड़ा ही साफ हो गया है।

हाल ही में मिजोरम विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया, उसमें मात्र सिंगल सीट कांग्रेस को मिल पाई। पार्टी की इतनी बुरी हार, ऐसी दुगर्ति होगी जिसकी कल्पना भी शायद कांग्रसियों ने सपने में कभी नहीं की होगी। उन्हें पटकनी ऐसे दल दे रहे हैं, जो कभी उनके सहयोगी होते थे, या फिर कांग्रेस के गर्भ से ही निकले हैं। कांग्रेस का मरना इसी बात का तो सबसे ज्यादा है कि उनके सिखाए राजनीतिक ककहरा वाले दल उन्हें खदेड़कर सरकार बना रहे हैं। कुल मिलाकर अब हालात कांग्रेस के लिए वहां ऐसे बन चुके हैं जिससे दोबारा उभरना आसान नहीं होगा। उनका जनाधार और उनके खांटी कार्यकर्ता अब अपना रास्ता बदल चुके हैं।

पूर्वोत्तर में कांग्रेस की ऐसी दुगर्ति क्यों हुई? इस पर समीक्षा या आकलन करने की ज्यादा आवश्यकता इसलिए नहीं है, क्योंकि कांग्रेस के बेदखली के कारण कुछ सामने दिखाई देते हैं। मोटे तौर पर कुछ कारण ऐसे हैं जैसे, स्थानीय नेताओं को इग्नोर करना, सभी फैसले दिल्ली में बैठे शीर्ष नेताओं द्वारा लेना, टिकट का वितरण सिफारिशों के जरिए होना, प्रदेश स्तरीय जमीनी मुद्दों को नकारना, वहां के नेताओं-कार्यकताओं का अपमान-तिरस्कार करना और दिल्ली बुलाकर खुलेआम लज्जित करने वाले कारण प्रमुख हैं।

यही वजह है कि 10 जनपद और पूर्वोत्तर राज्यों की दूरी धीरे-धीरे बढ़ती गई। तभी, पूर्वोत्तर राज्यों के नेताओं ने अपमान का कड़वा घूंट पीकर विगत वर्षों से खुद से



- डॉ रमेश ठाकुर

> हाल ही में मिजोरम विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया, उसमें मात्र सिंगल सीट कांग्रेस को मिल पाई। पार्टी की इतनी बुरी हार, ऐसी दुगर्ति होगी जिसकी कल्पना भी शायद कांग्रसियों ने सपने में कभी नहीं की होगी। उन्हें पटकनी ऐसे दल दे रहे हैं, जो कभी उनके सहयोगी होते थे, या फिर कांग्रेस के गर्भ से ही निकले हैं। कांग्रेस का मरना इसी बात का तो सबसे ज्यादा है कि उनके सिखाए राजनीतिक ककहरा वाले दल उन्हें खदेड़कर सरकार बना रहे हैं।

निर्णय लिया कि अब वो दिल्ली पर निर्भर नहीं रहेंगे, अपना रास्ता खुद तय करेंगे। मिजोरम में इस दफे जेडपीएम को बहुमत मिला है, उसके ज्यातर नेता कभी दिल्ली का मुंह ताका करते थे। पर, जब से उन्होंने दिल्ली आना बंद किया और अपने यहां छोटे-मोटे एकाध दलों के साथ मिलकर संगठन बनाया, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। मिजोरम में बिना किसी के सहयोग से जेडपीएम अपनी सरकार बना रही है।

बहरहाल, सेवन सिस्टर्स कहे जाने वाले पूर्वोत्तरी क्षेत्र नगालैंड, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, असम और मिजोरम में कांग्रेस एक साथ नहीं पिछड़ी, बल्कि धीरे-धीरे खत्म हुई। 2014 में केंद्र से जैसे कांग्रेस की छुट्टी हुई। तभी से उपरोक्त राज्यों की तस्वीर बदलनी शुरू हुई। बदली तस्वीर कांग्रेस के बूढ़े नेताओं के इर्द-गिर्द घूमती भी रही। बावजूद इसके उन्होंने रोकने की जरा भी कोशिशें नहीं की? 2018 में मिजोरम विधानसभा के वक्त वहां से एक स्थानीय कांग्रेसी प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मौजूदा हालात पर सियासी विचार-विमर्श करने दिल्ली पहुंचा था।

वो सोनिया गांधी, राहुल गांधी या फिर प्रियंका गांधी में किसी एक से मिलने के इच्छुक थे। लेकिन तीनों में किसी ने मिलने तक का समय नहीं दिया। वो प्रतिनिधिमंडल पांच दिनों तक दिल्ली में डेरा डाले रहा, उनसे मिलना गांधी परिवार ने उचित नहीं समझा। बल्कि उनको ये संदेश पहुंचाया गया कि प्रदेश के मुद्दों पर विचार करना और निर्णय लेना उनका काम है तुम वापस जाओ। सोचने वाली बात है। जब, लोकल लीडरशिप के साथ ऐसा व्यवहार किया जाएगा तो पार्टी का सूफड़ा साफ होना तय है। कमोबेश, हो भी कांग्रेस के साथ वैसा ही रहा। बल्कि, उससे और ज्यादा होता दिख रहा है। पूर्वोत्तर राज्यों में कांग्रेस पूर्व विपक्ष की भूमिका में भी नहीं रही। स्थिति अगर ऐसी ही बनी रही तो वह दिन दूर नहीं, जब कांग्रेस की चर्चा वहां सिर्फ कागजों में ही हुआ करेगी।

पंजाब में चन्नी-सिद्धू का मसला अगर समय रहते सुलझा होता तो वहां भी ऐसी नौबत नहीं आई होती? हरियाणा, उत्तराखंड और ताजा तरीन राजस्थान में भी यही हुआ। राजस्थान में पायलट-गहलोत के बीच शुरू से आखिर तक बरकरार रहा अंतर्विरोध, जिसका खामियाजा उन्होंने जीता-जिताया प्रदेश हरवा डाला। फिलहाल, पूर्वोत्तर में चुनावों में लगातार मिल रही हार ने कांग्रेसी कार्यकताओं और नेताओं में मायूसी छा दी।

यही कारण है कि कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता जनता से भी दूर होते गए जिसका नुकसान कांग्रेस को चुनाव दर चुनाव उठाना पड़ रहा है। मिजोरम के रिजल्ट ने कांग्रेस के लिए भविष्य की तस्वीर प्रस्तुत कर दी है कि पूर्वोत्तर में कांग्रेस की तानाशाही सियासी रणनीति अब नहीं चलने वाली, नए सिरे से रणनीति बनानी होगी। वरना, 2024 में भी ऐसी ही तस्वीर देखने को मिलेगी। कांग्रेस के न रहने से जितना स्पेस खाली होएगा, उसका बिना देर किए फायदा भाजपा उठाएगी।

कांग्रेस के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र किसी वंडरलैंड से कम नहीं रहा, क्योंकि वहां क्षेत्रीय जनता के अलावा प्राकृतिक आशीर्वाद भी उन्हें प्राप्त हुआ। पर, सियासी घमंड में चूर कांग्रेस दोनों को नहीं पचा पाई, मतदाताओं को अपनी स्थाई जमीन समझने की भूल करते रहे। एक वक्त था, जब जनता के प्रति भी कांग्रेस को लेकर दीवानगी थी कि कांग्रेस के सिवाए उन्हें कोई दूसरा दल नहीं भाता था। जनता की कई आकांक्षाएं और अपेक्षा थी जिसे पूरा करने में कांग्रेस असफल रही। मणिपुर में उपजी जातीय हिंसा भी पूर्व की घटनाओं की देन हैं। कई ऐसे पुराने मसले हैं जो जिन्न बनकर बोतल से बाहर एक-एक करके निकल रहे हैं। पूर्वोत्तर में पड़ोसी देश म्यांमार और बांग्लादेश से मादक पदार्थों की सप्लाई का विरोध सेवन सिस्टर्स राज्य बहुत पहले से करते आए हैं, जिस पर कांग्रेस की केंद्र सरकार ने कभी गौर नहीं किया।

### खास बात

## बड़ा बदलाव

**मुकुंद**

**कभी-कभी** छोटे प्रयास समाज और जीवन में बड़े बदलाव की कहानी गढ़ देते हैं। इन कहानियों में छुपी होती हैं, इनसान की जिजीविषा। और इसमें यदि भगीरथ संकल्प शामिल हो तो यह बदलाव देशकाल की सीमाओं को लांघकर वैश्विक कल्याण का माध्यम बन जाता है। इस परिवर्तन के अमृतकाल में औद्योगीकरण और शहरी जीवनशैली के कारण गहराते वैश्विक जल संकट के बीच उल्लेखनीय कहानी उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड जैसे शुष्क क्षेत्र से उभर कर सामने आई है।

आईआईटी मुंबई और अमेरिका के पिट्सबर्ग में कानेर्गी मेलन विश्वविद्यालय के स्नातक डॉ. रविकांत पाठक जलवायु परिवर्तन के कारण अपने गांव छेड़ा बसायक (हमीरपुर) में आसन्न स्थिरता संकट का सामना करने के लिए जड़ों की ओर लौटे हैं। वर्ष 2007 से इस दिशा में सक्रिय डॉ. पाठक ने 1000 एकड़ बंजर भूमि को समृद्ध खाद्य वन में बदल दिया है। आवर्तनशील (जैविक) खेती और गौशाला के माध्यम से स्थानीय किसानों के लिए पारिस्थितिक रूप से संचालित अर्थव्यवस्था की शुरूआत की है।

स्वीडन के गोथनबर्ग विश्वविद्यालय में वायुमंडलीय वैज्ञानिक और एसोसिएट प्रोफेसर (डॉ.) पाठक जल संकट की आहट को भांप चुके हैं। अब वह दुनिया के पहले जल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रयासरत हैं। वह कहते हैं कि यह विश्वविद्यालय जल अध्ययन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने और वैश्विक स्तर पर उभरती जल-संबंधी चुनौतियों का समाधान करने का सशक्त माध्यम होगा। साथ ही विश्वविद्यालय पर्यावरण, सामाजिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक बिंदुओं पर आधारित पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएगा। जल संरक्षण के लिए आमजन को जागरूक करेगा।

डॉ. पाठक का कहना है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की हर घर नल से जल योजना से बेहद प्रभावित हैं। विश्वविद्यालय का लक्ष्य पुरखों की जल संरक्षण की विधियों को लागू करने के लिए सरकारी निकायों, गैरसरकारी संगठनों और कॉर्पोरेट्स के साथ सहयोग करना है।

## विचारों का सम्मान

### विचार-प्रवाह

**निशांत जैन**

**यह** समझना जरूरी है कि उत्साह से लबरेज आज की युवा पीढ़ी भगवान महावीर के संदेशों को किस रूप में देखती है? युवाओं के सपनों को साकार करने में इन संदेशों की क्या कोई अहमियत है? इन सवालों के जवाब पाने के लिए देखते हैं युवाओं के लिए तीर्थंकर महावीर की 10 काम की बातें,

महावीर की वाणी के तीन आधारभूत मूल्य हैं, अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह। ये युवाओं को आज की भागमभाग और तनाव भरी ज़िंदगी में सुकून की राह दिखाते हैं।

महावीर की अहिंसा केवल शारीरिक या बाहरी न होकर, मानसिक और भीतर के जीवन से भी जुड़ी है। महावीर मन-वचन-कर्म, किसी भी जरिए की गई हिंसा का निषेध करते हैं। इस तरह महावीर खुद सुकून से जीने और दूसरों को भी जीने देने की राह सुझाते हैं।

**अनेकांत : दूसरों के विचारों का सम्मान**

अनेकांत का अर्थ है, सत्य को उसके सभी पहलुओं के साथ देखना। आज के दौर में महावीर का अनेकांतवाद और स्यादवाद का सिद्धांत बेहद प्रासंगिक है। अगर हम अनेकांतवाद को अपनाते हुए दूसरों के विचारों की भी अहमियत समझें, तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। तमाम तरह की कट्टरताएं यहां खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं।

**अपरिग्रहः दूसरों की जरूरतों का सम्मान**

अपरिग्रह यानी जरूरत से ज्यादा चीजों का संचय न करना। महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत न केवल बाहरी परिग्रहों, बल्कि मन के विकारों और तनावों को भी त्यागने को संदेश देता है।

### कार्टून वर्ल्ड




**हम सभी** सर्वशक्तिमान ईश्वर के अंश हैं। अतः प्रत्येक मनुष्य को जन्म से ही सम्मान और स्वतंत्रता के साथ गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है। अपने अधिकारों के प्रति सचेत एवं जागरूक रहकर अन्यों के भी आत्मसम्मान, निजता और अधिकारों की अभिरक्षा सुनिश्चित करना प्राथमिकता बने। **- अवधेशानंद गिरी**

### आपके ट्वीट

**नौकरी,** रोजगार, स्वरोजागर से हजारों युवाओं को जोड़ा गया है। अभी सीडीपीओ, एएमओ, शिक्षक, सिपाही आदि की हजारों नियुक्तियां निकलनी है। सरकारी, गैर-सरकारी-दोनों क्षेत्रों में युवाओं को नौकरी और रोजगार से जोड़ा गया है।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





अजर-अमर-अविनाशी काशी की महिमा को बारंबार प्रणाम! भक्ति भाव से भरी आपकी ये प्रस्तुति मन को मोह लेने वाली है।

जय बाबा विश्वनाथ!

**- नरेन्द्र मोदी**

# मध्य प्रदेश में भाजपा शिव से मोहन तक परिषद की यात्रा

**-डॉ मयंक चतुर्वेदी**

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन के देश की राजधानी में राष्ट्रीय अधिवेशन को अभी पूरा हुए 24 घंटे भी नहीं बीते हैं कि एक बार फिर से भारतीय राजनीति में देश के हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश में एक ऐसे व्यक्ति को राजनेता के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री बनाकर स्थापित किया है, जिसने सामाजिक जीवन एवं राजनीति की पाठशाला का पहला पाठ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में रहकर सीखा है। यह राज्य में दूसरे लगातार वाले मुख्यमंत्री बने हैं जिन्होंने कि विद्यार्थी परिषद से छात्र राजनीति करते हुए अपना जीवन आरंभ किया है। इसके पहले हम सभी जानते हैं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उनका पूरा व्यक्तित्व और कृतित्व विद्यार्थी जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के साथ कार्य करते हुए गढ़ा है और उसी के आधार पर वे आगे बढ़ते चले गए। वे ऐसे आगे बढ़े कि प्रदेश में 18 साल तक मुख्यमंत्री रहने का कीर्तिमान स्थापित करने वाले शिवराज सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी के इस राज्य में पहले कार्यकर्ता हैं। अब ऐसे में उनके बाद उनकी परंपरा को आगे निर्वाह करने का दायित्व यदि सौंपा गया तो फिर एक बार पुनः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपने को संघर्ष की आंच में तपाकर राजनीतिक जीवन में आए डॉ मोहन यादव हैं। कहना होगा कि पार्टी स्तर पर अपनी सरकार के लिए विधायक दल के नेता चुनते वक्त यही एकता का मंत्र एक बार फिर से मध्यप्रदेश भाजपा में देखने को मिला है। जो बड़े-बड़े नाम पिछले कई दिनों से मीडिया की सुर्खियों में बने हुए थे, भाजपा की संगठन शक्ति और सामूहिक निर्णय ने एक झटके में सबको पीछे छोड़ दिया और एक ऐसे नाम को आगे बढ़ा दिया जिसके बारे में कोई अभी तक कल्पना भी नहीं कर सका था।

जब वे साल 2013 में पहली बार बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन की दक्षिण सीट से विधायक बने थे। तब उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि संगठन उन पर इतना मेहरबान हो जाएगा कि 10 सालों की राजनीति में ही वे प्रदेश के सीएम पद के लिए चुन लिए जाएंगे। किंतु जिन्हें उनके ये दस साल राजनीतिक जीवन के मुख्यमंत्री पद के लिए कम दिखाई देते हों, उन्हें अवश्य ही इससे पूर्व उनकी सामाजिक और राज्य की नीति के लिए की गई तपस्या देखनी चाहिए। वस्तुतः डॉ मोहन यादव साल 1982 में वह माधव विज्ञान महाविद्यालय के छात्रसंघ के सह-सचिव रहे। इसके बाद 1984 में वह इसके अध्यक्ष बने। साल 1984 में वह एबीवीपी उज्जैन के नगर मंत्री और 1986 में विभाग प्रमुख चुने गए। 1988 में वह मध्यप्रदेश अभाविप के प्रदेश सहमंत्री और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बनाए गए थे। 1989-90 में वह एबीवीपी के प्रदेश इकाई के प्रदेश मंत्री और 1991-92 परिषद के राष्ट्रीय मंत्री तक वे रहे।

विद्यार्थी परिषद के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहते हुए राष्ट्रजीवन के लिए अपने जीवन को समर्पित कर देने का पाठ भी वे सदैव सीखते रहे। यही वह कारण भी रहा जोकि विद्यार्थी परिषद के सीधे काम से मुक्त होते ही इन्हें 1993-95 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, उज्जैन नगर के सह खण्ड कार्यवाह, सायं भाग नगर कार्यवाह एवं 1996 में खण्ड कार्यवाह और नगर कार्यवाह बना दिया गया था। इसके बाद 1997 में इनकी इंट्री भाजपा में भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति के सदस्य के रूप में होती है और साल 2000-2003 तक उज्जैन की विक्रम यूनिवर्सिटी की कार्य परिषद के सदस्य, बीजेपी के नगर जिला महामंत्री, साल 2004 में वह बीजेपी की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य, 2004-2010 तक वह उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष, साल 2011-2013 में मप्र पर्यटन विकास निगमअध्यक्ष, बीजेपी के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रहते हुए अपनी राजनीतिक सफर को मोहन जी सतत आगे बढ़ाते हुए दिखाई देते हैं।

एक तरह से देखें तो यह 2013 का यही वर्ष मोहन यादव जी के राजनीतिक जीवन को शीर्ष पर ले जाने वाला सिद्ध हुआ। उज्जैन दक्षिण से विधायक चुनने के साथ शुरू हुआ।

# जाति के बंधन से विकास को गति देना कठिन होगा

### समाज



**नागेन्द्र सिंह**

**देश** के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक बिहार राज्य के साथ एक दुर्भाग्य भी जुड़ता चला जा रहा है। जिस राज्य से महात्मा गांधी ने अंग्रेजों से आजादी के अपने अभियान को शुरू किया था। जिस राज्य की धरती से 70 के दशक में भ्रष्टाचार और तानाशाही के खिलाफ एक अभियान शुरू हुआ था, वही बिहार अब विकास के पायदान में सबसे पीछे रहने के लिए अभिशप्त है। बिहार की जनता ने अपने नेताओं को सर-माथे पर बैठाने से कभी गुरेज नहीं किया। बिहारी जनता ने जिस नेता को भी प्यार दिया, भरपूर दिया। जब कांग्रेस के साथ रही तो पटना से लेकर दिल्ली तक के तख्त पर बैठाने में अपना योगदान दिया। जब सामाजिक न्याय के नारे पर भरोसा कर लालू यादव को सत्ता थमाई तो पटना से लेकर दिल्ली तक लालू यादव का अलग ही जलवा हुआ करता था। लालू राज के बाद बारी आई नीतीश कुमार की और नीतीश कुमार ने भी एक दौर में न केवल समता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड बल्कि भारतीय जनता पार्टी जैसे राष्ट्रीय दल को भी अपनी मर्जी से चलाया।

1990 के बाद बिहार में एक बड़ा राजनीतिक परिवर्तन हुआ जिसे लाने वालों ने इसे सामाजिक न्याय का नाम दे दिया। यह दावा किया गया कि बिहार में सदियों से जो सामाजिक स्तर पर भेदभाव किया गया, उसे बदलने का अब सही वक्त आ गया है। 1990 में लालू यादव पहली बार जनता दल के नेता के तौर पर भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद शुरू हो गया मंडल और कमंडल का दौर। इन दोनों ने देश के साथ-साथ बिहार की राजनीति को भी बुरी तरह से प्रभावित कर दिया।

बिहार जातीय हिंसा और तनाव के एक ऐसे गहरे कुंए में फंस गया जिसने बिहार को बर्बाद कर दिया। प्रतिभाओं का पलायन होने लगा और फिर इस लालू राज को जंगल राज बताते हुए लालू के सबसे करीबी रह चुके नीतीश कुमार ने 1994 के बाद से ही भाजपा के सहयोग से लालू विरोध का बिगुल बजा दिया। हालांकि उन्हें कामयाब होने में 11 साल लग गए। 2005 में उन्होंने लालू और उनकी पत्नी के राज का अंत कर बिहार के मुख्यमंत्री का पद संभाला।

उनके 5 साल के पहले कार्यकाल में विकास की बयार बहुत तेजी से आगे बढ़ी लेकिन बाद में यह रफ्तार थम गई और ऐसा साफ-साफ नजर आने लगा पिछले 16 वर्षों से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं लेकिन कभी उन्हें दलित-महादलित का कार्ड खेलना पड़ता है तो कभी पिछड़ी जातियों का राग अलापना पड़ता है।

हर तरह से दलित, पिछड़े लोगों का विकास करना था लेकिन विडंबना देखिए कि 31 साल तक बिहार पर राज करने के बाद भी उन्हें देश के प्रधानमंत्री के सामने जाकर गुहार लगानी पड़ती है कि जनगणना में पिछड़ी जातियों की भी गणना करवा दीजिए ताकि उस आधार पर हम आरक्षण बढ़ाने की मांग कर भविष्य में कर सके।

बिहार और देश पर दशकों तक राज कर चुके कांग्रेस नेता, वर्तमान में देश और बिहार पर राज करने वाले भाजपा नेता, जाति-धर्म की राजनीति से अपने आपको ऊपर मानने वाले लेफ्ट के सभी घटक दलों के नेताओं के साथ-साथ ओवैसी की पार्टी के विधायक भी वोट बैंक के लिये शामिल थे।

(लेखक संवैधानिक विषयों के जानकार और काउंसलर हैं।)

### लेटर टू एडिटर

**प्रतिबंध लगाना उचित**

**गन** कल्चर पर अंकुश लगाने के लिए सरकारी उपायों का वर्णन करने वाला था। सरकार ने बंदूक संस्कृति पर अंकुश लगाने के लिए हथियारों के लिए दिए गए लाइसेंस की समीक्षा करने का जो निर्णय किया है, वह सराहनीय कदम है। वहीं हिंसा तथा गन कल्चर से संबंधित गीतों तथा हथियारों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाना भी उचित है।

**-अजीत गुप्ता रांची**

**सराहनीय सुझाव**

**माननीयों** द्वारा आपत्तिजनक बयानों पर अंकुश लगाने के लिए एक नये कानून के लिए संसद को सुप्रीम कोर्ट का सुझाव सराहनीय है। राजनेताओं द्वारा आपत्तिजनक बयानों का प्रयोग होता रहता है। हेट स्पीच का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए, लोग फ्रीडम ऑफ स्पीच के अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल करते हैं। सख्त कार्रवाई के साथ ही उचित कानून भी बनाया जाए। **-भृगु चोपड़ा, लोहरदगा**


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक, प्रकाशक **मंजू सिंह** द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
**अविनाश ठाकुर***
फोन : 95708-48433
पिनः- 834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## ब्राउन शुगर और गांजे की तस्करी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



**चतरा।** जिले में सक्रिय नशे के सौदागरों के विरुद्ध पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम के नेतृत्व में गठित वशिष्ठ नगर जोरी थाना पुलिस की स्पेशल छापेमारी दल की टीम ने कार्रवाई की हैं। पुलिस की स्पेशल छापेमारी दल की टीम ने चतरा- गया मुख्य पथ पर स्थित राजगुरुवा टोल प्लाजा के समीप वाहन चेकिंग अभियान के दौरान हुंडई कंपनी के वेन्यू कार से तस्करी का ले जा रहे ब्राउन शुगर और गांजे की खेप को बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने मौके से चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए सभी तस्कर वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र और कुंडा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इस दौरान पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों के पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर और प्रतिबंधित गांजा, विभिन्न कंपनियों के तीन स्मार्टफोन, ब्राउन शुगर पीने में प्रयुक्त 10-10 के नोट का सिगरेट नुमा बना हुआ दो रोल, सिल्वर पेपर का टुकड़ा, ब्राउन शुगर पीने में प्रयुक्त पांच का सिक्का, तीन लाइटर व सोलह हजार पांच सौ रुपये नकद समेत तस्करी में प्रयुक्त बिना नंबर के हुंडई वेन्यू कार को भी बरामद कर लिया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम ने बताया कि गिरफ्तार सभी तस्करों से पूछताछ के बाद न्यायिक अभिरक्षा के लिए उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## झोलाछाप डॉक्टर ने ली मासूम की जान

**चतरा।** जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल बदहाल है। या यूं कहें की पूरी तरह से चरमरा गया है। आलम यह है कि सूदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीण आज भी झोलाछाप डॉक्टर्स से इलाज कराने के लिए मजबूर हैं और उसका खामियाजा उन्हें भुगतना भी पड़ जाता है। एक ऐसा ही मामला जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के केदली गांव से आया है। जहां एक झोला छाप डॉक्टर ने ढाई वर्षीय मासूम बच्चे की जान ले ली। घटना के बाद झोलाछाप डॉक्टर अपना क्लीनिक बंद कर फरार हो गया है। बताया जाता है कि वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के राजहार गांव निवासी छोटू यादव के ढाई वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार कई दिनों से बीमार चल रहा था। जिसे ठीक करने की जिम्मेवारी हंटरगंज के झोलाछाप डाक्टर मदन कुमार ने लिया था। इस दौरान करीब एक सप्ताह तक उक्त झोलाछप डॉक्टर ने बच्चे को अपने यहां भर्ती कर अनाप शनाप दवा और इंजेक्शन चलाया और परिजनों से मोटी रकम की वसूली की। वहीं, जब बच्चे की सांस थम गई तो झोलाछाप डॉक्टर ने उसे चतरा सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बच्चे के परिजन आर्यन को लेकर सदर अस्पताल पहुंचने तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद झोलाछाप डॉक्टर अपना क्लीनिक बंद कर फरार हो गया है।

## चाचा-भतीजा हत्याकांड में दो गिरफ्तार

**चतरा।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के केंदुवा गांव निवासी महेंद्र यादव व उसके चाचा रामेश्वर यादव हत्याकांड पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में सिकेन्द्र कुमार उम्र 20 वर्ष पे0 मंगल गंझू और जितेन्द्र कुमार उम्र 19 वर्ष पे० कुलेश्वर गझु दोनो सा० हसोत थाना सदर जिला चतरा शामिल हैं। हत्याकांड के मामले में पहले भी दो अभियुक्तो की गिरफ्तारी की गयी हैं। हत्याकांड में 12 नामजद व तीन-चार अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया हैं। एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने बताया कि दिनांक- 01/12/2023 को रामटुंडा फुटबॉल मैदान के सामने चतरा गिद्धौर मुख्य मार्ग पर संदेहास्पद स्थिती में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ एवं एक व्यक्ति गंभीर जख्मी हालत में सड़क किनारे पडा हुआ था। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाई करते हुये गंभीर व्यक्ति को ईलाज हेतु अस्पताल भेजा गया था परंतु इनकी भी मृत्यु हो गई। इस संदर्भ में वादी राजेन्द्र यादव के द्वारा हत्या की आंशका जताते हुये समर्पित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी के नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध सदर थाना कांड सं0-398/23, दिनांक- 02/12/2023, धारा 302/120(इ)/34 भा0द0वि0 के तहत कांड दर्ज किया गया मामले की गंभीरता को देखते हुये कांड के अनुसंधान एवं त्वरित उदभेदन के लिए पुलिस अधीक्षक महोदय चतरा के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया के नेतृत्व में दस पदाधिकारियों का एक एस०आई०टी०टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा कांड के अनुसंधान के क्रम में घटना को सुनियोजित तरीके से हत्या करने की बात प्रकाश में आई तथा कांड में संलिप्त दो लोंगो को ग्राम हसोत से गिरफ्तार किया गया है। वहीं अन्य के गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।

## मुख्यमंत्री आएंगे सिमरिया, तैयारी जोरों पर



**सिमरिया।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सिमरिया आएंगे ।वे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे ।मुख्यमंत्री के सिमरिया आने की तिथि की घोषणा फिल्हाल नहीं की गई है ।पर प्रसाशनिक पदाधिकारी उनके आने की तैयारी में लग चुके हैं ।मंगलवार को डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता,एसी पवन मंडल, सिमरिया एसडीओ सुधीर कुमार दास, बीडीओ नीतू सिंह और थाना प्रभारी विवेक कुमार ने हेलिपैड और सिमरिया अनुमंडल कार्यालय के समीप मैदान जिसे कार्यक्रम स्थल बनाया जाना है, उसका जायजा लिया ।दरअसल 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री को हंटरगंज में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेना था ।प्रसाशनिक स्तर पर हो रहे चर्चा के अनुसार अब मुख्यमंत्री हंटरगंज के स्थान पर सिमरिया में आकर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

# समाज के अंतिम पंक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना उद्देश्य : मिथिलेश

### मधेया में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री, किया परिसंपत्तियों का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड के मधेया पंचायत में मंगलवार को आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मंत्री ने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के बीच गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन किया। साथ ही मंत्री ने लाभुकों के बीच परिसंपतियों एवं स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया। मधेया पंचायत मुखिया बसंत चौबे ने मंत्री को पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर स्वागत भाषण देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपकी समस्याओं को आपके घर पर आकर उसका समाधान करना है। साथ ही सरकारी योजनाओं के योग्य लाभुकों को लाभान्वित करना है। समाज के अंतिम पंक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही सरकार का उद्देश्य है। आपको जिला कार्यालय का चक्कर लगाना न पड़े इसलिए सरकार ने यह व्यवस्था की है। आपकी सरकार एवं जिला प्रशासन आपके समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए दृढसंकल्पित है। कार्यक्रम में प्राप्त होने वाले आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जा रहा है सरकार द्वारा ऐसी व्यवस्था की गई है कि आपके आवेदनों का निष्पादन ऑन द स्पॉट या एक सप्ताह के अंदर सुनिश्चित हो। इस पूरी प्रक्रिया की सूचना मैसेज के माध्यम से आपके मोबाइल पर उपलब्ध होगी। आप अपने आवेदनों का स्टेटस देख पाएंगे।



परिसंपति का वितरण करते मंत्री

पूर्व में वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन समेत अन्य पेंशन का लाभ लेने के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। परंतु आज राज्य के अधिकांश वृद्ध महिला, पुरुष या विधवा महिलाओं को सर्वजन पेंशन के लाभ से जोड़ा गया है। सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अपना हक अपना अधिकार मिले यह राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य है उन्होंने कहा कि पूर्व में गढ़वा जिले में बिजली की काफी समस्या थी, परंतु वर्तमान समय में लगभग 22 घंटे बिजली इस जिला में उपलब्ध है। साथ ही आमजनों को 100 यूनिट तक फ्री बिजली राज्य सरकार उपलब्ध करा रही है। अगले एक माह के अंदर हर घर नल से जल की सुविधा दी जाएगी। जिसमें प्रति व्यक्ति 55 लीटर तक पेयजल उपलब्ध होगा।

डीडीसी राजेष कुमार राय ने लोगों को विस्तारपूर्वक योजनाओं की जानकारी दिया। मौके पर मुख्य रूप से डीसी शेखर जमुआर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, गढ़वा एसडीओ बिजय कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय गढ़वा सीओ मयंक भूषण, बीडीओ, सीडीपीओ सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## झारखंड के विकास को बाधित करना चाहती है केंद्र सरकार: मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा।** भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री गिरजा देवी सहित पार्टी छोड़कर पेसका के 50 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को पार्टी का पट्टा पहना कर और मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल करते हुए उनका स्वागत किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा जिला सहित पूरे राज्य में काफी तेज गति से चौतरफा विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंडियों की जनभावनाओं, उनकी समस्याओं एवं जरूरतों को अच्छी तरह से समझते हैं। राज्य की बेहतरी एवं जनता की हर जरूरत को ध्यान में रखकर आज पूरे राज्य में बेहतर विकास कार्य किया जा रहा है। इन्हीं कार्यों से प्रभावित होकर काफी संख्या में लोग दूसरे दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हो रहे बेहतर विकास कार्य एवं पूरे राज्य में झामुमो की ओर जनता की बढ़ रहे रुझान से भाजपा घबरा गई है। वह अपनी पूरी ताकत लगाकर राज्य के विकास को बाधित करने एवं हेमंत सरकार को अस्थिर करने का हर हथकंडा अपना रही है। परंतु जनता विपक्ष के इस मंसूबे को कभी कामयाब नहीं होने देगी। पार्टी में शामिल होने वाले भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री गिरजा देवी, मदन कुमार भुइयां आदि ने कहा कि वे लोग लंबे समय से भाजपा में रहे हैं। झारखंड में सर्वाधिक समय तक भाजपा की सरकार रही है। फिर भी आज तक जो विकास कार्य होना चाहिए था वह नहीं हो पाया।

**परिसंपतियों का किया गया वितरण :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मधेया पंचायत में छात्रा पूजा कुमारी, नीतू कुमारी, अंजली कुमारी, प्रियंका कुमारी एवं मोनिका भारती को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत मंत्री श्री ठाकुर ने मौके पर ही राशि भुगतान की स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

## कुरियर कार्यालय में लूटकांड मामले का पुलिस ने किया खुलासा

# दो मोटरसाइकिल, 61 सौ नगद के साथ दो गिरफ्तार

### कुरियर स्टाफ की मिली भगत से अपराधियों ने दिया था घटना का अंजाम: एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतगर्त देवी मंडप रोड स्थित ईकॉम एक्सप्रेस कुरियर कार्यालय में बीते 6 दिसम्बर को हथियार के बल पर हुए लूट कांड मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने घटना में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है, इनके पास से दो मोटरसाइकिल, दो मोबाइल, लुटे गए रुपये में से 61 सौ नगद और सीपीयू बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में जयनगर थाना क्षेत्र के कन्द्रपडीह निवासी बासुदेव कुमार साव पिता स्व मंगर साव और गिरिडीह जिला के मानिकबाद हीरोडीह निवासी कमलेश सिंह पिता मुंशी सिंह के नाम शामिल हैं। उपरोक्त जानकारी मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी अनुदिप सिंह ने देते हुए बताया कि बीते 6 दिसम्बर की दोपहर को 8 अपराधकर्मियों ने हथियार के बल पर ईकॉम एक्सप्रेस कुरियर कार्यालय में दिनदहाड़े 96 हजार नगद और कुछ सामान लूट लिया था, मामले को लेकर कुरियर के सुपरवाइजर राकेश कुमार पिता हरिकृष्ण पांडेय के लिखित बयान पर तिलैया थाना कांड संख्या 284/23 में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि अपराधियों ने दिनदहाड़े घटना को अंजाम दिया था, ऐसे में पुलिस ने इसे चुनौती के रूप में लिया और कांड के उद्भेदन को लेकर प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम के द्वारा मामले को तेजी से अनुसंधान करते हुए लूटकांड में शामिल उक्त दोनों अपराधकर्मियों को गिरफ्तार करने में सफल रही, इनके पास से घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, दो मोबाइल, कुरियर कार्यालय से लुटे गए एक सीपीयू और नगद 61 सौ रूपया बरामद किया गया। वहीं एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि कुरियर कार्यालय के एक स्टाफ के मिलीभगत से घटना को अंजाम दिया गया, कुरियर स्टाफ ने कार्यालय में 8-10 लाख रुपये होने की जानकारी गिरोह के मुख्य सरगना कमलेश सिंह को दिया था, हालांकि उतनी रकम नही थी, स्टाफ के इशारे में 7 लोगों ने लूटकांड को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गयी है। इसमे 5 गिरिडीह जिले के हैं, जबकि 2 जयनगर और एक झुमरीतिलैया के हैं, जल्द ही शेष बचे 6 अपराधियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। वहीं एसपी ने बताया कि गिरफ्तार कमलेश सिंह हिस्ट्रीशीटर है, हजारीबाग, देवघर और गिरिडीह के कई थानों में इसके खिलाफ मामला दर्ज है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मौके पर एसपी के अलावे डीएसपी दिवाकर कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार, कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम, एसआई ऋषिकेश सिन्हा, कुंदन कुमार आदि मौजूद थे।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर स्थित नासरगंज में मंगलवार को उपायुक्त मेधा भारद्वाज के निदेर्शानुसार बीडीओ ओम प्रकाश बड़ाइक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ जेएसएलपीएस की सखियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कई विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। वहीं मुख्य रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजित कर मुफ्त इलाज किया गया। वहीं डॉ. नीरा यादव ने अपने सम्बोधन में केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार की 740 जनकल्याणकारी योजनाओं आम जनों के लिए चल रही हैं, जिसका लाभ उठायें। खासकर महिलाओं के लिए उज्ज्वला योजना, नारी स्वरोजगार योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, सुकन्या योजना जैसी योजनाओं से लाभान्वित हो रहीं हैं। वहीं उन्होंने कृषि के बारे बताते हुए मडुआ की खेती करने के प्रेरित करते हुए मडुआ के लाभकारी गुणों की भी चर्चा की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को डॉ. नीरा यादव ने संकल्प दिलाया। वहीं कार्यक्रम के पूर्व उन्होंने प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किक मारकर की। मौके पर जयशंकर प्रसाद, धन्नजय यादव, ललिता देवी, शैलेन्द्र कुमार यादव, अनिल यादव, बालमुकुंद सिंह, रंजीत सिंह, प्रदीप यादव, राहुल कुमार यादव, ऋतुराज कुमार, पुरुषोत्तम सिंह समेत स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में तंबाकू निषेध पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**कोडरमा।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सेक्रेड हार्ट स्कूल में मंगलवार को तंबाकू निषेध पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ग 10वहीं से 12वीं तक के लगभग डेढ़ सौ बच्चों ने हिस्सा लिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से मुख्य वक्ता के रूप में जिला सलाहकार राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रम के दीपेश कुमार एवं सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार थे। वहीं विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा और निवर्तमान प्राचार्य नवीन कुमार ने बुके देकर दोनों का स्वागत किया। वहीं मुख्य वक्ता दीपेश कुमार ने बच्चों को जागरूक किया और कहा के अगर किसी के अभिभावक तंबाकू का सेवन करते हैं तो उसे मना करें और आसपास के लोग भी यदि इसका सेवन करते हैं तो उसे भी रोकने में विभाग का सहयोग करें। वहीं बच्चों के बीच तंबाकू निषेध से संबंधित स्लोगन राइटिंग कंपटीशन भी कराया गया। जिसमें राजेश कुमार को प्रथम, अनमोल राज को द्वितीय और नंदनी कुमारी को तृतीय स्थान मिला। तीनों विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। मौके पर प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, शंकर कुमार, पायल सिंह, फैयाज कैशर, विक्रम कुमार, विक्की कुमार, संजय तिवारी, अभिलाषा सिंह समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# चप्पे-चप्पे पर चला सघन वाहन जांच अभियान

### अभियान के बाद चंदवा बाजार से रौनक हुई गायब, बिना हेलमेट के पेट्रोल पंप पर भी अब नहीं मिलेगा पेट्रोल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार उपायुक्त हिमांषु मोहन व पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रशासन के द्वारा सख्ती को और बढ़ा दिया गया। चंदवा शहर के विभिन्न चौक-चौराहो, गली मुहल्लों के साथ-साथ चप्पे-चप्पे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चंदवा शहर के इंदिरा गांधी चौक से सुभाष चौक के बीच बीच महज एक किलोमीटर की दूरी में बुध बाजार, गैरेज लेन, गायत्री मंदिर रोड़, देवी मंडप रोड़, जिला परिषद बस पड़ाव, टोरी रेलवे फाटक, मिशन स्कूल रोड, तिलैयाटांड़ मार्ग समेत 7 स्थानों पर दो पहिया वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में वाहन चालकों से हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस की जांच सख्ती के साथ की गई। कई चेकिंग पॉइंट पर हेलमेट होने के बावजूद जिन वाहन चालकों के पास लाइसेंस नहीं मिला उनके खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए उनके वाहनों को भी प्रशासन के द्वारा जब्त कर लिया गया। इस दौरान कई बार प्रशासन और वाहन चालकों के बीच तीखी नोकझोंक भी होती दिखी। लोगों का कहना था की सड़क दुर्घटना पर विराम लगे इसको लेकर अभियान चलाना अच्छी बात है, लेकिन पकड़े गए वाहनों से जुमार्ना वसूलने की व्यवस्था ऑन द स्पॉट होनी चाहिए, ताकि लोगों को परेशानी के बजाए सहूलियत हो।

**चंदवा के इतिहास में पहली बार चला ऐसा अभियान :** चंदवा के इतिहास में पहली बार इस प्रकार जांच अभियान चलने से लोग सकते में है व लोगो मे प्रशासन से प्रति भय व्याप्त है। अभियान के बाद अन्य दिनों के अपेक्षा चंदवा के चौक चौराहा और बाजार में भी रौनक गायब रही, शादी व्याह का सीजन होने के बावजूद दुकानदार भी दिन भर धूल फांकते नजर आए। सड़कों पर भी बाइक कम ही चलती नजर आई। लोगो का आरोप है कि प्रशासन अभियान के नाम पर आमलोगों के साथ ज्यादती भी कर रही है। सड़क किनारे व दुकानों के बाहर खड़ी बाइक को भी हेलमेट नही होने की बात कह उठा लिया जा रहा है, इस प्रकार के कार्रवाई से लोगों मे प्रशासन के प्रति अविश्वास पनप रहा है। अभियान को लेकर लोगों में खौफ का आलम ऐसा देखने को मिला कि लोग मोटरसाइकिल तो छोड़िए साइकिल पर भी हेलमेट लगाकर चलते दिखे।

**पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के अब नहीं मिलेगा पेट्रोल :** प्रशासन के द्वारा निर्देश जारी कर प्रखंड के सभी पेट्रोल पंप को के संचालकों को बिना हेलमेट के पेट्रोल देने से मन कर दिया गया है। जिले के कई थानों के द्वारा इस संबंध निर्देश पेट्रोल पंप संचालकों को भेज भी दिया गया है। प्रशासन का यह पहल अच्छा व सार्थक माना जा रहा है।

एक नजर में

## पुलिस ने 24 घंटे के अंदर पोकलेन जलाने वाला दो आरोपी को किया गिरफ्तार

**चतरा।** सदर थाना पुलिस ने उपाधीक्षक वसीम रजा के नेतृत्व में जेसीबी पोकलेन में आग लगाकर क्षतिग्रस्त करने के आरोप में 24 घंटे के अंदर दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उक्त जानकारी सदर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से सिमरिया एसडीपीओ एके प्रियदर्शी ने दी। एस.डी.पी.ओ. एके प्रियदर्शी ने बताया कि दिनांक 09/12/2023 को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम आरा देवरिया में वन विभाग की खाई खोद रही जेसीबी पोकलेन में आग लगा कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस संदर्भ में शिकायतकर्ता द्वारा अज्ञात अपराधियों द्वारा उसके पोपलेन में आग लगा देने की घटना के संबंध में लिखित आवेदन दिया गया है. जिसके आधार पर सदर थाना कांड संख्या 0-408/23, दिनांक- 09/12/2023, धारा-387/427/435/34 भा0द0वि0 दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गयी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के द्वारा घटना के उद्भेदन हेतु पुलिस उपाधीक्षक वसीम रजा के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो आरोपियों को तकनीकी आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया है। जिन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## ग्रामीण डाक कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**बालूमाथ।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर तले बालूमाथ डाकघर में कार्यरत सभी ग्रामीण डाककर्मी मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। जिसके चलते बालूमाथ डाकघर का कामकाज प्रभावित हो गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ डाकघर मे कार्यरत ग्रामीण डाक कर्मी कृष्णा सिंह ने बताया कि 9 सूत्री मांग को लेकर अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ पलामू प्रमंडल के बैनर तले हम लोग हड़ताल पर है। हम लोगों की मुख्य मांगे हैं कि ग्रामीण डाक सेवकों का 8 घंटे का काम पेंशन सहित सभी लाभ प्रदान करें। नियमित कर्मचारियों के समान लाभ लागू करना, ग्रुप बीमा कवरेज को 500000 लाख तक बढ़ाना, विभाग के कर्मचारियों के समान जीडीएस ग्रेजुएटी में वृद्धि, 180 दिनों तक छुट्टी को आगे बढ़ाना और उसका नगदीकरण करना, भारत सरकार के अन्य सभी योजनाओं एवं कार्यों के कार्य के घंटे में मूल्यांकन करना एवं उसे आधार पर समय बढ़ाकर वेतन में वृद्धि करना,टीआरसीए अभिलंब समाप्त करना एवं उसके स्थान पर समान कार्य समान वेतन भुगतान लागू करना,जीडीएस कर्मचारियों का विभागीय अधिकारियों द्वारा अनावश्यक कार्यों का दबाव बनाकर उनका उत्पीड़न करना बंद करने,सेवाओं को बेहतर करने के लिए सभी शाखा कार्यालय में लैपटॉप प्रिंटर ब्रॉडबैंड नेटवर्क एवं आधुनिकरण उपकरण उपलब्ध कराना की मांग शामिल है। मौके पर जलेश्वर सिंह, पिंकू कुमार, सुबोध कुमार, सत्येंद्र सिंह, मो. इसराइल, उमेश राम, सूरज कुमार, जय मंगल भगत, अंजलि राकेश कुमार, सोनम कुमारी, रुबी रेखा कुजूर शिवप्रसाद उरांव, अनिल पासवान, मनमोहित राम, विनोद कुमार गुप्ता सहित डाकघर कर्मी उपस्थित थे।

## 15 दिनों से लापता मां और बेटी का अब तक नहीं मिला सुराग, मां व भाई ने एसपी व उपायुक्त से मदद का लगाई गुहार

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत पुक्कु ग्राम निवासी दीपक यादव के 25 वर्षीय बहन बिंदिया कुमारी व अपने एक वर्षीय बेटी के साथ बीते 15 दिन पूर्व अपने ससुराल चतरा के टंडवा प्रखण्ड स्थित होन्हे गांव से लापता है। जिसे लेकर भाई दीपक यादव ने लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन व उपायुक्त हेमांशु मोहन से शकुशल वापसी को लेकर मदद का गुहार लगाया है। दीपक कुमार यादव ने बताया की मेरी बहन बिंदिया कुमारी की शादी छ वर्ष पूर्व टंडवा थाना क्षेत्र के होन्हे गाँव निवासी मनोहर यादव के साथ हुई थी। शादी के कुछ ही दिनों के बाद बिंदिया कुमारी के ससुराल वाले दहेज को लेकर मारपीट करने लगे। कई बार सामाजिक बैठक भी हुई और व्यापार करने को लेकर एक लाख रुपये देकर समझौता कराया गया था पर मार पीट का सिलसिला चलता रहा। बीते 27 नवम्बर की रात मेरी बहन बिंदिया कुमारी के ससुराल वालों ने मार पीट किया था जिसका जानकारी बहन ने देते हुए बताई की पति, देवर व गोतनी ने दहेज को लेकर काफी मारपीट किया है और जान से मारने की धमकी देते हुए दुसरी शादी करने की बात कहते हैं। वहीं लड़का पक्ष के लोगों ने हमलोग माइकेवालों को 27 नवम्बर के सुबह सुचना दिया गया कि बिंदिया व अपने एक वर्षीय बच्ची के साथ लापता है।

## केंन्द्रीय सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य रविन्द्र तिवारी ने मुआवजा व अधुरी पड़ी सड़क के बारे में दी जानकारी

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित परिसदन भवन में केंन्द्रीय सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य रविन्द्र तिवारी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता किया। इस दौरान एनएचएआई द्वारा अधिग्रहण किये जा रहे भूमि का मुआवजा राशि कम मिलने के मामले में श्री तिवारी ने कहा कि लातेहार आदिवासी बहुल क्षेत्र है इसी कारण यहां का जमीन का मुल्य कम है, सीएनटी,एसपीटी एक्ट आदिवासी जमीन का सुरक्षा को लेकर बनाया गया है जिस कारण इनका जमीन का खरीद बिक्री नहीं होती है इसी के अनुसार मुल्य तय कर दूसरे रैयतों को भी मुआवजा दिया जाये ये गलत है। मै इसी संदर्भ में संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिया हूं कि आस-पास का अच्छी दर का जमीन का सोच विचार कर अनुसंशा कर कार्य को आगे बढ़ाया जाये। हमारी विभाग इसका भुगतान करेगा। वहीं उन्होंने जमीन मुआवजा का दो गुणा व चार गुणा भुगतान की बात पर कहा कि अगर ग्रामीण क्षेत्र है तो चार गुणा भुगतान किया जायेगा और नगर पंचायत अंतर्गत है तो दो गुणा भुगतान किया जायेगा। वहीं अधुरी पड़ी सड़क के बारे में बताया कि यह राज्य सरकार का आरयू विभाग का मामला है। भारत सरकार का कोई अधूरी परियोजना होती नहीं है होती भी है तो जल्द पूर्ण करा दिया जाता है। लेकिन आरयू विभाग का किस कारण से अधूरा पड़ा है हमने उसका विवरण मांगा है अगर अधूरा है तो इसे पूर्ण कराने का प्रयास किया जायेगा।

## सीआरपीएफ 214 बटालियन के द्वारा दैनिक उपयोग समाग्री का किया गया वितरण

**सरयू।** जिले में स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 214 वीं बटालियन के कमांडेन्ट केडी जोशी के निदेर्शानुसार डोमाखाड़ में स्थित सीआरपीएफ 214 बटालियन के जी कम्पनी में मंगलवार को सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जहां मरीज को निशुल्क जांच कर दवा दिया गया। वही डोमाखाड़, कोटाम, चोरहा, बन्दुआ, लाई, गासीगाडा, गांव के 250 से अधिक गरीब सहायक ग्रामीण महिला एवं पुरुषों के बीच दैनिक उपयोग में आने वाली समाग्री पानी टंकी और बर्तन का वितरण किया गया। साथ ही स्कूल में पढ़ने वाले सैकड़ों ननिहाल बच्चों को बैग दिया गया। मौके पर 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी ने कहा कि सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत जरूरतमंद लोगों के बीच सीआरपीएफ 214 बटालियन के द्वारा समय-समय पर उपयोग सामग्री का वितरण किया जाता है। वही गांव देहात में बिमारी से अग्रेषित मरीजों के लिए मेडिकल कैम्प लगाकर जांच कर निशुल्क दवा का भी वितरण किया जाता है। मौके पर द्वितीय कमान रणधीर कुमार झा, उप कमांडेंट संदीप कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा प्रभारी श्रोत कुमार गुप्ता, जी कम्पनी के सहायक कमांडेंट सुरेंद्र कुमार, निरीक्षक विजय कुमार यादव, गारू प्रखंड प्रमुख सीता देवी, चोरहा पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी, समेत कैम्प के जवान व ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### रॉयल क्रिकेट क्लब ने जीता शांति देवी जैन मेमोरियल टूर्नामेंट



**रामगढ़।** रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में छावनी फुटबॉल मैदान में आयोजित शांति देवी जैन मेमोरियल अंडर-16 स्कूल/क्लब लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 मंगलवार को शारदा क्रिकेट अकादमी बनाम रॉयल क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। रॉयल क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रॉयल क्रिकेट क्लब ने 33.5 ओवर में 102 रन बनाए। शारदा अकेडमी जबावी पारी खेलते हुए 23.4, ओवर मे 79 रन बनाकर आउट हो गई। रॉयल क्लब ने 23 रन से मैच को जीत लिया। रॉयल क्रिकेट क्लब के बलेबाज ललन कुमार 48 रन, प्रियांशु कुमार 16 रन बनाए। वहीं, शारदा क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज अनुज कुमार 6 ओवर में 10 रन दे कर 3 विकेट एवं राशिद, अरसद, सन्याल को 2-2 विकेट जबकि उदित को 1 विकेट मिला। शारदा क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाज उदित नारायण 24 रन एवं सचिन 10 रन ही बना पाये। टीम का और कोई भी बलेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं पार कर पाया। मौके पर कोच आलोक शर्मा, रवि मुंडा, दिनेश महतो उपस्थित थे।

### गुरु नानक पब्लिक स्कूल में प्रदर्शनी



**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में मंगलवार को प्रदर्शनी लगा। जिसमें छात्रों ने दिखाई प्रतिभा बनाए एक से एक मॉडल। स्कूल के बच्चों में नई सोच विकसित करने के उद्देश्य से प्रदर्शनी लगाया गया जिससे की बच्चों के आंतरिक प्रतिभा के बारे में सभी को पता चल सके की बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अनेक विषयो में भी रुचि रखते हैं। इस प्रदर्शनी में कक्षा 3 से 12 के विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल्स प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित कर सभी को प्रभावित किया। विद्यार्थियों के कई मॉडल आकर्षण का केंद्र भी बने रहें। कार्यक्रम में प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थे।

### मयंक बने जीएसटी इंस्पेक्टर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर बंद आईएजी फैक्ट्री के दोतल्ला कॉलोनी निवासी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव और अन्नी श्रीवास्तव के पुत्र कुमार मयंक ने एसएससी सीजीएल की परीक्षा में सफलता अर्जित कर सेंट्रल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स इंस्पेक्टर बनकर अपने क्षेत्र और माता पिता का नाम रौशन किया है। मयंक के सेंट्रल टैक्स इंस्पेक्टर बनने पर लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। मयंक की इस सफलता पर चाचा राजेश श्रीवास्तव, बडे भाई कुमार आदेश, भाभी श्रेया श्रीवास्तव, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, राजेश सिन्हा, अशोक सिन्हा, विश्वरंजन सिन्हा, कैथोलिक आश्रम स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर थॉमस, ओपी जिंदल स्कूल के प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय, मंजु श्रीवास्तव, योगेंद्र सिन्हा, अवधेश शर्मा, रंजु देवी, साक्षी कुमारी शर्मा सहित क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई दी है।

### बॉक्सिंग में संस्कृति ने जीता सिल्वर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदाबस्ती की पुत्री सह डीएवी स्कूल बरकाकाना 9वीं की छात्रा संस्कृति कुमारी ने 11 दिसंबर को डीएवी नेशनल स्पोर्टस स्टेट लेवल बाक्सिंग में सिल्वर मेडल जीतकर कोयलांचल का नाम रौशन किया है। पटेलनगर भुरकुंडा निवासी सीसीएलकर्मी सत्यनारायण ठाकुर एवं ज्योति देवी की पुत्री सह डीएवी बरकाकाना के 9वीं की छात्रा संस्कृति कुमारी ने डीएवी नेशनल स्पोर्टस गर्ल्स के 46 किलो वेट के बॉक्सिंग में सिल्वर मेडल जीता है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतने पर संस्कृति का चयन नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। संस्कृति आगामी 2-3 दिसंबर को हरियाणा में आयोजित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखायेगी।

### हुलासो देवी को मिला चार बकरी



**रामगढ़।** सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य के दूरदराज क्षेत्र में रह रहे लोगों को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने के उद्देश्य से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। रामगढ़ प्रखंड के दोहाकातु पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान लाभुक हुलासो देवी को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 90प्रतिशत अनुदान पर चार बकरियाँ एवं एक बकरा उपलब्ध कराया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं जिला प्रशासन रामगढ़ का धन्यवाद करते हुए लाभुक हुलासो देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अपने पास चार बकरियों का होना बहुत बड़ी बात है इसके पूर्व भी किसी तरह पैसे जोड़कर उन्होंने बकरियां ली थी लेकिन स्वास्थ्य कारणों से व जागरूकता के अभाव में वे लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकी लेकिन अब जब राज्य सरकार द्वारा मुझे मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत चार बकरियां एवं एक बकरा उपलब्ध कराया गया है।

# सामूहिक विवाह की तैयारी में जुटे सदर विधायक मनीष जायसवाल

## डीपीएस मैदान में 25 जोड़े लेंगे सात फेरे

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा अपने दो जुड़वे छोटे भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जायसवाल के शादी के 25 वें सालगिरह के मौके पर एक अनूठी पहल की शुरुआत करते हुए हजारीबाग के डीपीएस स्कूल मैदान में 14 दिसंबर को निर्धन परिवार के 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन का विराट और पुनीत आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की तैयारी में लगातार विधायक मनीष जायसवाल और उनके परिवार के अन्य सदस्य युद्धस्तर पर जुटे हुए हैं। इस सामूहिक विवाह में शामिल सभी 25 जोड़ों के शादी और शादी के बाद गृहस्थ बसाने एवं बेरोजगार दूल्हा के रोजगार की भी चिंता की गई है। बेरोजगार दूल्हों को टोटो भेंटकर और गृहस्थ में उपयोग होने वाले अन्य सामग्री भेंट करने की योजना है। इसके लिए सभी प्रकार के जरूरी सामान की उपलब्धता कर ली गई है। सामूहिक विवाह स्थल डीपीएस स्कूल प्रांगण में 25 जोड़ों के लिए 25 बेहद आकर्षक मंडप का निर्माण कार्य जारी है। यहां एक विशाल स्टेज होगा जहां बारातियों और शादी के शामिल होने वाले अतिथियों के मनोरंजन की भरपूर इंतजाम किया जाएगा। सामूहिक विवाह सम्मेलन से पूर्व मंगलवार को डीपीएस स्कूल प्रांगण में मेंहदी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जहां इस शादी में शामिल सभी कन्याओं के हाथों पर शगुन की मेंहदी लगाई गई। इस दौरान मंगल गीतों से परिसर गुंजायमान हो उठा और विधायक मनीष जायसवाल, धर्मपत्नी निशा जायसवाल, पुत्र करण जायसवाल और भाई प्रशांत जायसवाल एवं निशांत जायसवाल सहित अन्य लोगों ने मेहंदी रस्म के दौरान थिरकते हुए बेटियों का आशीर्वाद भी दिया।

**राघव पंडित की टीम कराएगी शादी :** इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में कई अनोखे रंग भी दिखेगा। हजारीबाग में पहली बार पश्चिम बंगाल के कोलकाता शहर से यूनिक म्यूजिकल फेरे के लिए सुप्रसिद्ध राघवेंद्र कुमार गौतम उर्फ राघव पंडित और उनकी 40 सदस्यीय टीम पहुंच रही है जो 25 जोड़े का वैवाहिक कार्यक्रम विधि विधान से सम्पन्न कराएगी। सामूहिक विवाह को लेकर आयोजकों की ओर से वर-वधु दोनों पक्षों को निमंत्रण भेजा जा रहा है। हरेक जोड़े के कन्या और वर पक्ष से कुछ सीमित लोग शामिल होंगे और उनके लिए विशेष पास का इंतजाम किया गया है। सभी के लिए भोज का उचित इंतजाम किया जा रहा है।

# संचालन समिति ने पीओ को सौंपा सात सूत्री मांग पत्र



भुरकुंडा (रामगढ़)। विस्थापित संयुक्त रोड सेल संचालन समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को भुरकुंडा पीओ को मांग-पत्र सौंप इसपर सकारात्मक पहल करने की मांग की है। साथ ही कहा गया की उपप्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासनिक के पत्रांक के आलोक में पिछले 23 फरवरी 2023 को भुरकुंडा रोड सेल संचालन को लेकर ऑफिसर्स क्लब भुरकुंडा में प्रबंधन, प्रशासन एवं विस्थापित-प्रभावित स्थानीय रैयतों की बैठक आयोजित की गई थी।

वार्ता में अंचल अधिकारी पतरातू के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार सीसीएल से प्रभावित चारो राजस्व गांव देवरिया, कुरसे, बलकुदरा एवं दुदवा के विस्थापित-प्रभावित रैयत भुरकुंडा रोड सेल संचालन के लिए सर्वसम्मति से विस्थापित संयुक्त रोड सेल संचालन समिति का गठन किया गया है। जिसकी सूचना प्रबंधन एवं प्रशासन को दी गई है। लेकिन खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि नये सिरे से भुरकुण्डा रोड सेल अब तक चालू नहीं किया गया है। जिससे विस्थापितों में काफी आक्रोश व्याप्त है। समिति द्वारा सौंपे गये सात सूत्री मांगो में नये सिरे से भुरकुण्डा रोड सेल अविलम्ब चालू करने एवं सुयुक्त रोड सेल संचालन समिति को शत प्रतिशत की भागीदारी देने, सीसीएल सीएसआर द्वारा चारो राजस्व ग्राम देवरिया, कुरसे, बलकुदरा, दुन्दुवा में बिजली, पानी, शिक्षा एवं सड़क की व्यवस्था करने आर्दश क्षेत्रिय अस्पताल भुरकुण्डा में सीसीएल के द्वारा विस्थापित प्रभावित रैयतों को निःशुल्क चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने, सीसीएल की खाली पड़ी जमीन को चिन्हित कर विस्थापित रैयतों को आवंटित करने, सीसीएल की बन्द पड़ी सभी पोखरिया खदानों को मछली पालन हेतु वि.प्र. समिति को सौंपने, बलकुदरा आउटसोर्सिंग परियोजना में समिति के लोगों को झारखण्ड सरकार के नियमानुसार 75 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने, भुरकुण्डा लोकल सेल में उत्पादित कोयला का 75 प्रतिशत कोयला आवंटित करना शामिल है।

### इचाक : गजेंद्र कुमार का इलाज के लिए स्वास्थ्य मंत्री और सांसद ने लिया संज्ञान

**इचाक।** कुरहा निवासी गजेंद्र कुमार पिता कालेश्वर ठाकुर जो पिछले कुछ दिनों से बीमार है। इनकी इलाज अभी कोलकाता के अपोलो में चल रहा है। कालेश्वर ठाकुर ने बताया कि गजेंद्र कुमार का पेट में पानी भर गया था जिसके कारण पेट में गोलाकार सा हो गया है। उनकी इलाज के लिए रांची रिम्स गया था और वहां से ऑपरेशन करने की सलाह दिया गया। ऑपरेशन करवाने के लिए कोलकाता के अपोलो में अभी भर्ती हैं। डॉक्टर्स ने लाखों रुपए की खर्च बताया। आर्थिक स्थिति भी दयनीय है। लाखों रुपया, अभी तक इलाज के लिए खर्च हो चुके हैं लेकिन स्थिति ज्यों का त्यों है। उनकी इलाज के लिए पत्रकार रंजीत कुमार ने झारखंड सरकार से अपील किया था और झारखंड स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने संज्ञान लेकर सही इलाज करवाने का भरोसा जताया। पत्रकार रंजीत कुमार ने बताया कि जैसे ही गजेंद्र कुमार का बीमारी के बारे में नहीं पता चला वैसे ही झारखंड सरकार से मदद करवाने की हर संभव प्रयास किया और अंततः झारखंड सरकार भी संज्ञान लेकर एक अच्छी उपचार दिलाने के लिए भरोसा जताया। इसके लिए पत्रकार रंजीत कुमार ने झारखंड स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, झारखंड के जाना माना डॉक्टर विकास कुमार डॉक्टर अनुज कुमार, मित्र उमेश यादव, गोरंगो दत्त, रंजन कुमार जितेंद्र कुमार प्रवीण यादव रंजन कुमार राकेश कुमार जोरू झारखंडी महावीर झारखंडी समीर मंडल रमेश दास मुरली यादव संजीत टाइगर सुनील कुमार, साथ ही साथ हेल्पिंग कॉर्प्स फाउंडेशन आदि को धन्यवाद किए।

### कोई मतदाता का नाम नहीं छूटे : एसडीओ

**बरही।** प्रखंड कार्यालय में एसडीओ पूनम कुजुर ने प्रखंड के सभी बीएलओ के साथ बैठक कर नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने व मृत व्यक्तियों का नाम हटाने सहित चर्चा किया। एसडीओ पूनम कुजुर ने प्रोजेक्टर के माध्यम से बीएलओ को डीएसई व पीएसई से सम्बंधित जानकारी दी। जेपीएस सॉवना मांझी ने बताया कि बीएलओ अपना काम जबावदेही के साथ अवश्य करें ताकि कहीं एक ही मतदाता का दो जगह नाम है तो तत्काल एक जगह से उनका नाम हटाना है। बीएलओ फॉर्म ए को भरकर उन्हें हटाने का काम करें। कुजुर ने बीएलओ को फॉर्म 6, 7, 8 को अधिक से अधिक भरने का निर्देश दिया। कहा कि एक भी मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए।

## विष्णुगढ़ में भाजपा का स्थायी ऑफिस नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**निजी विद्यालय और विधायक के कॉलेज में होती है पार्टी की बैठक**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड में भाजपा का अपना कोई स्थायी पार्टी कार्यालय नहीं है। जबकि वहां के निवर्तमान विधायक मांडू विधान सभा क्षेत्र के जय प्रकाश पटेल हैं। ज्ञात हो की पहले जयप्रकाश पटेल झामुमो में थे और पिछले विधान सभा में बीजेपी की टिकट पर चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। उनके जीत के बावजूद भी अभी तक विष्णुगढ़ प्रखंड में भाजपा पार्टी कार्यालय ना बनना भी आश्चर्यजनक है।

अभी फिलहाल पार्टी की सभी बैठकें निजी विद्यालय में या विधायक के निजी कॉलेज में संपन्न होती है। जिससे एक पंत दो काज सध जाते है। एक पार्टी की बैठक भी हो जाती है और दूसरा कॉलेज का नाम भी हो जाता है। हालांकि भाजपा का प्रखंडस्तरीय पार्टी कार्यालय नहीं होना नयी बात नहीं है। शुरुआत से हीं यहां चलन्त पार्टी कार्यालय से पार्टी स्तरीय बैठकें और कार्यक्रम होती रही है। बताया जाता है कि प्रथम भाजपा प्रखंड अध्यक्ष द्वारा कई बार कार्यालय बनाने को लेकर प्रयास किया गया। यहां तक की उन्होंने अपने निजी भूमि को भी पार्टी कार्यालय के लिए देने की बात की थी। लेकिन उस वक्त भी कार्यालय नहीं बनी। उसके बाद भी कई बार पार्टी के लोगों ने अधूरी प्रयास की और आज तक राष्ट्रीय पार्टी भाजपा का कोई स्थायी कार्यालय विष्णुगढ़ में नहीं है। जानकार बताते हैं की मांडू विस में हमेशा झामुमो का राज है। जयप्रकाश पटेल से पूर्व मांडू विधानसभा से भाजपा से कोई विधायक नहीं बना।

सबसे अधिक समय तक क्षेत्रीय पार्टी झामुमो हीं क्षेत्र में कायम रही। शायद यह कहना गलत नहीं होगा की आज भी भाजपाई झामुमो की मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाए है।

# जैक एंड जिल स्कूल ने जीता खो-खो प्रतियोगिता

### एसपी ने प्रतिभागियों का बढ़ाया हौसला

खबर मन्त्र संवाददाता




**दारु।** सदर प्रखंड क्षेत्र के बनाहप्पा में स्थित गुरुग्राम पब्लिक स्कूल के द्वारा विद्यालय परिसर में मंगलवार को स्कूली छात्राओं के बीच खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संत स्टीफन स्कूल, फहीमा स्कूल, जैक एंड जिल स्कूल, न्यू एकेडमिक हाइट्स स्कूल, गुरुग्राम पब्लिक स्कूल, होली क्रॉस स्कूल, डिवाइन पब्लिक स्कूल, माउंट लिटरा जी स्कूल सिलवार सहित 9 विद्यालय के छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला संत स्टीफन स्कूल और जैक एंड जिल स्कूल के बीच खेला गया जिसमें जैक एंड जिल स्कूल के छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इस मैच को 11-0 अंक के स्कोर से जीत कर खिताब पर कब्जा जमा लिया।

इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के एसपी चौथे मनोज रतन जबकि विशिष्ट अतिथि सेकंड इन कमांड बीएसएफ मेरु कैंप से मनोज कुमार मेहता मौजूद थे। एसपी ने स्कूली बच्चों के बीच इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन की सराहना करते हुए भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।

एसपी ने कहा कि खेल को खेल की भावना से लेना चाहिए और इस तरह की प्रतियोगिता से हमारे बच्चों मे शारीरिक और मानसिक विकास होता है, उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की भी सराहना करते हुए इस तरह का आयोजन के लिए उन्हें बधाई दी। इस कार्यक्रम मे मौजूद सभी अतिथियों का विद्यालय प्रबंधन के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। बीएसएफ इन कमांड मेरु के मनोज कुमार मेहता ने भी विद्यालय प्रबंधन को बधाइयां देते हुए स्कूली बच्चे बच्चियों को शुभकामना देते हुए उनका हौसला बढ़ाया।

## एक नजर में

### कंचनपुर में झामुमो पंचायत समिति का गठन



**कटकमसांडी।** कंचनपुर पंचायत के गोविंदपुर में विशेश्वर राम की अध्यक्षता में झामुमो के पंचायत समिति का गठन किया गया। गठित समिति में सर्वसम्मति से विशेश्वर राम को अध्यक्ष व अब्दुल खालिक को सचिव पद पर चयन किया गया। हुस्ने आरारा बेगम को कोषाध्यक्ष, रेजबुन निशा व बाबर खान को उपाध्यक्ष व अब्दुल खालिक को सचिव बनाया गया। जबकि पंचायत प्रवक्ता का पदभार साजदा खातुन को सौंपा गया। सर्वसम्मति से मुस्तकिम अंसारी, बासुदेव राम, शहाबुद्दीन खान, मुमताज खान, नौशाद खान, दस्तगीर खान, दिना कुमार, आफताब अंसारी, रजिया खातुन, वसीमा खातुन, इम्तियाज खान, तौकीर खान, सलाम खान, सिद्दीक अंसारी, तबस्सुम खातुन, सेराज अंसारी, साजदा खातुन, जानकी राम, रुखसाना खातुन, मुस्ताक अंसारी, रुबिया खातुन, शाहिद अंसारी, आरिफ अंसारी आदि दर्जनों को झामुमो मंडली के सदस्य बनाया गया। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह मुख्य संयोजक राजा मोहम्मद और खुटरा पंचायत से कमरूल जमा, रोमी पंचायत से प्रिंस रहमान, व असरफ ने नवचयनित पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी।

### एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला

**हजारीबाग:** जेएसएलपीएस एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के संयुक्त तत्वाधान में जेएसएलपीएस के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों का पॉश एक्ट 2013 (कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन शोषण से बचाव) एवं ऑंसीसी (इंटरनल कंप्लेन कमिटी) विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डालसा सचिव गौरव खुराना ने अपने संबोधन पॉश एक्ट 2013 एवं ऑंसीसी के बारे में विस्तृत रूप से समझाते हुए कहा कि किसी भी कार्यस्थल चाहे वो सरकारी हो या गैर सरकारी, दोनों स्थलों ओर ऑंसीसी समिति की गठन किया जाना अनिवार्य है। कार्यस्थल में वर्क कल्चर अच्छा होना चाहिए। महिला कर्मी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव ना नहीं होना चाहिए। चीफ एलएडीसी रिना वर्मा एवं एडवोकेट नेहा अंजुम ने पॉश एक्ट एवं ऑंसीसी की संरचना एवं भूमिका को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा किया। इस कार्यशाला में जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक शांति मारडी, जिला प्रबंधक, सभी प्रखंड के कार्यक्रम प्रबंधक, एफटीसी एवं क्लस्टर कोऑर्डिनेटर एवं कर्मी उपस्थित थे।

### नाबालिग को भगाने वाला गिरफ्तार

**हजारीबाग।** 10 दिसंबर को वादिनी सरस्वती देवी के आवेदन पर उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के आरोप में सरवन कुमार पिता शिबू राम ग्राम छड़वा थाना पेलावल जिला हजारीबाग के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया था जिसे दिनांक 11.12.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया तथा पीड़िता को बरामद कर सीडब्लूसी के निर्देशानुसार उज्जवला होम सेंटर में रखा गया।

### दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा बरही चौराहा

**बरही।** बरही चौक जाम नामक बीमारी से भयंकर रूप से ग्रसित है। इसके लिए इन्सुलिन का काम करने में सहयोगी है पुलिस एवं प्रशासन। जबकि कई बार प्रशासनिक अधिकारी के अलावे पुलिस महकमा का आना जाना लगा रहता है। लेकिन शिष्टाचार निभाकर पल्ला झाड़कर अनदेखी करते नजर आते है। कई बार सड़क जाम के कारण कई लोग मौत के आगोश में चले गए है। पुलिस के द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था नहीं रहने के कारण व लोगों की नासमझी, वाहनों को कहीं भी ले जाने की छूट और सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहन बरही को जाम हीं नहीं लोगों की फजीहत भी करा रही है। बरही के लिए लाइलाज हो चुकी जाम को लेकर आम और खास दोनों परेशान है। बरही को जैसे मन अपने वाहन को पार कराने के चक्कर में हर दिन चौक चौराहों पर घंटो जाम लगता है। इनमें बरही चौक से लेकर धनबाद रोड, पटना रोड, गया रोड और हजारीबाग रोड शामिल है। बरही के चारो रोड में जाम के पीछे वो मोटरसाइकिल भी है, जो दुकान के बाहर मेन रोड में लगे होते है। हर बार पार्किंग स्थल न होने की बात कह सड़कों पर बेतरतीब वाहन खड़े किए जा रहे हैं हालांकि अंचलाधिकारी द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासनिक दबाव बनाया गया। परन्तु राजनीतिक दबाव एवं जनप्रतिनिधियो के वोट बैंक के लालच ने अधिकारियों के द्वारा हाथ खिंच लिए जाते है।

### शिविर की नहीं मिली रिपोर्ट

**विष्णुगढ़।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार लोंगो के घरों तक पहुंच रही है। कार्यक्रम का आगाज विष्णुगढ़ में 24 नंबर से की गई जो 26 दिसंबर तक चलेगा। शिविर तकरीबन आधा पड़ाव पार कर चुकी है। मामले पर अधिक जानकारी जुटाने की कोशिश की गई लेकिन प्रखंड द्वारा जानकारी नहीं दी गई या प्रखंड द्वारा इस पत्रकार को प्रेस विज्ञप्ति साझा करना जरुरी नहीं समझा गया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-116-2023,दिनांक 08.12.2023:** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-116-2023, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता (दक्षिण)/रांची के क्षेत्राधिकार के लिए बाकुडीह/बरकाकाना/पिनरगरिया/पाकुड़/राजग्राम/तालझरी खदान साइडिंग में 50 मिमी आकार के मशीन से तोड़े गए 60000 घन मी हार्ड स्टोन ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति एवं रेलवे वैगनों/हॉपरों में लोडिंग (गंतव्य स्थल पर इसे मापा जाएगा)। **निविदा मूल्य:** रु. 8,75,98,800; **ईएमडी मूल्य:** रु. 5,88,000; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.01.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑनलाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। पिन कोड-834003. (PR-903)

**समाहरणलय सिमडेगा**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि , निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड रॉंची के पत्रांकः-1091./ दिनांकः- 04.12.2023 एवं विभागीय अधिसूचना सं0-02 दिनांकः- 17.01.2023 के द्वारा राज्य के अर्जुन आवार्ड, द्रोणाचार्य आवार्ड, ध्यानचंद आवार्ड, प्राप्त खिलाड़ी एवं ओलम्पिक में भाग लेने वाले खिलाड़ी, कॉमनवेल्थ खेल./एसियन खेल के पदक विजेता वैसे खिलाड़ी, जो अब व्यवहारिक तौर पर खेल पर नहीं हैं, को **"खिलाडी पेंशन योजना"** के तहत पेंशन प्रदान का प्रावधान है। उक्त अधिसूचना में वर्णित अर्हताधारी/शर्तो के अधीन सिमडेगा जिला के खिलाड़ी अपना आवेदन विहित प्रपत्र-पत्र में पूर्ण रुप से भरकर **दिनांकः-19.12.2023 तक जिला खेल पदाधिकारी, के कार्यालय, सिमडेगा, में कार्यालय अवधि में अनिवार्य रुप से उपलब्ध करायें।**

नोटः- आवेदन का प्रपत्र एवं इससे विस्तृत जानकारी **Simdega.nic.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/-
जिला खेल पदाधिकारी,सिमडेगा

PR 313312 Simdega(23-24).D

**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, खूँटी**
**(मनरेगा कोषांग)**

**मनरेगा अंतर्गत संविदा पर नियुक्ति संबंधी सूचना**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड रॉंची के संकल्प ज्ञापांक 4729 दिनांक 04.06.2007, संकल्प ज्ञापांक 6440 दिनांक 17.07.2012 एवं संकल्प 848 दिनांक 21.03.2017 के आलोक में जिला स्तर पर मनरेगा अंतर्गत संविदा के आधार पर तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक का रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 311/मन० दिनांक 05.10.2023 द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था।

इस कार्यालय के ज्ञापांक 350/मन० दिनांक 02.12.2023 PR 312595Khunti(23-24)#D द्वारा सूचना प्रकाशित करते हुए तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक के पदों के लिए दिनांक 09.12.2023 तक दावा आपत्ति प्राप्त किया गया।

दावा आपत्ति हेतु प्राप्त आवेदनों के समीक्षोंपरान्त योग्य अभ्यर्थियों की मेधा सूची (अनुसूची-1), Certificate Verification/दक्षता परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सूची (अनुसूची-2) एवं अयोग्य अभ्यर्थियों की सूची (अनुसूची-3) खूँटी जिला के वेबसाईट **"www.khunti.nic.in"** पर अपलोड किया गया है।

अनुसूची-2 के सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि Certificate Verification/दक्षता परीक्षा हेतु दिनांक 13.12.2023 को पूर्वाह्न 10:30 बजे विकास भवन, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय, खूँटी में सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति, पहचान पत्र (आधार कार्ड आदि) एवं दो रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

ह०/-
उप विकास आयुक्त
-सह- अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, खूँटी

PR 313266 District (23-24)_D

स्पीड न्यूज

## छात्रा वीणा बर्मन का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन




**बेरमो।** केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर आयोजित इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल स्वांग की छात्रा वीणा बर्मन का चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में 10वीं के छात्रा वीणा बर्मन के प्रोजेक्ट का चयन हुआ हैए विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विभाग की ओर से वीणा को प्रोत्साहन स्वरूप 10 हजार रुपए का चेक व प्रमाणपत्र भेजा गया हैए वीणा बर्मन की इस उपलब्धि पर डीएवी स्वांग के प्राचार्य डॉ एसके शर्मा ने शाभकामनाएं देते हुए कहा कि स्कूल के दूसरे बच्चों को इससे सीख लेते हुए इस तरह के रचनात्मक कार्यों में बढ़.चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

## क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव कुमार के निधन पर शोक सभा

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय में रितिका प्राइवेट लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव कुमार के आकस्मिक निधन होने की सूचना मिलते ही विभाग के अधिकारियों व पदाधिकारियों सहित कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक व्यक्त करने वालों में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान, सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन, सीएमएम अरून बड़ाईक, कनीय अभियंता उत्तम कुमार के अलावे निवर्तमान नगर अध्यक्ष डबलू बाउरी, निवर्तमान उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, विभागीय कर्मी राजा आलम, सुपरवाइजर अनिल साव, ओंकारनाथ श्रीवास्तव, अमर दास, चिनमय बनर्जी, अनुप कुमार, बैजू साव, रवि प्रजापति आदि थे।

## पूर्व शिक्षिका के निधन पर शोकसभा

**सिंदरी।** सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी की पूर्व शिक्षिका अंजना सिंह की कैंसर से हुई सोमवार को आकस्मिक मृत्यु पर विद्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन मंगलवार को किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी के प्राचार्य सुनील कुमार पाठक ने बताया कि पूर्व शिक्षिका अंजना सिंह वर्ष 1995 से सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका थीं। वह पिछले तीन वर्षों से असाध्य बीमारी कैंसर से पीड़ित थीं और राँची में उनका इलाज चल रहा था। उनका आकस्मिक निधन रांची के एक अस्पताल में हुआ। शोकसभा में प्राचार्य सुनील कुमार पाठक, उप प्राचार्या रंजना सिंह के साथ पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

## चंद्रपुरा डीवीसी में स्वास्थ्य जांच शिविर 15 दिसंबर को

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के शहीद तिलकामांझी मेमोरियल अस्पताल में 15 दिसंबर को आयोजित निशुल्क हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर में मेडिका अस्पताल रांची के सहयोग से रक्त शर्करा रक्तचाप जांच और डॉक्टर परामर्श की निशुल्क सुविधा सुबह साढ़े दस बजे से साढ़े बारह बजे तक उपलब्ध रहेगी। इसके लिए सुबह दस बजे से ही पंजीकरण काउंटर पर रोगी अपना पंजीकरण और नाम दर्ज करा सकेंगे।

## बोकारो जिप उपाध्यक्ष कार दुर्घटना में बाल-बाल बचीं

**बेरमो।** बोकारो की जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता कुमारी की गाड़ी सोमवार को सिकीदिरी घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में वह जख्मी हो गई है। उन्हें रांची के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बबीता खुद गाड़ी ड्राइव कर रही थी। इसी दौरान गाड़ी असंतुलित होकर पलट गई। इस घटना मे उनकी गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

### अमन सिंह को मारने वाले रितेश ने अपने बयान में लिया गांधी और विकास का नाम

# अमन सिंह की हत्या के लिए दी गई थी एक लाख की सुपारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** अमन सिंह की हत्याकांड का खुलासा पकड़े गए शूटर रितेश यादव ने किया है। पुलिस को दी गई स्वीकारोक्ति बयान में उसने खुलासा किया है कि आशीष रंजन उर्फ छोटू ने उसे वारदात को अंजाम देने के लिए एक लाख रुपए नेपाल में दिए थे। इसके बाद वह लौटा और धनबाद जेल पहुंचकर उसने अमन को गोलियों से छलनी कर दिया। वारदात में विकास बजरंगी और सतीश उर्फ गांधी ने उसका सहयोग किया। विकास ने उसे दो पिस्टल दी थी जबकि गांधी ने वारदात के बाद दोनों पिस्टल को जेल के बाहर फेंका था। अब इस वारदात में पुलिस आशीष उर्फ छोटू , विकास बजरंगी और सतीश गांधी को इस मुकदमे में नामजद कर रही है। रितेश ने बताया कि उसके पिता सूरत में ड्राइवर का काम करते हैं जबकि मां घर का काम करती है, भाई अभी बेरोजगार है खेती-बाड़ी भी बहुत कम है इस कारण घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है मेरे पिता सूरत में भाडे पर मैजिक गाड़ी चलाते हैं उसे जो पैसा मिलता है उसी से परिवार का भरण पोसन चलता है पढ़ाई करते समय ही वह पापा के पास सूरत जाकर मोटरसाइकिल गैरेज में मिस्त्री का काम करने लगा । इसी कारण से दसवीं तक पढ़ाई के बाद छोड़ दिया । गांव की टीम से क्रिकेट भी खेलता था और क्रिकेट खेलने के लिए अगल-बगल गांव जाता था । खेलने के क्रम में ग्राम रामपुर के कुणाल सिंह थाना फतेहपुर जिला प्रतापगढ़ से दोस्ती हो गई, और वह बराबर बूआ के घर रामपुर जाता था उसी क्रम में उसकी दोस्ती हो गई । आशीष यादव जो रामपुर का ही था से हो गई थी। गांव में रहने के क्रम में दोस्ती लव कुश नामक लड़के जिसका ननीहाल हमारे घर के बगल में रहने लगा वाले रामबली यादव के यहां था उसे हो गई। ये सभी लोग क्रिकेट खेला करते थे। कुणाल सिंह जो अमन सिंह का दुर का रिश्तेदार है तथा वह पूर्व में एक मर्डर केस में जेल जा चुका है। जब हम लोग कहीं बैठते थे तो वह हमेशा जेल का कहानी सुनाता था और वह बराबर अमन सिंह से बात करता था। कभी-कभी उससे भी बात करता था। अमन सिंह कुणाल सिंह को कभी-कभी पैसा भेजता था तो वह अभी हमें हजार पांच सौ देता था और खाना खिला देता था।

### गांधी एवं विकास को कोर्ट में पेश करने का आदेश

यूपी के कुख्यात अमन सिंह की हत्या मामले में पुलिस ने धनबाद जेल में बंद विकास बजरंगी एवं सतीश साव उर्फ गांधी को न्यायिक हिरासत मे लेने की प्रार्थना की है। धनबाद के प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी की अदालत ने सहायक लोक अभियोजक समीत प्रकाश की दलील सुनने के बाद जेल प्रशासन को आदेश दिया है कि वह विकास बजरंगी व सतीश साव उर्फ गांधी को कोर्ट में पेश करें। इस कांड के आईओ विनय कुमार ने कोर्ट में आवेदन दायर करके कहा कि अमन को गोली मारने के आरोपी रितेश यादव ने पुलिस को समक्ष दिए अपने बयान में अपने सहयोगी के रूप में गांधी एवं विकास का नाम बताया है। बताते चले की विकास बजरंगी कतरास थाना क्षेत्र के छाताबाद में हुए मनोज हत्याकांड के मुख्य आरोपी के रूप में जेल में बंद है।

## डीपीएस चास को मिला इंडिया स्कूल मेरिट अवार्ड- 2023

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चास।** एजुकेशन टुडे द्वारा शैक्षणिक दक्षता सह पाठ्यक्रम गतिविधियां शारीरिक शिक्षा डिजिटल शिक्षा जैसे विभिन्न मुद्दों सामुदायिक सेवा के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर किए गए सर्वे में डीपीएस चास को जिले के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसके लिए होटल ताज बेंगलुरु में आयोजित समारोह में विद्यालय के निदेशक डॉ नवीन शर्मा को इंडिया स्कूल मेरिट अवार्ड 2023 प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि यह उल्लेखनीय सफलता विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन के मार्गदर्शन पीवीसी एन मुरलीधरन की प्रभावी योजना सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम एवं अभिभावकों के अमूल्य योगदान के कारण प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि पर डॉ हेमलता एस मोहन एन मुरलीधरन डॉ नवीन शर्मा डीएस मेमोरियल सोसाइटी के सचिव सुरेश अग्रवाल कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे एकेडमिक डीन जोस थॉमस आदि ने विद्यालय परिवार को बधाई दी है।

## बीएसएल में आरसीसी स्ट्रक्चर्स का स्टैबीलिटी टेस्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात सयंत्र में सीईडी एवं एसआईजीएस विभाग द्वारा सारे भारयुक्त स्ट्रक्चर्स आरसीसी चिमनी शेल साइलोज मिक्कर सपोर्टिंग स्ट्रक्चर्स किल्न सपोर्टिंग स्ट्रक्चर्स वैगन टिप्लर सपोर्टिंग स्ट्रक्चर्स सिंटर प्लांट और कोक ओवन के मुख्य कॉलम्स तथा रेल रोड ओवर ब्रिजों जैसे आरसीसी स्ट्रक्चर्स की स्टैबिलिटी जांच बोकारो इस्पात सयंत्र मे पहली बार आरंभ किया जा रहा है। इस कार्य का शुभारंभ प्लांट ईडी संकार्य बीके तिवारी द्वारा सीजीएम अनिल कुमार राकेश कुमार शालीग्राम सिंह एके झा एवं बीके बेहरा की उपस्थिति में किया गया।



### कंक्रीट के सुदृढ़ीकरण की होगी जांच

सीजीएम शालीग्राम सिंह ने बताया कि कंक्रीट संरचनाओं को उनकी उम्र के साथ सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता होती है इसलिए इनकी गुणवत्ता और मूल्यांकन का आकलन करने हेतु ऊर्ध्वाधरता मूल्यांकन और गैर विनाशकारी परीक्षण एक उपयोगी विकल्प है। इस जांच में विविध परीक्षण एवं रासायनिक विश्लेषण अत्याधुनिक उपकरणों से किया जायेगा। मौके पर सीईडी के एजीएम पीके स्वांईन बीबी चंद्रा पी मिंज जानिशार ईमाम प्रबंधक अनुराग धीरज राहुल रंजन व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## स्टॉल लगा दिया जा रहा योजनाओं का लाभ

### एग्यारकुंड प्रखंड के काली पहाड़ी उत्तर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** सरकार द्वारा 15 नवम्बर से 29 दिसंबर तक चलाये जा रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा का कार्यक्रम आज मंगलवार एग्यारकुंड प्रखंड के काली पहाड़ी उत्तर पंचायत में आयोजित की गयी। वही दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शिविर में कई विभागों का स्टॉल लगा कर लाभुकों को सरकार द्वारा दिए जा रहे योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ताकि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। वही एग्यारकुंड प्रखंड क काली पहाड़ी उत्तर पंचायत मे शिविर लगाया गया। शिविर मे मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, एगयारकुंड प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार, प्रखंड प्रमुख संगीता महतो, मुखिया बबलू चौधरी, वास्तु हारा संग्राम के अध्यक्ष वासुदेव महतो सहित गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वही इस कार्यक्रम के बारे में प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार ने बताया कि राज्य सरकार की उन सभी योजना को जो धरातल पर है जिसे क्षेत्र के हर व्यक्ति को सीधे लाभ मिल सके। बिजली, पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा अबूआ आवास आदि जैसे का स्टॉल लगाया गया है। लोग बढ़चढ़ कर भाग ले रहे है।

## गोमिया विधायक ने करायी बोकारो नदी तट पर मुक्तिधाम की सफाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड के होसिर पंचायत स्थित बोकारो नदी तट किनारे मुक्तिधाम का मंगलवार को स्थानीय विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने अपने सहयोगियों के साथ सफाई कार्य करवाया।इस दौरान उन्होंने जेसीबी मशीन लगाकर मुक्तिधाम का समतलीकरण एवं वहां उगे हुए झाड़ियों का सफाई भी कराया। इस संबंध में विधायक डॉ महतो ने कहा कि बोकारो नदी के बाएं तट पर स्थानीय ग्रामीण छठ पूजा सहित अन्य पूजा का कार्यक्रम करते हैंए इसके अलावा पेयजल आपूर्ति के लिए इस जगह पर इंटेकवेल भी बना हुआ है।ग्रामीण इसी तट पर नहाने.धोने का कार्य भी करते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि वर्षो से यहां के स्थानीय ग्रामीण इसी तट किनारे मुक्तिधाम के लिए अंतिम संस्कार का कार्यक्रम भी करते आ रहे हैं।अंतिम संस्कार के पश्चात कोयले और लकड़ियों का राख भी जहां.तहां बिखर जाता थाए जिसके कारण घाट पर पूजा सहित अन्य पवित्र कार्य करने के लिए ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कहा कि ग्रामीणों की आग्रह पर बोकारो नदी के दायां तट किनारे नए मुक्तिधाम स्थल हेतु जेसीबी मशीन के द्वारा समतलीकरण सहित सफाई कार्य कराया गया हैए और इस कार्य मे उनके सहयोगियों सहित अन्य ग्रामीणो का भी सहयोग रहा है।



## गोमिया विधायक ने किया परिसंपत्तियों का वितरण

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अन्तर्गत गर्री पंचायत सचिवालय परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में कुल 2400 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें 1300 आवेदन का ऑन द स्पॉट ऑन लाइन अपलोड किया गया। कार्यक्रम में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो कसमार प्रमुख नियोति कुमारी कसमार जिप सदस्य अमरदीप महाराज सीओ सुरेश कुमार सिन्हा उप प्रमुख संजु कुमारी डॉ बीपी गुप्ता डॉ संतोष महतो मधुकरपुर मुखिया राजेन्द्र महतो पंसस इन्द्रजीत पाण्डेय बीपीओ मोहनानंद मोहित बीटीएम अरूण कुमार पंस राजकिशोर मिश्रा रोजगार सेवक राजु चौधरी आदि मौजूद थे। मुख्य अतिथि लंबोदर महतो ने कहा कि जितने भी आवेदन आ रहे हैं सभी का निष्पादन जल्द से जल्द करें निष्पादन नहीं होने पर संबंधित विभाग पर कार्रवाई की जाएगी। कसमार प्रमुख नियोति कुमारी ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न कल्याण कारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण अवश्य उठावें। शिविर में अबुआ आवास योजना मनरेगा शिक्षा स्वास्थ्य कल्याण आदि कई विभागों ने स्टॉल लगाए थे।

## 75 प्रतिशत स्थानीय को सेल टासरा में मिले नियोजन : झाकोमयू

- एक सप्ताह में मांग पर पहल नहीं हुई तो होगी आर्थिक नाकेबंदी : मलय चंद्र महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सेल चासनाला की महत्वाकांक्षी परियोजना टासरा प्रोजेक्ट में स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत नियोजन सहित अन्य सुविधाओं को लेकर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने सेल इडी, सेल टासरा महाप्रबंधक टी के राय तथा टासरा संवेदक कल्याणेश्वरी टासरा माइनिंग प्रा लिमिटेड को मंगलवार को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे झाकोमयू केन्द्रीय सदस्य सह ग्रामीण रैयत विस्थापित विकास मोर्चा अध्यक्ष मलय चंद्र महतो ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि सात दिनों के अंदर माँग पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती है तो टासरा प्रोजेक्ट की आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित स्थानीय लोगों और विस्थापितों को 75 प्रतिशत नियोजन व रैयत विस्थापितों को मूलभूत सुविधाएं सेल टासरा प्रबंधन मुहैया नहीं करा रही है। इसको लेकर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन कदम बढ़ाते हुए सेल एक्सक्यूटिव डायरेक्टर के नाम पत्र सेल मुख्य महाप्रबंधक संजय तिवारी, सेल टासरा महाप्रबंधक टी के राय और संवेदक केटीएमपीएल को पदाधिकारी सुमित कुमार के माध्यम से पत्र देकर नियोजन सहित सुविधाओं पर कार्रवाई के लिए आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि टासरा, रोहड़ाबाँध और कांड्रा के रैयत ग्रामीण टासरा के कोयले का प्रदूषण झेल रहे हैं। ओबी डंप कर प्रबंधन जमीन हड़पने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व के समझौते पर आज भी पूर्ण रूप से नियोजन और मुआवजा राशि प्रबंधन के पास बकाया है। सेल टासरा प्रबंधन पानी निकालकर मिट्टी को ओबी डंप क्षेत्र में फेंकने का काम शुरू कर दिया है और स्थानीय लोगों को दरकिनार कर रही है। उन्होंने सेल प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि सात दिनों के अंदर प्रबंधन द्वारा सकारात्मक पहल नहीं करने पर टासरा प्रोजेक्ट की आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। सेल मुख्य महाप्रबंधक पर्सनल संजय तिवारी ने कहा कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के नीतियों का पालन सेल प्रबंधन अवश्य कर रही है।

### प्रतिनिधमंडल में थे शामिल

झाकोमयू प्रतिनिधिमंडल में ग्रामीण रैयत विस्थापित मोर्चा अध्यक्ष मलय चंद्र महतो, मोर्चा उपाध्यक्ष निपेन विश्वकर्मा, सचिव राजेश महतो, कोषाध्यक्ष बिनोद महतो, वार्ड नं 53 सचिव राज रौशन सिंह, झामुमो संगठन सचिव सुरेश मुंडा, निकेश होरो, माणिक चंद्र महतो, रोहित सिंह, राहुल सिंह, मो फिरदौसी, वरुण कुमार, मो वकील अहमद, मो इमरान अंसारी, बबलू राय, आनंद महतो, विकास महतो, मनोज महतो, विवेक महतो, तुषार कुमार सहित अन्य झाकोमयू सदस्य व रैयत ग्रामीण मौजूद थे।

एक नजर में

## जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण



**पूर्वी टुंडी ।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत मैयरानवाटाड पंचायत की मुखिया खमा मोदक ने पंचायत क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के बीच सरकारी कंबल का वितरण किया। कुछ दिनों से बढ़ रही ठंड को देखते हुए यह कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया। एवं जरूरतमंद महिला और पुरुष के बीच कंबल बाटे गए। मुखिया ने बताया कि ठंड से बचाव हेतु जरूरतमंद तथा बुजुर्गों के बीच कमल वितरण जारी रहेगा। वही कंबल पाकर लोग काफी खुश दिखे।

## दर्जनों महिलाओं को ऑन द स्पॉट मिला जॉब कार्ड



**धनबाद।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित आपकी योजना – आपकी सरकार – आपके द्वार में आज बाघमारा प्रखंड के धवाचीता पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया।
शिविर में धवाचीता पंचायत की दर्जनों महिलाओं को ऑन द स्पॉट मनरेगा जॉब कार्ड निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुषमा आनंद समेत मुखिया एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा प्रदान किया गया। जॉब कार्ड मिलने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि इससे उनकी आय बढ़ेगी जिससे उनके कई आवश्यक काम पूरे होंगे।

## बोकारो : महिला से पर्स, मोबाइल की छिनतई

**बोकारो।** बोकारो शहर में इनदिनों छिनतई और दो पहिया वाहन की चोरी थमने का नाम ही नहीं ले रही है। बोकारो के सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर 2 सी निवासी सुनीता देवी अपने आवास से निकलकर को ऑपरेटिव कॉलोनी स्थित डॉ एके चौधरी के अस्पताल जा रही थी जहां वह नर्स का काम करती हैं। सेक्टर 2 सी मोड़ के निकट दो युवको ने पता पूछने के बहाने छिनतई की। एक युवक आया और महिला से पूछा कि यहां शिविर कहाँ लगता है। जब महिला ने जानकारी न होने की बात कही तभी एक और युवक आकर महिला के बगल में खड़ा हो गया। इसके बाद दोनों युवकों ने उसके कान की बाली पर्स मोबाइल फोन गले से जिउतिया लेकर चंपत हो गए। सेक्टर 4 स्थित रिलायंस मार्ट के निकट खड़ी लॉक बाइक चोरी करने के प्रयास में लगा युवक बाइक सवार के आते ही पागल जैसा व्यवहार करते हुए चम्पत हो गया। अभी वह पहिये में लगे लॉक को खोलने की तरकीब तलाश ही रहा था कि बाइक सवार वहां पहुंच गया। चोरों के अलावे शहर में अफीमचियों का तांडव भी बढ़ता जा रहा है।

## प्रबंध प्रशिक्षुओं के लिए संवाद कार्यक्रम

**बोकारो।** एचआरडी द्वारा 2022 और 2023 बैच के प्रबंध प्रशिक्षुओं के लिए बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी अतानु भौमिक के साथ ट्रेनीज हॉस्टल नंबर 01 में एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ईडी सह सीजीएम लक्ष्मी दास व मनीष जलोटा जीएम नीता बा डीजीएम अनिल कुमार उपस्थित थे। संवाद कार्यक्रम में कुल 25 प्रबंधन प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया। निदेशक प्रभारी श्री भौमिक ने युवा प्रबंधकों से फीडबैक लिया और उन्हें कुशल प्रबंधक बनने के लिए प्रेरित किया। युवा प्रबंधकों ने भी कार्यक्रम के दौरान अपने कार्यस्थल के बारे में सुझाव रखे।

पेज 1 का शेष

### केंद्र नहीं दे रहा बकाया...

बुढ़ापा में पेंशन जीने का सहारा होता है, इसे ध्यान में रख कर ही अबुआ सरकार हर बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है। कोई भी योग्य पात्र पेंशन से वंचित न रहे। इसके लिए यूनिवर्सल पेंशन स्कीम को हमने शुरू किया है। **शिविरों में उत्साह :** सीएम ने कहा कि 24 नवंबर से चल रहे इस कार्यक्रम के तहत पंचायतों में लग रहे शिविरों में जायें और आवेदन दें। यहां अधिकारियों का पूरा दल आपकी समस्या के समाधान के लिए मौजूद है। सभी पंचायतों में लग रहे शिविरों को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। लोगों के रोटी, कपड़ा, मकान जैसी मूलभूत जरूरत को पूरा करने के साथ विकास को दे रहे रफ्तार। यह सरकार लोगों के रोटी,कपड़ा और मकान जैसे मूलभूत जरूरत को पूरा करने के साथ विकास को रफ्तार दे रही है। अबुआ आवास योजना के 8 लाख गरीबों के अपने आशियाना के सपने को पूरा करने जा रहे हैं। **सड़कों का जाल, हर खेत को पानी लक्ष्य :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य भर में सड़कों का जाल तेजी से बिछ रहा है। गांव से शहर की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू की गयी है। वहीं, हर खेत में पानी पहुंचाने का सरकार ने लक्ष्य रखा है। इसके लिए आधुनिक तकनीक से युक्त मेगालिफ्ट सिंचाई परियोजना शुरू की गयी है। फूलो-झानो आशीर्वाद योजना के तहत महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ने के लिये अब 10 हजार रुपये की बजाय 50 हजार रुपये देने का निर्णय सरकार ने लिया है। राज्य के गरीब बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक तंगी बाधा नहीं बनेगी। बच्चियां की बेहतर पढ़ाई के लिए उन्हें सावित्रीबाई किशोरी फुले सावित्री योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बादल, विधायक स्टीफन मरांडी, नलिन सोरेन, प्रदीप कुमार यादव, सीता सोरेन, बसंत सोरेन और दिनेश विलियम मरांडी, जिला परिषद अध्यक्षा जॉयस बेसरा, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, संताल परगना प्रमण्डल के आयुक्त लालचंद दादेल तथा जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### भजनलाल शर्मा राजस्थान...

**राज्य का सर्वांगीण विकास लक्ष्य :** राजस्थान के भावी सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि पीएममोदी के नेतृत्व में राजस्थान का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जायेगा। अपनी पहली प्रतिक्रिया में शर्मा ने कहा कि राज्य का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य होगा। मैं इतना विश्वास दिलाना चाहता हूं कि सबके साथ मिलकर काम करूंगा। भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री के पद पर ताजपोशी होने की घोषणा को लेकर कुचामन सिटी में भी जश्न का माहौल शुरू हो गया। सांगानेर से विधायक बनने वाले भजनलाल शर्मा ब्राह्मण समाज से आते हैं।

### जेल में हत्या की एसआइटी...

इस पर सीबीआई के वकील ने विरोध किया। दोनों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने जमानत अर्जी खारिज कर दी। संजय तिवारी मनी लाउंड्रिंग केस में भी जेल में है। इडी ने मनी लाउंड्रिंग के आरोप में 22 नवंबर 2021 को गिरफ्तार किया था। तभी से वह जेल में है। उस पर पांच अगस्त 2017 को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की हटिया शाखा से मिड डे मील के 100 करोड़ रुपये गबन करने का आरोप है। उसने 17 अक्तूबर को जमानत की गुहार लगाते हुये अर्जी दाखिल की थी।

# आइपीसी, सीआरपीसी बदलाव से जुड़े तीन बिल पेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने मंगलवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम (एविडेंस एक्ट) में बदलाव से जुड़े पिछले सत्र के दौरान पेश विधेयकों को वापस लेकर तीन नए विधेयकों को मंगलवार को लोकसभा में पेश किया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023 लोकसभा में पेश किया। गृहमंत्री ने कहा कि पिछली बार पेश विधेयकों को गृह विभाग की स्थायी समिति को भेजा गया था। समिति ने विधेयकों में कई बदलाव सुझाए थे। इनमें से बहुत से बदलावों को स्वीकार किया गया है। ऐसे में विधेयकों से जुड़े संशोधन लाने की बजाय नए ढंग से विधेयक लाए गए हैं।

## पांच धाराओं में किया गया है बदलाव : गृह मंत्री

### विधेयकों पर आज हो सकती चर्चा, कल जवाब देंगे शाह



गृह मंत्री ने विपक्ष के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि ज्यादातर बदलाव कॉमा, फुलस्टॉप से जुड़े हैं। पांच धाराओं में बदलाव किया गया है। स्थायी समिति में इस पर विस्तार से चर्चा हो गई है। सरकार नहीं चाहती कि विधेयकों को जल्दबाजी में पारित किया जाए। इस पर विस्तार से चर्चा होगी और उपयुक्त सुझाव मिलने पर बदलाव भी किए जा सकते हैं। तीनों विधेयकों को सदन के विचार हेतु रखा गया है। विधेयकों पर गुरुवार को चर्चा कराई जा सकती है और शुक्रवार को इन पर गृहमंत्री चर्चा का जवाब दे सकते हैं।

## केंद्र से राज्यों को मिल रहा है पूरा पैसा : वित्त मंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि मोदी सरकार देश के हर नागरिक के लिए कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र से जो भी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जाती हैं, उनके लिए समय पर पैसा जारी किया जा रहा है। सीतारमण ने लोकसभा में चालू वित्त वर्ष और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अनुदान और अतिरिक्त अनुदान की मांगों की सूची पर चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री के जवाब के बाद लोकसभा ने वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए



अनुपूरक मांगों की पहली सूची तथा वित्त वर्ष 2020-21 से संबंधित अतिरिक्त अनुदान की मांगों की सूची को पारित कर दिया। सीतारमण ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सूची में एक लाख 29 करोड़ रुपये की 79 अनुदान की अनुपूरक मांगे और तत्संबंधी चार विनियोग प्रस्तुत किए थे। इनमें से 58 हजार 378 करोड़ रुपये पहले ही जारी किए जा चुके हैं। सीतारमण ने मनरेगा पर सदस्यों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि केंद्र से मनरेगा के लिए बराबर पैसा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर इसी मद में एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों के हित में बहुत संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। सीतारमण ने राज्यसभा में कहा कि व्यवस्था के तहत सरकार सभी राज्यों को जीएसटी का आरंभिक भुगतान करती है लेकिन अंतिम भुगतान राज्यों द्वारा महालेखाकार का प्रमाण पत्र भेजने के बाद किया जाता है।

# भारत की विकास यात्रा में लाभकारी है 5 डी : राष्ट्रपति

एजेंसी

### आइआइआइटी लखनऊ के दीक्षांत समारोह में बोलीं, भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत के पास 5 डी (डिमांड, डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी, डिजायर व ड्रीम) है, जो विकास की यात्रा में लाभकारी है। हमारी अर्थव्यवस्था एक दशक पहले 11वें पायदान पर थी। आज पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2030 तक यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है।

भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। यहां 55 फीसदी से अधिक आबादी 25 वर्ष से कम उमर की है। भारत प्रगतिशील व लोकतांत्रिक राष्ट्र है। हमारा सपना है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। आप भी न केवल इस विजन के भागीदार बनें, बल्कि इसे पूरा करने के लिए सर्वस्व लगा दें। हमें प्रतिज्ञा करनी होगी जब भारत आजादी के 100 वर्ष पूरा कर रहा हो, तब आने वाली पीढ़ियां ऐसे भारत में जन्म लें, जो संपन्न-समृद्ध हो और जहां विकास समावेशित



हो। उक्त बातें राष्ट्रपति ने मंगलवार को कहीं। वे भारतीय सूचना प्रौद्यागिकी संस्थान (आईआईआईटी) लखनऊ के द्वितीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। उन्होंने मेधावियों को डिग्री व मेडल प्रदान करते हुए पदक पाने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राष्ट्रपति ने विद्यां ददाति विनयम्, विनयाद् याति पात्रताम। पात्रत्वात धनमाप्नोति धनात धर्मं ततः सुखम श्लोक सुनाया और कहा कि विद्या विनय देती है और विनय से पात्रता आती है।

# कांग्रेस की डकैतियां 70 सालों से प्रसिद्ध हैं और अभी भी जारी

## धीरज साहू मामले में पीएम मोदी ने किया तंज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से जुड़े परिसरों से 350 करोड़ रुपये से अधिक की बरामदगी के मुद्दे पर मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और इसके लिए एक लोकप्रिय क्राइम सीरिज का हवाला दिया।

प्रधानमंत्री की यह प्रतिक्रिया भाजपा की ओर से एक्स पर एक पोस्ट किए गए उस वीडियो के जवाब में आई है, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ साहू की तस्वीरें और झारखंड के सांसद से जुड़े परिसरों पर आयकर छापे के दौरान बरामद नकदी के ढेर दिखाई दे रहे है। वीडियो में राहुल गांधी को नोटों के ढेर पर लेटे दिखाया गया है। भाजपा ने वीडियो के साथ लिखा

### ▸▸ कहा- जब आपके पास कांग्रेस पार्टी है तो किसे जरूरत है मनी हीस्ट की



कांग्रेस प्रस्तुत करती है मनी हाइस्ट जबकि पृष्ठभूमि में क्राइम सीरिज का लोकप्रिय शीर्षक गीत बज रहा है। मनी हाइस्ट एक स्पेनिश ड्रामा सीरिज है जिसकी कहानी के केंद्र में डकैती है। प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा कि भारत में मनी हाइस्ट कथा की जरूरत किसे है, जब आपके पास कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस की डकैतियां 70 वर्षों से प्रसिद्ध हैं और अभी भी जारी हैं। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया था कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य साहू के परिवार के स्वामित्व वाली ओडिशा स्थित बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी में 351 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई है और यह देश में किसी भी जांच एजेंसी द्वारा एक कार्रवाई में अब तक की सबसे अधिक बरामदगी है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री ने साहू के घर से मिली करोड़ों की नकदी को लेकर एक पोस्ट की थी। उन्होंने एक खबर साझा करते हुए पोस्ट में कहा था कि देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के भाषणों को सुनें.. जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है।

## बड़ी डकैती के बारे में बतायें पीएम : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने सांसद धीरज प्रसाद साहू से जुड़े परिसरों से 350 करोड़ रुपये से अधिक की बरामदगी के मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमले के बाद उन पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें 1947 के बाद की सबसे बड़ी डकैती के बारे में बताना चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने अडाणी समूह से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले का हवाला दिया। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि प्रिय नरेन्द्र मोदी जी, देश चाहता है कि आप 1947 के बाद की सबसे बड़ी डकैती के बारे में बताएं। आपके करीबी दोस्त अडाणी ने आयातित कोयले और बिजली उपकरणों की कीमतें बढ़ाकर भारत से 17,500 करोड़ हड़प लिए। वह ऑफशोर शेल कंपनियों के माध्यम से भारत में 20,000 करोड़ रुपये वापस लाते हैं और सेबी की नजर के सामने स्टॉक की कीमतें बढ़ाते है। वह बढ़े हुए स्टॉक का उपयोग करके अपनी सेवा में बैंकों से अरबों रुपये कर्ज लेते हैं। उन्होंने दावा किया कि वह (अडाणी) ईडी, सीबीआई व आईटी का उपयोग करके उपहार में दी गई ।



टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने अपने चालक दल के सदस्यों (केबिन क्रू और पायलटों) के लिए नयी पोशाक पेश की है। इसे मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने तैयार किया है। इसमें तीन सर्वोत्कृष्ट भारतीय रंग हैं- लाल, बैंगनी और सोना, जो आत्मविश्वासी, जीवंत नये भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## यूपीआइ से स्वचालित पेमेंट अब एक लाख रुपये प्रतिदिन होगा

**मुंबई।** आरबीआइ ने मंगलवार को कुछ श्रेणियों के लिए यूपीआइ के जरिये स्वचालित भुगतान की सीमा को 15,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति लेनदेन कर दिया। इसके दायरे में म्यूचुअल फंड को भी शामिल किया गया है। अभी तक 15,000 रुपये के बाद के आवर्ती लेनदेन के लिए कार्ड, प्रीपेड भुगतान साधनों और यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) पर ई-निर्देश/ स्थायी निदेशों का निष्पादन करते समय प्रमाणीकरण के अतिरिक्त कारक (एएफए) में छूट की मंजूरी है। आरबीआई ने आवर्ती लेनदेन के लिए ई-निर्देश के निष्पादन पर जारी एक परिपत्र में कहा कि म्यूचुअल फंड की सदस्यता, बीमा प्रीमियम के भुगतान और क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान के लिए एक लेनदेन की सीमा को 15,000 रुपये से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये करने का निर्णय लिया गया है।

# संजय राउत के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज

एजेंसी

**यवतमाल (महाराष्ट्र)।** शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र सामना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में आपत्तिजनक लेख लिखने के आरोप में यवतमाल पुलिस ने पार्टी के सांसद संजय राउत के खिलाफ देशद्रोह और अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि भाजपा के यवतमाल जिला समन्वयक नितिन भुटाड़ा की ओर से राज्यसभा सदस्य राउत के खिलाफ की गई शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। राउत सामना के कार्यकारी संपादक हैं। शिकायत में भुटाड़ा ने दावा किया कि राउत ने 10 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक लेख लिखा था। अधिकारी ने बताया कि सोमवार

### शिवसेना सांसद ने 10 दिसंबर को सामना में पीएम के खिलाफ आपत्तिजनक लिखा था लेख



को यहां उमरखेड़ थाने में राउत के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124 (ए) (देशद्रोह), 153 (ए) (धर्म, जाति, जन्म स्थल, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और 505 (2) (समुदायों के बीच शत्रुता, घृणा या द्वेष पैदा करने या बढ़ावा देने वाले बयान) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने शिकायत के अनुसार मामला दर्ज कर लिया है और इसकी जांच करेंगे।

## एक नजर में

### पोलैंड के नये प्रधानमंत्री होंगे डोनाल्ड टस्क



**वारसॉ।** पोलैंड की संसद ने सोमवार को मध्यमार्गी पार्टी के नेता डोनाल्ड टस्क को प्रधानमंत्री के रूप में चुन लिया। इसी के साथ आठ साल पुराने राष्ट्रीय रूढ़िवादी शासन के बाद यूरोपीय संघ समर्थक नई सरकार का मार्ग प्रशस्त हो गया। पोलैंड के ऑनलाइन समाचार पोर्टल द वारसॉ आवाज के अनुसार टस्क को राष्ट्रीय चुनाव के लगभग दो महीने बाद प्रधानमंत्री चुना गया। यह वामपंथी से लेकर उदारवादी रूढ़िवादी पार्टियों तक जीत है। इस पोर्टल के मुताबिक प्रधानमंत्री माट्यूज मोराविकी के संसद में विश्वास मत हारने के बाद हुए मतदान में टस्क के पक्ष में 248 पड़े। 201 सांसदों ने उनके विरोध में वोट किया। पोलैंड में 15 अक्टूबर को हुए आम चुनाव में विपक्षी दलों के गठबंधन ने जीत हासिल की थी।

### अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके

**काबुल।** अफगानिस्तान में मंगलवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.2 मापी गई है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने यह जानकारी दी है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप आज सुबह 7 बजकर 35 मिनट आया। फिलहाल भूकंप के कारण किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले भी अफगानिस्तान के फैजाबाद में 4.4 की तीव्रता का भूकंप आया था। यह भूकंप फैजाबाद से लगभग 180 किलोमीटर दक्षिण पूर्व की गहराई पर आया। अक्टूबर में अफगानिस्तान में आए भूकंप में 4,000 से अधिक लोग मारे गए थे।

### रूसी सेना में दो सौ से अधिक नेपाली शामिल

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने रूसी सेना में नेपाली युवाओं के सम्मिलित होने पर चौंकाने वाला खुलासा किया है। पिछले हफ्ते रूसी सेना के तरफ से युद्ध लड़ रहे में 6 नेपाली युवाओं की मौत की खबर आने के बाद प्रधानमंत्री के तरफ से यह खुलासा किया गया है। माओवादी पार्टी मुख्यालय में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने कहा कि रूस और युक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद 200 से अधिक नेपाली युवा रूसी सेना में शामिल होने की जानकारी सरकार के पास है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस मामले में जांच के आदेश भी दे दिए हैं। पिछले दिनों रूस युक्रेन युद्ध में रूसी सेना के तरफ से लड़ते हुए 06 नेपाली युवाओं की मौत की खबर के बाद सरकार ने जांच का आदेश दिया था। पुलिस ने इस मामले में 50 से अधिक पासपोर्ट सहित करीब दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

### अल-अजीजिया भ्रष्टाचार मामले में नवाज बरी

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को अल-अजीजिया स्टील मिल भ्रष्टाचार मामले में बरी कर दिया। अदालत का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब अगले चुनाव में उनकी नजरें प्रधानमंत्री के तौर पर रिकॉर्ड चौथे कार्यकाल पर टिकी हैं। शरीफ (73) को भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने दिसंबर 2018 में सात साल की जेल की सजा सुनाई थी और उन पर भारी जुमार्ना लगाया था। अदालत ने शरीफ की यह दलील स्वीकार नहीं की थी कि 2001 में उनके पिता द्वारा सऊदी अरब में स्थापित स्टील मिल से उनका कोई लेना-देना नहीं था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अल-अजीजिया मामले में शरीफ को बरी कर दिया। उन्हें एवेनफील्ड मामले में पहले ही बरी कर दिया गया था, जिसमें उन्हें जुलाई 2018 में दोषी ठहराया गया था और दस साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

### सीओके भी हमारा होना चाहिए : इंद्रेश कुमार

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर से जुड़े अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने के सरकार के फैसले की वैधता को उच्चतम न्यायालय द्वारा बरकरार रखे जाने के एक दिन बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार ने कहा है कि न सिर्फ पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) बल्कि चीन के कब्जे वाला कश्मीर (सीओके) भी भारत में होना चाहिए। इंद्रेश कुमार ने दावा किया कि अब वह दिन दूर नहीं जब देश को इसमें भी सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब तो पीओके ही नहीं सीओके भी आना चाहिए। कैलाश मानसरोवर चीन से मुक्त होना चाहिए। लद्दाख का जो बहुत बड़ा भू-भाग, जम्मू-कश्मीर का जो भू-भाग चीन के कब्जे में है, वह भी आना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं है, जब इसमें सफलता मिलेगी।

### दुष्कर्म मामले में भाजपा विधायक दोषी करार

**सोनभद्र।** नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के नौ साल पुराने एक मामले में जनपद के दुद्धी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड़ को मंगलवार को यहां की एक अदालत ने दोषी करार दिया और सजा सुनाने के लिए 15 दिसंबर की तिथि निर्धारित की। अदालत ने विधायक को दोषी करार देने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गोंड सोनभद्र जिले में दुद्धी (आरक्षित सीट) से विधायक है। विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि ए डी जे प्रथम (एमपी/एमएलए) अदालत के न्यायाधीश एहसान उल्लाह खान ने गोंड़ को एक किशोरी से दुष्कर्म के 2014 के एक मामले में दोषी करार दिया है। उन्होंने बताया कि घटना के समय विधायक की पत्नी ग्राम प्रधान थीं। यह घटना चार नवंबर 2014 की है जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म), 506 (आपराधिक धमकी के लिए सजा), और 5 एल /6 पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत विधायक पर मुकदमा दर्ज हुआ था। रामदुलार गोंड को एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी बनाया गया था।

# सेंसेक्स 377 अंक लुढ़का

### निफ्टी 90 अंक गिरावट के साथ 20,906 पर बंद

**मुंबई।** शेयर बाजारों में दो दिन की रिकॉर्ड तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली से मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 377 अंक से अधिक लुढ़क गया। मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले यह गिरावट आई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 377.50 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 69,551.03 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 484.68 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 90.70 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 20,906.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 21,037.90 अंक की रिकॉर्ड ऊंचाई तक चला गया था। विदेशी निवेशकों की लिवाली से दोनों प्रमुख सूचकांक सोमवार को रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए थे। बीएसई सेंसेक्स पहली बार कारोबार के दौरान 70,057.83 अंक तक चला गया था। निफ्टी भी 21,000 के नीचे 20,997.10 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक, मारुति, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो और आईटीसी शामिल हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, ह्यह्यउतार-चढ़ाव भरे कारोबार में निफ्टी में दो दिन से जारी तेजी पर विराम लगा।

## अक्टूबर में औद्योगिक उत्पादन 11.7 % बढ़ा

**नयी दिल्ली।** देश की औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर अक्टूबर में 16 माह के उच्चस्तर 11.7 प्रतिशत पर पहुंच गई। विनिर्माण, खनन एवं बिजली क्षेत्रों के बढ़िया प्रदर्शन से यह तेजी आई है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, भारत के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि दर अक्टूबर, 2023 में 16 महीनों के उच्चस्तर 11.7 प्रतिशत पर पहुंच गई। एक साल पहले के समान माह में औद्योगिक उत्पादन में 4.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी मासिक आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर महीने में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 10.4 प्रतिशत बढ़ा। खनन क्षेत्र की वृद्धि दर 13.1 प्रतिशत रही जबकि बिजली क्षेत्र के उत्पादन में 20.4 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया।

# फिल्म 'जीना इसी का नाम है' का ट्रेलर आउट

**मुंबई।** यश कुमार की एक्शन पैक्ड भोजपुरी फिल्म जीना इसी का नाम है का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। फिल्म की केन्द्रीय भूमिका में यश कुमार, श्रुति राव और देव सिंह नजर आ रहे हैं। फिल्म के निर्माता दीपक बजाज और निर्देशक चंदन सिंह हैं। इस फिल्म को लेकर दीपक बजाज ने कहा कि यह बड़े बजट की फिल्म है और इसका निर्माण भव्यता के साथ किया गया है।

फिल्म भोजपुरी दर्शकों को बेहद पसंद आने वाली है। यश कुमार इस फिल्म में एक अलग ही अंदाज में नजर आ रहे हैं। यश कुमार ने फिल्म जीना इसी का नाम है को लेकर कहा कि यह हमारे समाज के बीच की कहानी को चरितार्थ करने वाली फिल्म है। फिल्म में मेरे किरदार में वेरिएशन देखने को मिलेगा। मैंने अपने हिस्से की स्क्रीन टाइम बखूबी जिया है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म हर



मायने में मनोरंजक है। फिल्म के गाने और संवाद की अपनी खूबसूरती है। सभी किरदारों ने इस फिल्म में अपना बेस्ट देने की कोशिश की है, तब जाकर हम आज एक मजेदार फिल्म लेकर अपने दर्शकों के समक्ष खड़े हैं। उम्मीद है प्यार और आशीर्वाद मिलेगा। फिल्म जीना इसी का नाम है में यश कुमार, श्रुति राव, काजल सिंह, विनोद मिश्रा, अनिता रावत, देव सिंह प्रमुख भूमिका में हैं। इसके संगीतकार साजन मिश्रा और भरत चौहान हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# शिक्षा में परेशानी से बचाये एजुकेशन लोन

**शैलेंद्र सिंह**

बैंक एजुकेशन लोन देने से पहले उसकी वापसी यानी रिपेमेंट सुनिश्चित करता है। आमतौर पर लोन उसे ही दिया जाता है, जो इसे वापस करने की क्षमता रखता है। रिपेमेंट लोन लेने वाले स्टूडेंट के अभिभावक कर सकते हैं या फिर लोन लेने वाला स्वयं पढ़ाई खत्म करने के बाद रिपेमेंट कर सकता है। लोन लेने के लिए गारंटर की जरूरत पड़ती है। गारंटर लोन लेने वाले का अभिभावक या फिर रिश्तेदार हो सकते हैं। बैंक किसी भी कोर्स के लिए होने वाले खर्चों की पूर्ति करने के लिए वित्तीय मदद मुहैया कराता है। एजुकेशन लोन के दायरे में देश और विदेश में पढ़ाए जाने वाले कोर्स शामिल होते हैं। आप चाहें तो किसी के लिए भी बैंक से लोन ले सकते हैं।

## जैसी पढ़ाई वैसा लोन

भारत में 12वीं की स्कूली शिक्षा, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, पीएचडी, इंजीनियरिंग, मेडिकल, एग्रीकल्चर, ला, डेंटल, मैनेजमेंट, कंप्यूटर, मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थानों के कंप्यूटर कोर्स, आईसीडब्लूए, सीए आदि जैसे कोर्सों के लिए एजुकेशन लोन ले सकते हैं। यदि आप विदेश में पढ़ाई करने की चाहत रखते हैं, तो प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी के जॉब ओरिएंटेड प्रोफेशनल या टेक्निकल कोर्स, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, एमसीए, एमबीए, एमएस आदि के लिए भी एजुकेशन लोन बैंक से हासिल कर सकते हैं।

स्कूल, कालेज और होस्टल की फीस, परीक्षा, लाइब्रेरी और लेबोरेटरी की फीस, किताबें, इंस्ट्रूमेंटस, इक्विपमेंट, यूनिफॉर्म खरीदने के लिए, विदेश में पढ़ाई के लिए यात्रा खर्च, रास्ते का खर्च, स्टडी टूर, प्रोजेक्ट वर्क, थीसिस इत्यादि के लिए एजुकेशन लोन मिल जाता है।

जब आप एजुकेशन लोन लेने का मन बना लेते हैं, तो आप पहले से ही यह अंदाजा लगा लें कि आपकी जरूरत कितनी है? अलग-अलग मद में कितना खर्च होगा? पढ़ने के लिए कहां जाना है? कितना समय लगेगा? इस पर विचार करने के बाद अपना बजट तैयार करें और तय करें कि कितना बोझ आप खुद उठा सकते हैं।

मंदी के कारण आजकल मार्केट की स्थिति बेहतर नहीं है। ऐसे में जान लें कि आप जो लोन लेने जा रहे हैं, उसकी रिपेमेंट सही समय पर हो जाए। इसलिए लोन उतना लिया जाए, जितना अदा कर सकें। नौकरी लगने के बाद रिपेमेंट के ऑप्शन पर विचार करने से पहले सभी विकल्पों और अच्छी-बुरी सभी प्रकार की संभावनाओं पर पूरी तरह विचार कर लिया जाना चाहिए।

बेशक बाजार की मांग और आपूर्ति का इस सेक्टर पर नकारात्मक असर नहीं पड़ता, लेकिन फ्लोटिंग रेट का असर जरूर पड़ता है। विशेषकर लंबी अवधि के लोन, फ्लोटिंग रेट से प्रभावित होते हैं।

बैंक अन्य लोन की तरह ही एजुकेशन लोन पर भी ब्याज वसूलता है, लेकिन यह वसूली करने के लिए उसके पास मुख्य रूप से 3 विकल्प हैं। इनमें एक आकर्षक जरिया है मोरेटोरियम पीरियड जिसे रिपेमेंट हॉलीडे भी कहा जाता है। इसमें विकल्प होता है कि लोन लेने वाला इसकी रिपेमेंट जिस कोर्स में ऐडमिशन लिया गया है, उसकी समाप्ति के बाद कर सकता है। रिपेमेंट मोरेटोरियम कई बैंक कोर्स की समाप्ति के 1 वर्ष बाद या नौकरी लगने के 6 महीने बाद शुरू करने के विकल्प देते हैं। कोर्स के दौरान सिर्फ ब्याज का भुगतान करना होगा। कोर्स पूरा करने के बाद वास्तविक ईएमआई (मूल व ब्याज) का पेमेंट करना होगा। लोन मिलने के तुरंत बाद ईएमआई का भुगतान कर सकते हैं। इस बारे में कई बैंक ब्याज दर पर डिस्काउंट भी देते हैं।

## लोन पर ब्याज का रखें ध्यान

आमतौर पर एजुकेशन लोन पर ब्याज की दर पसर्नल लोन के रेट से कम होती है। कुछ बैंक फिक्स रेट चार्ज करते हैं, तो कुछ फ्लोटिंग रेट पर। इन दोनों में करीब 1 प्रतिशत का अंतर होता है। ऐक्सपर्ट सलाह देते हैं कि एजुकेशन लोन की अवधि 5 से 7 वर्ष की होती है, इसलिए रिपेमेंट के लिए फिक्स रेट का ऑप्शन बैंक नहीं देते। ऐसे में जरूरत है वास्तविक फिक्स रेट की जानकारी लेने की।

कई बैंक लड़कियों के लिए ब्याज की दर में डिस्काउंट का ऑप्शन भी देते हैं। इन दिनों कई बैंक एजुकेशन लोन के लिए प्रोसेसिंग फीस चार्ज नहीं करते। जिस बैंक से आप लोन ले रहे हैं और यदि वह आप से प्रोसेसिंग फीस की मांग कर रहा है, तो आप उस बैंक के साथ निगोशिएशन कर सकते हैं। आमतौर पर सभी बैंक उस स्थिति में प्रीपेमेंट फीस चार्ज नहीं करते जब लोन लेने वाला अपने बूते लोन की प्रीपेमेंट करता है। लेकिन लोन की बकाया राशि किसी और बैंक में ट्रांसफर करने की हालत में प्रीपेमेंट फीस वसूल की जाती है।



### एजुकेशन लोन में सावधानी

स्टूडेंट को चाहिए कि वे लोन से संबंधित जो विवरण और दस्तावेज दे रहे हैं, वे पूरी तरह सही हों और बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हों। साथ ही, कोर्स के दौरान कितना खर्च आ सकता है, उसका भी विवरण देना चाहिए। लोन की स्वीकृति बैंक के नियमों के तहत ही दी जाती है। कई बार लोन के दौरान कोर्स और यूनिवर्सिटी को भी ध्यान में रखा जाता है। साथ ही, पेरेंट्स या कोएप्लिकैंट के फाइनेंशियल स्टेटस पर भी नजर रखी जाती है। 4 लाख रुपए तक के एजुकेशन लोन पर किसी सिक्योरिटी की जरूरत नहीं होती है। लेकिन इसके लिए पेरेंट्स के फाइनेंशियल स्टेटस का अप्रेजल किया जाता है।

यदि 4 लाख रुपए से अधिक लोन लेते हैं, तो लोन के अनुरूप सिक्योरिटी की जरूरत होती है या किसी थर्ड पार्टी को गारंटी लेनी पड़ती है। कोर्स के दौरान पहले साल उपयोग किए गए लोन का सिंपल इंटरेस्ट ही अदा करना होता है। लेकिन कोर्स खत्म होने के बाद रिपेमेंट की प्रक्रिया शुरू होने के 5 वर्षों में पूरा पेमैंट करना होता है।

## पहले से करें लोन की तैयारी

एजुकेशन लोन लेने के लिए कुछ औपचारिकताओं को पूरा करना पड़ता है, इसके बिना एजुकेशन लोन मिलना आसान नहीं होता है। कई बार लोन इसलिए नहीं मिलता क्योंकि संबंधित कोर्स यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं होते हैं। इसलिए लोन लेने से पहले पूरी तैयारी करनी बेहद जरूरी है।

बैंक, ग्राहकों को लोन लेने में अलग-अलग सुविधाएं भी प्रदान करते हैं, जैसे कि कोई बैंक लड़कियों को ब्याजदर में छूट देता है, तो कोई बैंक लोन देने में प्रीपेमेंट चार्ज नहीं लेता है। इसके अलावा, प्रत्येक बैंक की प्रोसेसिंग फीस भी अलग-अलग होती है।

आमतौर पर लोन लेने से पहले कुछ प्रमाणपत्रों की जरूरत होती है जैसे एडमिशन मिलने का प्रमाणपत्र, स्टडी प्रोग्राम का कास्ट ब्रेकअप, लोन लेने का आवेदनफॉर्म, पते, पहचान के प्रमाण, सिगनेचर वेरिफिकेशन यानी आवेदक की जानकारी, गारंटर की इनकम प्रूफ, विदेश जाने के लिए लोन लेने पर यूनिवर्सिटी का लेटर, वीजा डॉक्यूमेंट और ट्रैवल पेपर्स, खर्चों की सूची, फोटोग्राफ आदि।

एजुकेशन लोन उन स्टूडेंट को ही दिया जाता है जो आगे की पढ़ाई यानी हायर, टेक्निकल या प्रोफेशनल कोर्स भारत या इस से बाहर करना चाहते हैं। एजुकेशन लोन विभिन्न कैरियर-ओरिएंटेड कोर्सों इंजीनियरिंग, मेनेजमेंट, मेडिकल आदि में प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स को आसानी से मिल जाता है।

इस के अलावा, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स को भी एजुकेशन लोन दिया जाता है। वैसे, कोर्स फीस के अतिरिक्त कंप्यूटर, मेडिकल किट आदि के लिए भी लोन दिया जाता है। इसके लिए सबसे पहले जिस बैंक से लोन लेना है, वहां का निर्धारित फौर्म भरना होता है। फॉर्म के अलावा, फोटोग्राफ, आईडेंटिटी प्रूफ, रेजिडेंस प्रूफ, इनकम प्रूफ, एजुकेशनल क्वालिफिकेशन से संबंधित सर्टिफिकेट्स, सीनियर सेंकड्री स्कूल की मार्कशीट, एमबीए के लिए पोस्ट ग्रेजुएट या ग्रेजुएशन की मार्कशीट, स्कॉलरशिप से संबंधित डॉक्यूमेंट्स (यदि कैंडिडेट के पास हैं) आदि की जरूरत होती है। इसके अलावा, ऐडमिशन लेटर और कोर्स की अवधि आदि से संबंधित प्रारूप की भी जरूरत होती है।

# बस कोशिश अनवरत जारी रहनी चाहिए, सफल होंगे



**अजय दीप बाधवा**

**राम** कथा में एक छोटा सा प्रसंग है कि जब भगवान श्री राम श्रीलंका में युद्ध के लिए समुद्र पर सेतु बनवा रहे थे उस समय उन्होंने देखा कि एक छोटी गिलहरी बालू पर लोटपोट हो जाती है और अपने गीले शरीर में बालू के कुछ कण को चिपका कर समुद्र में जाती है। उन बालू के कण को वह पानी में छोड़कर वापस आकर अपने गीले बदन में फिर बालू के नए कण चिपका कर समुद्र में पुनः जाती है। किनारे से बालू के कुछ कण लेकर समुद्र में जाकर उन्हें छोड़ देने की प्रक्रिया में वह में वह दिन भर लगी रहती है। जब भगवान राम ने उसे ऐसे करते देखा तो उन्होंने गिलहरी को बुलाया, उसे हाथ से उठाया और पूछा कि आप यह क्या कर रही हैं? गिलहरी ने उतर दिया कि यहां पर एक पुल बन रहा है जिसमें मेरे भगवान राम दुष्ट रावण का वध करने जाएंगे; मैं चाहती हूं कि जब इतिहास में इस होने वाले महायुद्ध और रावण के होने वाले विनाश की गाथा सुनाई जाए तो उसमें मेरी भी कहीं ना कहीं कोई चर्चा हो। मैं पुल तो पूरा नहीं बन सकती पर उसके निर्माण कुछ अपना योगदान तो कर ही सकती हूं और मैं वही कर रही हूं। इस कहानी का तात्पर्य है कि जब भी कोई भी बड़ा काम विश्व निर्माण, देश निर्माण या समाज निर्माण का होता है तो हम उसमें अपना कुछ ना कुछ योगदान तो कर ही सकते हैं। हम प्रायः यह सोचते हैं कि काम बहुत बड़ा है और हम बहुत छोटे व्यक्ति हैं, हमारा योगदान कुछ नहीं होगा। पर यह देखा गया है कि जब भी कोई बड़ा कार्य समाज में होता है तो उसमें हर व्यक्ति का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कुछ ना कुछ योगदान होता है। हमें कभी भी यह नहीं सोचना चाहिए कि यह काम बहुत बड़ा है और हम इसमें कुछ नहीं कर सकते हैं। बचपन में एक कहावत सुनी थी कि बूंद बूंद से समुद्र बनता है; गागर से सागर भरा जा सकता है। आपने देखा होगा की कितनी भी जोर की बरसात क्यों न हो पर पहाड़ के पत्थर को उससे कोई फर्क नहीं पड़ता है, वह सालों साल बरसात को झेलता है और टूटता भी नहीं हैं। पर आप उसी बड़े पत्थर के ऊपर एक छोटा सा पानी का नल लगा दें और उस नल से अनवरत पानी पत्थर के ऊपर एक स्थान पर गिरता रहे तो कुछ वर्ष के बाद आप पाएंगे कि जिस जगह पानी की पतली धार नल से अनवरत पत्थर पर पड़ रही थी उस जगह से पत्थर में छेद हो जाता है और पत्थर टूटने की कगार पर आ जाता है। यानी जोरदार वर्षा बड़े पत्थर का कुछ नहीं कर पाती, क्योंकि वह कुछ समय के लिए होती है। पर छोटी नल की धारा अनवरत जब बड़े पत्थर पर पड़ती रहती है तो वहां पर वह सुराख बनाने में कामयाब हो जाती है। आज के युवा को यही संदेश है कि आप जो भी करें अनवरत करते रहें। आप छोटा-छोटा कार्य करके भी अपने कैरियर को बना सकते हैं और अपने परिवार और नए समाज का निर्माण कर सकते हैं। बस कोशिश अनवरत जारी रहनी चाहिए। **(मोटिवेटर सह वित्त विषयों के जानकार)**

## 2024 में 8 लाख से अधिक युवाओं को डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में मिलेगा रोजगार, क्या आप हैं तैयार

लिंक्डइन साइट के अनुसार केवल डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में 2024 में 8 लाख से अधिक पदों पर नौकरी दी जानी है। इन पदों में सोशल मीडिया मैनेजर, कंटेंट स्ट्रेटिजिस्ट, एसईओ विशेषज्ञ, मार्केटिंग विश्लेषक जैसे पद डिमांड में हैं। बेरोजगार युवा 2024 में डिजिटल मार्केटिंग फील्ड में अपना कॅरिअर बनाकर नई शुरूआत कर सकते हैं। इन पदों में सोशल मीडिया मैनेजर, कंटेंट स्ट्रेटिजिस्ट, एसईओ विशेषज्ञ, मार्केटिंग विश्लेषक जैसे पद डिमांड में हैं। डिजिटल मार्केटिंग फील्ड 2023 के भी टॉप 10 नौकरी देने वाले सेक्टरों में शामिल रहा है। अगर आप भी बेरोजगार हैं और नौकरी की तलाश कर रहे हैं तो देश की जानी मानी ऐडटेक कंपनी सफलता डॉट कॉम के ऊ३ह्व ट१ह्यी३ल्लॅ उङ्ग४१२री के जरिए कम समय में आकर्षक सैलरी वाली जॉब हासिल कर सकते हैं। सफलता के इस कोर्स से अब तक हजारों युवा डिजिटल सेक्टर में मनचाही नौकरी हासिल कर चुके हैं।

# मॉरगेज को समझें

मॉरगेज एक लोन होता है, जो बैंक या वित्तीय संस्थान आपकी संपत्ति को बंधक रखकर देती हैं। यहां बंधक रखने का मतलब यह नहीं है कि बैंक आपकी संपत्ति पर कब्जा कर ले। इसका आशय सिर्फ इतना है कि अगर आप नियत समय में लोन नहीं चुका पाते हैं तो बैंक के पास आपकी संपत्ति पर कब्जा करने का अधिकार होगा।

सरल शब्दों में कहें तो मॉरगेज एक ऐसा कर्ज है, जो आप अपनी संपत्ति को बंधक रखकर लेते हैं। आम तौर पर मॉरगेज का इस्तेमाल नया मकान खरीदने के लिए धनराशि जुटाने की खातिर किया जाता है। लेकिन इसका कई अन्य कार्यो, नया कारोबार शुरू करने या इसके विस्तार में, इलाज कराने, बच्चे की उच्च शिक्षा के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है।



अगर आप तय समय में लोन को नहीं चुका पाते हैं तो उधार देने वाला बंधक प्रॉपर्टी को कर्ज वसूली के लिए बेच सकता है। तय समय से आशय उस अवधि से है, जिसके भीतर आपको ईएमआइ के जरिये कर्ज वापस चुकाना है। निश्चित समय अंतराल पर जाने वाली इस किस्त में मूलधन व ब्याज दोनों का हिस्सा होता है। लोन को चुकाने की अवधि कई कारणों पर निर्भर करती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण वह धनराशि है, जो आप घर खरीदने से पहले डाउन पेमेंट के तौर पर जमा करते हैं।

**मॉरगेज के प्रकार**

>> पहला, फिक्स्ड ब्याज दर वाला लोन। इस मॉरगेज में ब्याज दरें नहीं बदलतीं।

>> फ्लोटिंग यानी परिवर्तनीय ब्याज दर वाला मॉरगेज। इस तरह के लोन पर ब्याज दर घटती-बढ़ती रहती है। लेकिन यह बेस रेट से नीचे नहीं जाती है।

**क्लोज्ड मॉरगेज**

इसके तहत लोन लेने वाला व्यक्ति अगर समय से पहले लोन चुकाना चाहता है तो उसे इसका शुल्क देना पड़ेगा। इस तरह के शुल्क को बैंक व वित्तीय संस्थान तय करते हैं।

**ओपन मॉरगेज**

इस तरह के लोन में अगर आप समय से पहले लोन चुकाते हैं तो उस पर शुल्क नहीं देना पड़ता।

जरूरी दस्तावेजः आइडी प्रूफ, आयु का सबूत, पते का सबूत, - पासपोर्ट साइज फोटो और पिछले छह माह का बैंक स्टेटमेंट।

**किस तरह तय होती है ब्याज दरें :** मॉरगेज के लिए ब्याज दर अलग-अलग मामलों में भिन्न होती है। शुरू में यह उधार लेने वाले व्यक्ति की इच्छा व उसके चुकाने की योग्यता पर निर्भर करती है। बैंक व वित्तीय संस्थान तीन तरीके से इसका पता लगाते हैं-ऋण इतिहास, कार्य प्रोफाइल और उधार लेने वाले की उम्र।

मॉरगेज पाने का एक तरीका पॉलिसी बाजार जैसे पोर्टल पर जाकर अलग-अलग लोन की तुलना करना है। ऐसे पोर्टल से आपको जरूरत के हिसाब से मॉरगेज का पता चल जाएगा। आप जब इसकी ऑनलाइन तुलना करेंगे तो आप अपनी जरूरत के हिसाब से उनमें से एक चुन सकते हैं।

**क्या हैं लाभ :** कई लोगों को आश्चर्य होता है कि मॉरगेज अन्य तरह के लोन से किस तरह अलग है। यह निम्नलिखित कारणों से बेहतर है-

>> मॉरगेज सुरक्षित लोन है। इसलिए उधार लेने वाला व्यक्ति अधिक लोन के लिए आग्रह कर सकता है।

>> लोन चुकाने की अवधि 25 वर्ष होती है, जो अन्य तरह के लोन चुकाने की अवधि से अधिक है।

>> मॉरगेज अन्य तरह के पर्सनल लोन से ब्याज दरों व प्रोसेसिंग फीस के मामले में सस्ता होता है।

>> सुरक्षित लोन होने की वजह से मॉरगेज के लिए कम से कम दस्तावेजों की जरूरत होती है और

# कॉलेज में पढ़ाई के साथ करें कमाई भी

कॉलेज में पढ़ाई का खर्च भी ज्यादा होता है। ऐसे में परिवार की माली हालत अच्छी नहीं हो तो परेशानी आ सकती है। हालांकि, इस तरह के हालात से बचा जा सकता है। आप पढ़ाई के साथ कुछ घंटे काम करके कॉलेज के दौरान 10 से 20 हजार रुपए मंथली कमा सकते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ कुछ घंटे देकर पैसा कमाने के कुछ तरीके जिसमें आपको ज्यादा मेहनत नहीं करनी होगी।

## सोशल मीडिया स्ट्रेटेजिस्ट

सोशल मीडिया के बढ़ते असर को देखते हुए कॉर्पोरेट कंपनियां, पॉलिटिशियन, सरकारी कार्यालयों आदि में सोशल मीडिया मैनेज करने वालों की मांग तेजी से बढ़ी है। इसमें वैसे लोगों की मांग बढ़ी है, जिसको फेसबुक, ट्विटर, लिंक्डइन, यूट्यूब आदि की समझ हो और इसको अच्छे से मैनेज करने की क्षमता रखते हों। अगर, आप कॉलेज स्टूडेंट हैं तो इस काम को पढ़ाई के साथ बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इसके लिए कोई एक्सट्रा नॉलेज या स्पेस की जरूरत नहीं होगी। आपको कंटेंट और टेक्नोसेवी होना होगा।

कितनी होगी कमा

- अगर आप रोज 2 से 4 घंटे देकर इस काम में देते हैं तो यहां से 10 से 20 हजार रुपए तक कमा सकते हैं।
- एक बार आपका काम कंपनी या व्यक्ति को समझ में आ जाने के बाद काम लेने के लिए ज्यादा मशक्कत नहीं होगी।
- कंपनियां अपने प्रोडक्ट का प्रमोशन कराने या कोई लीडर अपनी पॉपुलरिटी बढ़ाने के लिए आपसे खुद संपर्क करेगा।
- इस काम में टाइम का भी कोई बाउंडेशन नहीं होगा। आप अपने स्मार्ट फोन से सारे काम को मैनेज कर सकते हैं।

### ऑनलाइन रीसर्चर

आज के इस कॉम्पिटेटिव दौर में ज्यादातर कंपनियां प्रोडक्ट लॉन्च करने से पहले ऑनलाइन रिसर्च करती हैं। इसके अलावा कॉलेज भी अलग-अलग टॉपिक पर रिसर्च कराते हैं। इसके लिए कॉलेज के डिपार्टमेंट्स पेड रिसर्च को पार्ट टाइम हायर करते हैं। हालांकि, इस फील्ड में काम करने के लिए आपके पास पहले से थोड़ा-बहुत अनुभव होना चाहिए। अगर, आप किसी प्रोडक्ट या सबजेक्ट को लेकर ऑनलाइन रीसर्च कर रहे हैं तो उसके विषय में पहले से जानकारी बहुत जरूरी है। तभी आप सही तरीके से रीसर्च कर सकते हैं।

### कितनी होगी कमाई

- ऑनलाइन रीसर्चर के तौर पर आप महीने में 15 से 20 रुपए कमा सकते हैं।
- इसके लिए आपको 2 से 5 घंटे देने होंगे।
- रीसर्च करने के लिए उस सबजेक्ट की जानकारी जरूरी होगी।
- फॉस्ट फूड शॉप में पार्ट टाइम जॉब।
- कॉलेज के बाद पार्ट टाइम जॉब के रूप में आप कॉफी-डे, बरिस्ता, केएफसी, डोमिनोज, बड़े डिपार्टमेंट स्टोर का रुख कर सकते हैं। इस तहर के फास्ट फूड स्टोर और डिपार्टमेंट स्टोर में आमतौर पर शाम के वक्त ज्यादा लोगों की जरूरत होती है। ऐसा नहीं कि सिर्फ शाम के वक्त ही ये पार्ट टाइम जॉब ऑफर करते हैं। सुबह, दोपहर और नाइट में भी पार्ट टाइम का ऑफर रहता है। ये यंग लड़के को पार्ट टाइम के तौर पर रखने की प्रमुखता देते हैं। इस तरह के डिपार्टमेंटल स्टोर में 3 से 6 घंटे काम करने का ऑफर हमेशा होता है।



- कितनी होगी कमाई
- बरिस्ता, केएफसी, डोमिनोज आदि में 3 से 5 घंटे काम कर मंथली 8 से 15,000 रुपए कमा सकते हैं।
- कमाई के साथ ये ड्रिंक (काफी, ठंडा) और मील (खान) मुफ्त में देते हैं।

### इवेंट प्लानिग

अगर, आप किसी मेट्रो सिटी (दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई या बेंगलुरू) में पढ़ाई कर रहे हैं तो आप रोज किसी न किसी इवेंट से रू-ब-रू जरूर हो रहे होंगे। बड़े शहरों के अलावा टियर टू और थ्री शहरों में इवेंट ऑर्गेनाइजर की मांग तेजी से बढ़ी है। इसके चलते इस सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों को नए हैंड की जरूरत पड़ती है। वे इसके लिए पार्ट टाइम लड़के या लड़कियों को हायर करते हैं।

इवेंट कंपनी में पार्ट टाइम जॉब की टाइमिंग 4 से 6 घंटे की होती है। इवेंट कंपनी में काम करने के सबसे बड़ा फायदा उन स्टूडेंट को मिलता है जो मैनेजमेंट (बीबीए या एमबीए) कर रहे होते हैं। उनको इवेंट के दौरान मैनेजमेंट के गुण सीखने को मिलते हैं। साथ ही वो ऐसे चैलेंज से भी अवगत हो जाते हैं, जो काम के दौरान भविष्य में उनके सामने आने वाले होते हैं।

### इतनी होगी कमाई

- इवेंट कंपनी में काम कर महीने के 10 से 20 हजार रुपए की कमाई आसानी से कर सकते हैं।
- महीने में 15 से 20 दिन काम करना होगा।
- काम 4 से 6 घंटा करना होगा।

### कंटेंट एडिटिंग एंड राइटिंग

अगर, आपको लिखने का शौक या भाषा पर अच्छी पकड़ है तो आप कंटेंट का काम कर अच्छी खासी रकम कमा सकते हैं। इसमें आप कंटेंट एडिटिंग से लेकर राइटिंग का काम कर सकते हैं। कंटेंट एडिटर के तौर पर आप जिस भाषा में काम करेंगे उस भाषा की ग्रामर पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए। वहीं फ्रीलांस राइटर के तौर पर काम करने के लिए आपको लिखने की शैली आनी चाहिए।

### कितनी होगी कमाई

- कंटेंट एडिटर के तौर पर यदि आप प्रत्येक दिन 2 से 4 घंटे देते हैं तो आप 10 से 20 हजार रुपए महीने कमा सकते हैं।
- इस काम को करने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी। आप घर बैठे यह काम कर सकते हैं। फ्रीलांस राइटिंग में भी यह सुविधा आपको मिलेगी।

स्पीड न्यूज

## शिविर में आवेदनों का किया गया निष्पादन

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को मेदिनीनगर नगर निगम की ओर से वार्ड 2, 10, 13, एवं 25 के लिये शांतिपुरी के ब्राह्मण विद्यालय मैदान में शिविर का आयोजन किया गया। इन स्थानों पर आयोजित शिविर में 350 से अधिक लोगों ने आवेदन दिये। इस दौरान जरूरतमंदो के बीच 150 से अधिक कंबल बांटे गये। 13 दिसंबर को नगर निगम का वार्ड 11 व 12 के लिये बीएन कॉलेज के मैदान में लगाया जायेगा। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने संबंधित वार्ड के लोगों से इस शिविर में भाग लेने की अपील की है।

## घर में हुई चोरी चार लाख की संपत्ति चोर ले उड़े



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड मुख्यालय चौक के निकट ठाकुर गंगटी गांव में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने दरवाजा तोड़कर दो घरों में चोरी कर गहना, नगदी, कपड़ा आदि सामान उड़ा ले गया। अज्ञात चोरों ने सेवानिवृत कर्मी रविंद्र नाथ ठाकुर के बंद घर का तीन दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया। कमरे में रखा गोदरेज, अलमीरा और बक्सा तोड़कर काफी विस्तार से खंगालते हुए गहना, नगदी, कपड़ा तथा कुछ अन्य सामग्री उड़ा ले गया। कुल मिलाकर करीब 400000 मूल्य के सामानों की चोरी किए जाने का अंदाजा लगाया जा रहा है। वही सेवानिवृत कर्मी रविंद्र नाथ ठाकुर के छोटे भाई बगलगीर सुबोध ठाकुर के घर में भी छत या किसी सहारे प्रवेश कर गया। उनके घर से भी बक्सा आदि तोड़कर कई सामान उड़ा ले गया। रविंद्र नाथ ठाकुर परिवार सहित कोलकाता में निवास करते हैं। उनके अनुपस्थित रहने के कारण सोमवार को थाना में आवेदन नहीं दिया जा सका। मंगलवार को रविंद्र नाथ ठाकुर के बड़े भाई के पोते ने ठाकुर गंगटी थाना में चोरी के संबंध में उचित कार्रवाई करने के लिए आवेदन दिया। हालांकि चोरी की सूचना मिलते ही ठाकुर गंगटी थाना की पुलिस द्वारा सोमवार को ही घटनास्थल की जांच की गई थी।

## अनुच्छेद 370 पर साहसिक और ऐतिहासिक फैसले



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने एक बयान जारी कर अनुच्छेद 370 एवं 35ए पर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केंद्र की सरकार समेत सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि आज से 52 माह पहले 5 अगस्त 2019 को केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में देश के गृह मंत्री माननीय अमित शाह ने जब इसकी घोषणा की थी तब पूरा देश मंत्रमुग्ध था जबकि धारा 370 के पोशक और समर्थक बेहोश थे। आज उसी का परिणाम है कि उस मानसिकता के तमाम नेता सर फोड़ते नजर आ रहे हैं जिसमें फारूक अब्दुल्ला, दिग्विजय सिंह, असदुद्दीन ओवैसी, गुलाम नबी आजाद, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और कपिल सिब्बल प्रमुख रूप से शामिल है जो कुछ वर्षों पहले तक धारा 370 और श्री राम मंदिर जैसे मुद्दों पर मुखर होकर उक्त कार्यों का निष्पादन असंभव मानते थे। सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जो ऐतिहासिक फैसले दिए गए हैं वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृढ़इच्छाशक्ति पर एक मुहर है और इस बात का प्रतीक है कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में लिए गए फैसले आम जनमानस के साथ देश हित में है।

# केसरिया पहुंचे नीतीश, दी करोड़ों की सौगात

एजेंसी



**पूर्वी चंपारण।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पूर्वी चंपारण के केसरिया को पर्यटकीय सुविधाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने 26.67 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री अपराह्न करीब 12:10 बजे केसरिया पहुंचे और एक बजे रवाना हो गए। 50 मिनट के कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 19.77 करोड़ से बनने वाले टूरिस्ट फैसिलिटी का शिलान्यास किया। 6.90 करोड़ की लागत से बने कैफेटेरिया का उद्घाटन किया। पर्यटकीय सुविधाओं के तहत यहां मुख्य संरचना के चारों ओर कुल आठ लघु प्रतिकृतियां विश्व शांति स्तूप, महाबोधि मंदिर, नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष, अशोक स्तंभ वैशाली, विक्रमशिला, गुरूपा बोध स्थल, बराबर की गुफा व सुजाता स्तूप का निर्माण किया जाना है। इसके निर्माण से पर्यटकों को बौद्ध वास्तुकला की संपूर्ण झलक और पर्यटकों को यहां आने के लिए प्रेरित करेगा। स्तूप जैसी आकृति के अंदर 45 सीटों वाले सभागार का निर्माण प्रस्तावित है। इसमें उत्तम दर्जे के ऑडियो-विजुअल सिस्टम होगा। इस संरचना में भगवान बुद्ध से संबंधित लघु वृतचित्र व प्रदर्शनी दिखाए जाने के लिए, एक प्रदर्शनी हॉल का प्रावधान किया गया है। योजना के तहत परिसर की आंतरिक सड़क, पार्किंग स्थल व परिसर के सौन्दर्यीकरण किए जाने का प्रावधान है। उद्घाटन व शिलान्यास के बाद सीएम ने बौद्ध स्तूप का भ्रमण किया। इस दौरान पहुंचे बौद्ध धर्म के अनुयायियों द्वारा प्रार्थना का आयोजन किया गया। इसके पूर्व सीएम ने कैफेटेरिया के उद्घाटन के बाद सभी हॉल व कमरों का निरीक्षण किया। सीएम अपराह्न 1 बजे रवाना हो गए।

### ये भी थे मौजूद

सीएम नीतीश के साथ मंत्री विजय चौधरी, मद्यनिषेध उत्पाद व निबंधन मंत्री सुनील कुमार, विधि मंत्री शमीम अहमद, केसरिया विधायक शालिनी मिश्र, कल्याणपुर विधायक मनोज यादव, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र राम, एमएलसी खालिद अनवर आदि थे। चम्पारण रेंज के डीआईजी जयंतकांत, डीएम सौरभ जोरवाल व एसपी कांतेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कैफेटेरिया व स्तूप के चारों ओर पुलिस का पहरा था।

## ऑटो पर ट्रक पलटने से एक गर्भवती महिला तथा उसके चार वर्षीय बेटी की मौत

एजेंसी

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया में सोमवार को ऑटो पर ट्रक पलट जाने से एक ही परिवार के दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दो सुरक्षित बच गए है। यह दुर्घटना पूर्णिया सदर थाना क्षेत्र के गुलाब बाग जीरो माइल पर घटी है। संध्या काल में हुए इस घटना में ऑटो सवार एक ही परिवार की एक गर्भवती महिला और उसकी 4 वर्षीय बेटी की दर्दनाक मौत हुई है। मृतक महिला की बहन और दूसरी बेटी सुरक्षित है। इस घटना के संबंध में ऑटो पर सवार शगुफ्ता नामक महिला ने बताया कि वो लोग डगरुआ से सिकंदरपुर के लिए ऑटो से रवाना हुई थी। ऑटो में शगुफ्ता की बड़ी बहन गर्भवती शाइस्ता और उनकी दो बच्ची सवार थी। जैसे ही ऑटो पूर्णिया जीरोमाइल पहुंची गोलंबर पार करने के दौरान पटवा से लदा एक ट्रक उनके ऑटो पर पलट गया। हादसे के वक्त शगुफ्ता ऑटो के किनारे में बैठी थी। वो छोटी बच्ची 3 वर्षीय अलीशा को पकड़ कर कूद गई। जिससे उनकी जान बच गई। जबकि बड़ी बहन शाइस्ता और उसकी बेटी 4 वर्षीय शायरा की ऑटो के अंदर ही दब जाने से मौत हो गई। घटना के बाद जीरो माइल पर अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत कर ट्रक के अंदर दबी मां बेटी को किसी तरह बाहर निकाला और आनन फानन में पूर्णिया मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि की। इधर घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित परिवार का पूरा गांव मेडिकल कॉलेज में उमर पड़ा।

## मोतिहारी पुलिस ने 127 चोरी व गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर वास्तविक धारको को लौटाया

एजेंसी



**मोतिहारी।** जिला पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत 127 लोगों के चेहरे पर खुशियां लौटाई है। पुलिस ने चोरी या गुम हुए 127 मोबाइल फोन जिसकी कीमत 25 लाख 40 हजार बताई जा रही है,उसे ढूंढ कर उसके वास्तविक स्वामी को सौंप दिया है। जिसमे वकील, पत्रकार, बैंक स्टाफ, छात्र व गृहणी सहित कई अन्य तबके के लोग शामिल हैं। सोमवार को एसपी कांतेश कुमार मिश्र एवं एएसपी श्रीराज ने पुलिस सभागार कक्ष में समारोह पूर्ण माहौल के बीच उक्त मोबाइल धारकों को लौटाए है। बरामद मोबाइल में सबसे अधिक मुफस्सिल एवं हरसिद्धि थाना क्षेत्र से 12-12 मोबाइल फोन पुलिस ने ढूंढे है। मौके पर बताया गया है कि मोतिहारी पुलिस ने अब तक 6 चरण में चोरी या गुम हुए 607 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सौंपा है, जिसकी कुल कीमत एक करोड़ 25 लाख 40 हजार रुपये बताई जा रही है। एसपी ने कहा है कि मोतिहारी पुलिस की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी। पुलिस टीम में टेक्निकल सेल के इंस्पेक्टर अभिनव दुबे, मुकेश कुमार, मनीष कुमार आदि शामिल थे। जिनके प्रयास का प्रतिफल रहा कि अब तक 600 से अधिक लोग मोबाइल फोन पाए हैं। पुलिस कप्तान ने बताया है कि मोबाइल ढूंढने में बेहतर काम करने वाले पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## बिहार में हैवान बना पति, गर्भवती पत्नी को जिंदा जलाया

एजेंसी



**सुपौल।** जमुई जिले के बरहट थाना क्षेत्र के डाढा गांव में मंगलवार को आग से बुरी तरह झुलसने से एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। आरोप है कि सनकी पति, उसके माता-पिता ने गर्भवती महिला को किरासन तेल छिड़क कर जिंदा जला दिया। बुरी तरह झुलसी महिला को स्थानीय ग्रामीणों एवं पुलिस के सहयोग से सदर अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान डाढा गांव के सुदामापुर 2 नंबर वार्ड निवासी रंजीत साह की पत्नी राधा देवी (27) के रूप में की गई। उसका मायके झारखंड के गिरिडीह में है। वही घटना के बाद ससुराल वाले घर से फरार हो गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मृतका की सास उर्मिला देवी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। घटना के बाद पुलिस ने महिला के घर से किरासन तेल की बोतल और माचिस बरामद की है। घटना की बारे में राधा के जीजा केदार साह तेतरिया निवासी ने बताया की घटना के दो दिन पहले उसके पति इलाज कराने अपनी गर्भवती पत्नी को जमुई के एक निजी क्लीनिक ले गया था। जहां अल्ट्रासाउंड में फिर से बेटी होने की बात कही गई थी। पेट में बेटी होने की जानकारी मिलते ही उसके पति व सास ससुर ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। राधा ने सारी बात अपनी बहन को फोन से बताई थी। केदार साह ने बताया कि सोमवार की रात खाना बनाने को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा हुआ था। जिसके बाद मंगलवार की सुबह पति रंजीत साह, सास और ससुर ने किरासन तेल छिड़क कर उसे जिंदा जला दिया।

## बिहार में अपराधियों के हौसले बुलंद, नीतीश सरकार में दलित सुरक्षित नहीं

एजेंसी

**पटन।** बिहार भाजपा ने नीतीश सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। पूर्व मंत्री जनक राम और रामप्रीत पासवान ने आरोप लगाते हुए कहा है कि बिहार में अपराधियों का हौसला बुलंद है। इस कारण दलित समाज अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। मंगलवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान मुख्य प्रवक्ता जनक राम ने कहा कि रोहतास के दिनारा में एक दलित महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया। आठ दिसंबर को दुष्कर्म की घटना हुई लेकिन एफआईआर तब दर्ज हुई जब भाजपा की टीम के आने की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि एफआईआर में भी दुष्कर्म की जगह दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया गया। दलित महिला के साथ अत्याचार हो रहा है और प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। इससे यह साफ है कि यह सरकार महिला विरोधी है। वहीं पूर्व मंत्री रामप्रीत पासवान ने कहा कि आम लोगों में खासकर दलितों पर जिस तरह अत्याचार हो रहा है, उसके खिलाफ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। रामप्रीत पासवान ने आगे कहा कि सरकार की बात अधिकारी भी नहीं सुनते हैं। लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। प्रदेश में शराबबंदी फेल है। एक विवाह समारोह का जिक्र करते हुए कहा कि उस समारोह में अधिकतर लोग शराब सेवन किए हुए थे।

# कड़े मुकाबले में नीदरलैंड को 4-3 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा भारत

एजेंसी



**कुआलालंपुर।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच जूनियर विश्व कप मलेशिया 2023 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। रोमांचक क्वार्टर फाइनल में हॉफ टाइम तक 2-0 से पीछे चल रही भारतीय टीम ने धैर्य और चरित्र का शानदार प्रदर्शन करते हुए नीदरलैंड्स को 4-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले क्वार्टर की शुरूआत में टिमो बोअर्स (5) ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल कर नीदरलैंड्स को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में पेपिजन वैन डेर हेजडेन (16) ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर हॉफ टाइम तक अपनी टीम को 2-0 हो गई। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में बेहतरीन वापसी की। अरिजीत सिंह हुंदल की सहायता से आदित्य लालेज (34) ने गोल कर भारत का खाता खोला। इसके दो मिनट बाद अरायजीत ने पेनल्टी स्ट्रोक से गोल कर भारत को 2-2 से बहराबरी दिला दी। तीसरे क्वार्टर के अंत में ओलिवर हॉर्टेंसियस (44) ने गोल कर नीदरलैंड्स को 3-2 से आगे कर दिया। दस मिनट से भी कम समय शेष रहने पर, भारतीयों ने अपने खेल की गति बढ़ा दी और यह उपयोगी साबित हुआ क्योंकि सौरभ आनंद कुशवाह (52) ने एक शानदार रिबाउंड पर गोल कर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। मैच के 57वें मिनट में कप्तान उत्तम सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 4-3 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। 14 दिसंबर को सेमीफाइनल मुकाबले में भारत का सामना जर्मनी से होगा।

## न्यूजीलैंड टीम ने पाकिस्तान को 131 रनों से हराया



**क्वीन्सटाउन।** न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बेट्स 108 रनों की शतकीय पारी और बेजुइडेनहाउट 86 रन, केर 83 रन, डिवाइन 70 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान को पहले एकदिवसीय मुकाबले 131 रनों हरा कर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाजों सुजी बेट्स और बनार्डाइन बेजुइडेनहाउट ने पहले पावरप्ले में 51 रन बनाकर अच्छी शुरूआत की। बेजुइडेनहाउट ने 18वें ओवर में 50 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया, वहीं बेट्स ने 22वें ओवर में 57 गेंदों पर अपना अर्धशतक बनाया। अमेलिया केर ने बेट्स के साथ अच्छी बल्लेबाजी करते हुए रनों की गति को बढ़ाये रखा। बेट्स ने 38वें ओवर में चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। हालाँकि उन्हें अगले ओवर में उम्म-ए-हानी ने 108 के स्कोर पर आउट कर दिया। 44वें ओवर में डार चेहरे पर गेंद लगने के कारण चोटिल हो गई। न्यूजीलैंड में महिला एकदिवसीय मैच में यह पहली बार हुआ कि किसी टीम की शीर्ष चार बल्लेबाजों में से सभी ने 70 रन या उससे अधिक रन बनाए है। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवर में चार विकेट पर 365 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

# आईपीएल 2024 नीलामी में 333 क्रिकेटर, 214 भारतीय व 119 विदेशी खिलाड़ी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 प्लेयर ऑक्शन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी सूची जारी कर दी है। 19 दिसंबर, 2023 को दुबई में होने वाले नीलामी में 333 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है। 333 खिलाड़ियों में से 214 भारतीय और 119 विदेशी खिलाड़ी हैं जिनमें से 2 खिलाड़ी एसोसिएट देशों से हैं। कुल कैप्ड खिलाड़ी 116 हैं, अनकैप्ड खिलाड़ी 215 हैं और 2 एसोसिएट देशों से हैं। अब अधिकतम 77 स्लॉट उपलब्ध हैं और 30 तक विदेशी खिलाड़ियों के लिए स्लॉट हैं। 2 करोड़ रुपये उच्चतम आरक्षित मूल्य है, जिसमें 23 खिलाड़ियों ने उच्चतम ब्रैकेट में जगह बनाई है। नीलामी सूची में 13 खिलाड़ी हैं जिनका बेस प्राइस 1.5 करोड़ रुपये है। नीलामी की शुरूआत कैप्ड खिलाड़ियों से होगी, शुरूआत बल्लेबाजों से होगी, इसके बाद सूचीबद्ध क्रम में ऑलराउंडर, विकेटकीपर, तेज गेंदबाज और स्पिनर होंगे। यही क्रम अनकैप्ड खिलाड़ियों के लिए भी अपनाया जाएगा। कैप्ड बल्लेबाजों वाले पहले सेट में इंग्लैंड के हैरी ब्रूक भी शामिल हैं, जो पिछली नीलामी में सबसे महंगे खरीदे गए पांच खिलाड़ियों में से तीन में शामिल थे। तीन टीमों द्वारा उनके लिए आक्रामक तरीके से खेलने के बाद, अंततः सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें 13.25 करोड़ रुपये में अनुबंधित किया। हालांकि उन्होंने 11 पारियों में केवल 190 रन बनाए, जिनमें से एक शतक था, बाद में उन्हें रिलीज कर दिया गया। पिछले सीजन के उपविजेता गुजरात टाइटन्स 38.15 करोड़ रुपये के सबसे बड़े पर्स के साथ नीलामी में आ रहे हैं - जिसमें से 15 करोड़ नकद सौदे के माध्यम से आए हैं, जिसके कारण उनके कप्तान हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस में चले गए। इसके बाद उन्होंने पिछले सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी शुभमन गिल को नया कप्तान बनाया है। दूसरे और तीसरे सबसे बड़े पर्स के साथ सनराइजर्स हैदराबाद (34 करोड़) और कोलकाता नाइट राइडर्स (32.7 करोड़) आएंगे। नीलामी, जो पहली बार विदेश में आयोजित की जा रही है, दोपहर 2.30 बजे (स्थानीय 1 बजे) शुरू होगी। इस कार्यक्रम में पहली बार लाइव दर्शक भी शामिल होंगे।

खबर एक नजर में

## कोर्ट फी टिकट की किल्लत से अदालती कार्रवाई में हो रही आमजनों को परेशानी

**दुमका।** कोर्ट फी टिकट की किल्लत से दुमका जैसे पिछड़े इलाके के आमजन, गरीब-गुरबा लोगों को जहां अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। वहीं टिकट के अभाव में वादों में अदालती कार्रवाई और निष्पादन में भी काफी विलंब हो रहा है। जिससे गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोगो को खासी परेशानी हो रही है। लोग नकल निकालने समेत अन्य अदालती कार्यों में दोहरे खर्च का वहन करने को मजबूर है। इसके बाद अधिवताओं का फीस और दूर-दराज से आने-जाने का अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ रहा है। उपराजधानी दुमका के लोग संथाल परगना के अन्य जिले देवघर, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज से टिकट मूल्य से एक से दो रुपये अधिक देकर कोर्ट फी टिकट अधिवक्ता मंगवा कार्य करने को विवश है। वहीं दुमका में उसी टिकट का डबल मूल्य चुकता करना पड़ रहा है। गौरतलब हो कि अदालती कार्यों को लेकर कोर्ट फी के रूप में 1 रुपये, 5 रुपये, 10 रुपये एवं 20 रुपये के टिकट समेत 20, 50, 100 और 500 रुपये का नन ज्यूडिशियल टिकट का इस्तेमाल होता है। बीते 4 से 5 माह से दुमका में 1 रुपये, 5 रुपये एवं 10 रुपये का टिकट उपलब्ध नहीं है। वहीं 20 रुपये का भी कई दिनों से उपलब्ध नहीं है। कोर्ट फी टिकट नहीं होने से खास तौर पर लोगो को सिविल कोर्ट के वादों से संबंधित रिजेक्शन ऑडर, एफआईआर समेत अन्य कागजातों का न्यायालय द्वारा सर्टिफाइड कॉपी निकालने में परेशानी और अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। नकल निकालने के लिए कोर्ट फी टिकट 10 रुपये के जगह 20 रुपये के टिकट लग जाते है। जिसका वेल्यू 10 रुपये ही नकल खाना में दिया जाता है। कमोबेश यही स्थिति नन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर का भी ऑनलाइन स्टाप लेने पर लोगो को 50 रुपये के जगह 80 रुपये भुगतान करना पड़ता है। उपरोक्त सभी प्रकार के टिकट जिला प्रशासन से मान्यता प्राप्त भेंडर से मिलता है। भेंडर को बजापते जिला प्रशासन से लाइसेंस निर्गत होता है। भेंडर को इन सभी प्रकार के टिकट ट्रेजरी से उपलब्ध होता है। सूत्रों की माने तो ट्रेजरी ऑफिसर्स एवं स्टाम्प भेंडर के मिली भगत से कमीशन के खेल को लेकर होता है। कमीशन को लेकर जिसमें अधिक कमीशन मिलता है। वही टिकट निर्गत होता है। जिससे आमजन को काफी शारिरिक एवं आर्थिक रूप अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है।

## बेगूसराय में हथियार के बल पर जमीन कब्जा करने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार



**बेगूसराय।** बिहार एसटीएफ एवं बेगूसराय पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम के संयुक्त कार्रवाई में हथियार के बल पर जमीन कब्जा करने वाली तीन अपराधियों को बलिया थाना क्षेत्र के सतीचौरा के समीप से हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद सभी अपराधियों को जेल भेज दिया गया है। यह जानकारी सोमवार की शाम आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी योगेन्द्र कुमार ने दी। एसपी ने बताया कि सूचना मिली थी कि बलिया थाना में कुछ अपराधी बड़ी घटना को अंजाम देने के चक्कर में हैं। गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ एवं बलिया थाना की पुलिस ने छापेमारी कर बलिया थाना क्षेत्र के पहाड़पुर दियारा निवासी सहसराम साह एवं ब्रजेश कुमार तथा शाम्हो थाना क्षेत्र के निवासी कुख्यात अपराधी बलराम चौधरी को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि मार्च में जेल से निकले इस तीनों अपराधी की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी। एसटीएफ एवं बिहार पुलिस पीछे पड़ी हुई थी। कल जानकारी में मिली कि तीनों अपराधी एक बोलेरो से किसी बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। इसके बाद बलिया डीएसपी विनय कुमार राय के नेतृत्व में बनी टीम ने घेराबंदी के कर सतीचौरा चौक के समीप से गिरफ्तार किया। तलाशी में दो पिस्तौल, 28 गोली, एक विंडोलिया एवं एक मोबाइल बरामद किया गया है। बलराम चौधरी कुख्यात अपराधी है, इस पर छह मामले दर्ज हैं। बृजेश एवं सहस्त्रनाम पर भी मामला दर्ज है। यह लोग पहाड़पुर दियारा क्षेत्र में हथियार के बल पर जमीन जोतते और फसल काटते थे। हथियार कहां से आया है, उसका भी पता चल गया है। बेल कैंसिल कराया जाएगा। इन लोगों की गिरफ्तारी नहीं होती तो हत्या या कोई बड़ी वारदात को अंजाम देते। इसके साथ ही बीते दिनों बलिया बाजार में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच हुए हिंसक झड़प के मामले में भी एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी बलिया उपर टोला निवासी मनटुन पोद्दार है। प्रेसवार्ता में बलिया डीएसपी विनय कुमार राय, थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सिंह एवं एसटीएफ की टीम मौजूद थी।

## आईसीसी ने लिया बांग्लादेश-न्यूजीलैंड दूसरे टेस्ट की पिच पर एक्शन



**मीरपुर।** बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच की मेजबानी करने वाले मीरपुर की पिच को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने असंतोषजनक करार देते हुए एक डिमेरिट अंक दिया है। आईसीसी मैच रेफरी डेविड बून ने अपने आकलन में कहा कि 'पिच शायद पूरी तरह से तैयार नहीं हुई थी' और स्पिनरों की गेंद कभी बल्लेबाजों के कंधे के ऊपर से निकली तो कभी गेंद काफी नीचे रही। न्यूजीलैंड की टीम ने ग्लेन फिलिप्स के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत यह मैच चार विकेट से जीतकर दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर की थी। मैच के दूसरा दिन पूरी तरह से बारिश की भेंट चढ़ गया था। तीसरे दिन का खेल भी बारिश से प्रभावित रहा था। इस मैच का नतीजा 178.1 ओवर के खेल में ही निकल गया। यह मीरपुर का सबसे कम ओवर वाला टेस्ट मैच साबित हुआ जहां इस दौरान 36 विकेट गिरे। यह रिपोर्ट बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को भेज दी गई है, जिसके पास अब प्रतिबंध के खिलाफ अपील करने के लिए 14 दिन का समय है। न्यूजीलैंड को दूसरा टेस्ट जीतने के लिए 137 रन का लक्ष्य मिला था लेकिन टीम 69 रन तक छह विकेट गंवाकर मुश्किल में थी। पहली पारी में 72 गेंद में 87 रन बनाकर टीम को मुश्किल से उबारने वाले फिलिप्स ने संकटमोचक की भूमिका निभाते हुए 48 गेंद में नाबाद 40 रन बनाए। उन्होंने सैंटनर के साथ सातवें विकेट के लिए 70 रन की अटूट साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित की। सैंटनर ने 39 गेंद में तीन चौके और एक छक्का की मदद से नाबाद 35 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए मेहदी हसन ने दूसरी पारी में 52 रन देकर तीन जबकि ताइजुल इस्लाम ने 58 रन देकर दो विकेट लिये। शरीफुल इस्लाम को एक सफलता मिली। बांग्लादेश ने पहली पारी में 172 जबकि न्यूजीलैंड ने 180 रन बनाये थे। बांग्लादेश ने पहला मैच 150 रन से जीता था और उसके पास न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार टेस्ट सीरीज जीतकर इतिहास रचने का मौका था लेकिन टीम ने दूसरी पारी में लचर बल्लेबाजी से यह मौका गंवा दिया।

## बीजेपी का अपना स्टैंड, हम बिहार में शराबबंदी नहीं रहने देंगे, सम्राट चौधरी को जीतनराम मांझी का जवाब

बिहार में शराबबंदी को लेकर विपक्ष लगातार नीतीश सरकार पर हमलावर रहती है। बीजेपी के कई बड़े नेता राज्य में शराबबंदी के फेल होने का दावा कर चुके हैं। हालांकि बीजेपी ने कभी भी राज्य में शराबबंदी को हटाने की मांग नहीं की है। बिहार बीजेपी अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने साफ कह दिया है कि उनकी पार्टी शराबबंदी हटाने के पक्ष में नहीं है। वहीं बिहार एनडीए के घटक दल हम प्रमुख जीतनराम मांझी ने सप्ताह भर पहले दावा करते हुए कहा था कि राज्य में हमारी सरकार बनी तो शराबबंदी को खत्म कर दिया जाएगा। शराबबंदी पर बीजेपी का बयान सामने आने के बाद अब जीतनराम मांझी ने कहा है कि भाजपा का अपना स्टैन्ड है, लेकिन हम बिहार में शराबबंदी नहीं रहने देंगे।